माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -26, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 16
माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 15

'डबल इंजन' सरकार ने निवेशकों के अनुकूल बनाया माहौल

- प्रधानमंत्री ने यूपी व योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को सबक लेने का दिया संदेश
- बोले, आपने जितना कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर बढ़ रहा

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतिक्षित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। यहां उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को यहां से सबक लेने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने 'लालफीताशाही' को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए 'लाल कालीन' बिछायें हैं।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी उतना सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने खासकर इस बात को इंगित किया कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक पूरे विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग इस राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा इस दौरान उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन व मुख्यमंत्री योगी।

रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

- रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी देखी

प्रदर्शनी में एक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' शब्दावली से की।

जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।

एक नजर

बुजुर्गों की देखभाल को आयोग का स्थिति पत्र

नई दिल्ली। नीति आयोग ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल में सुधार पर एक स्थिति पत्र जारी किया है जिसमें उनके सम्मान, गरिमा और प्रतिष्ठापूर्ण जीवन पर जोर दिया गया है। नीति आयोग ने सोमवार को यहां बताया कि भारत में नागरिकों की देखभाल में सुधार करना : वरिष्ठ नागरिक देखभाल प्रतिमान की कल्पना शीर्षक से एक स्थिति पत्र जारी किया गया है। इस स्थिति पत्र को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद के. पॉल, सीईओ बी वी आर सुब्रमण्यम और सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव सौरभ गर्ग की उपस्थिति में जारी किया गया।

आईआईएम के 3 परिसरों का आज होगा लोकार्पण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को जम्मू, बोधगया और विशाखापत्तनम में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के परिसरों का उद्घाटन करेंगे और 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें आईआईटी भिलाई, आईआईटी तिरूपति, आईआईटी जम्मू, आईआईआईटीडीएम कांचीपुरम, कानपुर में आईआईएस और उत्तराखंड के देवप्रयाग एवं त्रिपुरा के अगरतला में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के दो परिसर शामिल हैं।

एमएसपी की कानूनी गारंटी पर अड़े किसान

हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

चंडीगढ़, एजेंसी

- केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद लेंगे निर्णय

सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे, लेकिन उन्होंने तय किया है कि वे फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग से भी पीछे नहीं हटेंगे। एमएसपी पर किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति के बीच रविवार को बैठक हुई थी जिसके बाद केंद्र की ओर से किसान नेताओं को एमएसपी पर दालों व कपास की खरीद के लिए प्रस्ताव दिए गए थे।

'दिल्ली चलो' अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर डटे हुए हैं। शंभू सीमा पर संवाददाताओं से किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे। कहा कि किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। किसान नेताओं से बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि एनसीसीएफ और नेफेड जैसी सहकारी समितियां उन किसानों के साथ एक समझौता करेंगी जो तुअर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल या मक्का के खेती करते हैं ताकि उनकी फसल अगले पांच वर्षों के लिए एमएसपी पर खरीदी जा सके। फसल खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल भी तैयार किया जाएगा। गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया कि भारतीय कपास निगम पांच साल तक एमएसपी पर किसानों से कपास खरीदेगा।

मांग न पूरी हुई तो 21 से दिल्ली चलो मार्च

किसान नेताओं ने कहा कि वे सोमवार और मंगलवार को सरकार के प्रस्ताव को लेकर चर्चा करेंगे और उसके बाद आगे का फैसला लेंगे। पंधेर ने अन्य मांगों के समाधान की उम्मीद भी जताई थी और कहा था कि 'दिल्ली चलो' मार्च फिलहाल रुका हुआ है, लेकिन अगर सभी मुद्दे नहीं सुलझे तो 21 फरवरी को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगा। गोयल ने रेखांकित किया कि किसानों की अन्य मांगें नीति-आधारित हैं और गहन चर्चा के बिना समाधान संभव नहीं है।

ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केजरीवाल को ईडी ने छठी बार समन भेजा है। केजरीवाल द्वारा इस मामले से संबंधित कई समन को नजरअंदाज करने पर जांच एजेंसी ने शहर की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

सपा ने 11 और सीटों पर उम्मीदवार उतारे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को उप्र से 11 और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। इस सूची में दो नाम ऐसे हैं जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए। सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी बनाया है। मुजफ्फरनगर, रालोद के प्रभाव वाली सीटों में से एक है। ऐसे में अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते जुदा हैं। हरेंद्र मलिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों का बड़ा नेता माना जाता है। मलिक अल्पसंख्यक समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं।

लोकसभा चुनाव

- मुख्तार के भाई अफजाल की गाजीपुर से उम्मीदवारी बनी चर्चा
- नीरज मौर्य आंवला, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप लड़ेंगे चुनाव

अफजाल अंसारी के गाजीपुर से सपा के सिंबल पर लड़ने की चर्चा पहले से ही थी। हाल ही में अखिलेश ने उन्हें टिकट देने के संकेत दे दिए थे। संवादाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा था कि आप जैसा सोच रहे हैं वैसा ही है। साल 2016 में अफजाल की पार्टी कौमी एकता दल के सपा में विलय को लेकर ही अखिलेश नाराज हुए थे और अखिलेश का शिवपाल से पहली बार मनमुटाव भी शुरू हुआ था। अफजाल ने उस वक्त पत्रकारों से कौमी एकता दल के सपा में विलय का फैसला रद करने के लिए अखिलेश यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। सपा की लोकसभा उम्मीदवारों की इस दूसरी सूची में पीडीए की झलक भी दिख रही है। सूची में कई चेहरे पुराने हैं। गाजीपुर और मुजफ्फरनगर के अलावा सपा ने आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची में 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे।

चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी सत्ता का दुरुपयोग

मुंबई। बम्बई उच्च न्यायालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर तथा उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को 'सत्ता का दुरुपयोग' करार देते हुए कहा कि कोचर दंपती की गिरफ्तारी 'बिना सोचे समझे' और कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एनआर. बोरकर की खंडपीठ ने छह फरवरी को कोचर की गिरफ्तारी को अवैध ठहराया था और जनवरी 2023 में एक अन्य पीठ द्वारा उन्हें जमानत देने के अंतरिम आदेश की पुष्टि की थी।

यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल : मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।

प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।

कल्किधाम

- प्रधानमंत्री ने संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में किया कल्कि धाम का शिलान्यास
- मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी

मोदी ने विकास के रोडमैप की ली जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदेश में औद्योगिक समेत विभिन्न सेक्टर्स में जारी विकास की बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि भी मौजूद रहे।

पीएम ने ऑल्ट स्वानटेक्स के टेक्सटाइल्स पवेलियन में जाकर ऐपरल व लेदर तकनीक से संबंधित स्लाइड्स देखी और चमड़ा व वस्त्रोद्योग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। ईटीएच एआई सेंटर में देश व उत्तर प्रदेश में एआई के बढ़ते परिदृश्य के बारे में जानकारी ली। एआई के बड़े हब के रूप में उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। ऐसे में लखनऊ में भी एआई सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स सेक्शन के स्टॉल भी लगे थे, जिसमें अडवांस इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स आर्म तथा ड्राइड रोबोट की जानकारी लेने आमजन भी पहुंचे।

डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका का हुआ प्रदर्शन

डिफेंस सेक्टर से संबंधित लगे पवेलियन में भी पीएम ने जानकारी ली। यहां पर डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका आदि को भी प्रदर्शित किया गया था। डिफेंस सेक्टर का मुख्य आकर्षण एडवांस बुलेट प्रूफ मिलिट्री व्हीकल रहा। जिसके वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शनी में शोकेस किया गया था।

26 को योगी करेंगे एम्यूनिशन फैसिलिटी का उद्घाटन

डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत क्रियान्वित हुई परियोजनाओं में में खासतौर पर साउथ एशिया के सबसे बड़े एम्यूनिशन फैसिलिटी के बारे में जानकारी देते हुए अडाणी डिफेंस व एरोस्पेस के सीनियर मैनेजर, बिजनेस डपलपमेंट वरुण दुग्गल ने कहा कि 26 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन होगा। इस फैसिलिटी में 400 राउंड प्रति मिनट (छोटा कैलिबर) की एम्यूनिशन का उत्पादन हो सकेगा।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के निवेश प्रस्तावों के प्रस्तुतिकरण को देखते प्रधानमंत्री मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य। अमृत विचार

लखनऊ आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी। अमृत विचार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में अन्य। अमृत विचार

प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुनते अतिथि। अमृत विचार

सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उद्यमी। अमृत विचार

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग के किनारे बनाए गए मंच पर लोक नृत्य टेढ़िया की प्रस्तुति देते प्रयागराज के कलाकार। अमृत विचार

देश का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा यूपी: योगी

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को दी सुरक्षित निवेश की गारंटी, कहा- सुरक्षा, सुशासन और विकास प्रदेश की पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ रिमोट दबाकर भूमिपूजन के मेगा शो में खासे उत्साहित नजर आए। योगी ने उद्यमियों को सुरक्षित निवेश की गांरटी देते हुए कहा कि उप्र अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। भारत का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा है।– यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है, न मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को जीबीसी-4 में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि

पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी: मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वाराणसी से हल्दिया तक यूपी पूर्वी बंदरगाह से जलमार्ग से जुड़ चुका है। उत्तर प्रदेश ने इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी का भी गठन किया है। ईज ऑफ बिजनेस और लीड्स रैंकिंग में हम अचीवर स्टेट हैं। यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है। न मैन पावर की कमी है और न विल पावर का अभाव है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि हर निवेशक यहां आना चाहता है। इसमें हर एक व्यक्ति की जवाबदेही है और पारदर्शिता है। हर निवेशक का सम्मान करता है। अब तो लोग कहने लग गए हैं कि सुरक्षित निवेश यानि उत्तर प्रदेश। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, शासन और प्रशासन के अधिकारी, प्रतिष्ठित निवेशक और उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा

योगी ने कहा कि वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्क्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि इन शब्दों को आत्मसात कर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 से अबतक हुए इन्वेस्टर्स समिट और जीबीसी की चर्चा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं आगे बढ़ीं।

▸▸ यूपी में लैंड भी पर्याप्त, बिजली भी भरपूर, मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव

धरातल पर उतारने का उत्सव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10–12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। जीबीसी 4 में न केवल औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी बल्कि प्रदेश के 34 लाख से अधिक युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध करने का अद्भुत अवसर होगा।

चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

अमृत विचार, लखनऊ: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से लेकर प्रस्थान तक इंदिरागांधी प्रतिष्ठान और आसपास का एरिया छावनी में तब्दील नजर आया। पुलिस महकमे के आला अफसर और पुलिसकर्मी पूरे इलाके में मुस्तैद रहे। हर आने जाने वाले पर उनकी कड़ी नजर रही।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रधानमंत्री को शामिल होना था। इसके चलते उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस महकमा ने पहले से ही खाका खींच दिया था। 13 पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में करीब 33 सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी थी। रविवार सुबह से ही पुलिस कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात नजर आये। इसके अलावा पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर, जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि, जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल, सभी डीसीपी व एडीसीपी भी कार्यक्रम स्थल व आसपास लगातार मातहतों को निर्देशित करते रहे।

पहले उद्योगपति से मिलने पर राजनेता की छवि होती थी खराब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4-0 के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था, जब जनप्रतिनिधियों व उद्योगपतियों की मुलाकात को बड़े संदेहास्पद दृष्टि से देखा जाता था। किसी भी जनप्रतिनिधि का उद्योगपतियों से मिलना राजनैतिक खतरे की घंटी से कम नहीं माना जाता था। माना जाता था कि राजनेता व उद्योगपतियों का गठजोड़ राष्ट्र के विकास के लिए अच्छा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने साफ नीयत से इस धारणा को पहले गुजरात में फिर देश में बदल कर विकसित भारत की नींव रखी है।

श्री सिंह ने कहा कि राजनेता और उद्योगपति साफ नीयत के साथ मिलकर काम करें तो राष्ट्र प्रगति करेगा। जब प्रधानमंत्री जी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, तबसे यह देश देख रहा है कि किस प्रकार उद्योगपतियों के साथ मिलकर गुजरात में वे बदलाव की ऐसी बयार लेकर आए हैं, जिसकी सुगंध भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में दूर-दूर तक फैली है। देश के अनेक राज्यों के साथ ही गैर भाजपा शासित राज्य भी विकास के गुजरात मॉडल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आपने उद्योगपतियों व राजनेताओं के बीच के संबंध को संकल्प व राजनीतिक शुचिता के माध्यम से देश के विकास की अनिवार्य शर्त बना दिया है। प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है।

▸▸ रक्षा मंत्री ने कहा-मोदी ने बदली तस्वीर, अब राजनेता और उद्योगपति मिलकर कर रहे देश का विकास

मोदी को तीसरी ही नहीं चौथी बार भी पीएम बनने का जताया विश्वास

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना के साथ प्रगति कर रहा है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो खुद को अकेला नहीं पाता हो या किसी क्षेत्र में खुद को पीछे छूटा मानता हो। दस वर्ष में आपने भारत के विकास भवन की जो मजबूत नींव रखी है, उससे जनता को पूर्ण विश्वास है कि आपके तीसरे व चौथे कार्यकाल तक इस विकास भवन का शिखर आसमां की बुलंदियों को छुएगा।

प्रदेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं योगी

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उप्र आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है। योगी आदित्यनाथ ने सात वर्षों में प्रदेश में इंवेस्टमेंट फ्रेंडली इनवायरमेंट क्रिएट करने की दिशा में जो प्रयास किए हैं, उसकी परिणीति है कि आज प्रदेश में यह जीबीसी हो रही है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। यह जीसीबी निवेश लाने की दिशा में पॉथ ब्रेकिंग सेरेमनी साबित होगी।

स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव: भूपेंद्र

अमृत विचार, लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में 10 लाख करोड़ से ज़्यादा की 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतारी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्यमशीलता, स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव है।

कहा कि इसके माध्यम से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के भव्य आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 33.50 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन भी सुनिश्चित करेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावी शासकीय सुधारों, बेहतर कानून-व्यवस्था, प्रगतिशील नीतियों से चालित औद्योगिक विकास पर बल देते हुए अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड, बुनियादी ढांचे, विकास के एजेंडे को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है, जिसमें हवाई अड्डे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल, औद्योगिक गलियारे, औद्योगिक पार्क आदि शामिल हैं।

उन्होंने कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए अनुबंधों को धरातल पर उतारकर हमने यह साबित भी किया है कि हम केवल वादा करने वाले दल नहीं हैं,भाजपा जो कहती है वो करती है।

उद्यम प्रदेश के साथ योगी को औद्योगिकरण के महागुरु का भी तमगा

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: किसी योगी के अपने तपोबल से महायोगी बनने की तमाम कहानियां है, मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तम से उद्यम का माहौल बनाकर औद्योगीकरण के महागुरु होने की उपाधि पर हासिल कर ली। अवसर था ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन कर देश-दुनिया को यूपी का दम बता रहे थे। वे योगी की क्षमता के इतने कायल हो उठे कि महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरू बनने की क्षमता का सर्टिफिकेट देने से नहीं चुके।

यही फरवरी महीना था, जब पिछले साल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कर्मयोगी की उपाधि दी, लेकिन मुख्यमंत्री की तारीफ में खामोश रहे। अच्छे अभिभावक का यही बड़ा गुण होता है कि परीक्षा की तैयारी में मेहनत के बजाय परिणाम आने पर गौरवान्वित महसूस करता है।

ऐसा ही दृश्य सजीव हुआ प्रधानमंत्री को संबोधन के लिए छोटे-बड़े उद्योगपतियों के लिए बने खास स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर हाल में। मुख्यमंत्री के चेहरे पर प्रदेश को उद्यम प्रदेश की पहचान दिलाने की रात-दिन तैयारी के बाद सोमवार को परीक्षा देने की थकान जरूर थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने जब उनकी एक साल ही नहीं, बल्कि सात साल की मेहनत के परिणाम सुनाने शुरू किए तो एक परीक्षार्थी की तरह मुख्यमंत्री योगी आगे की चुनौतियों के लिए और दृढ़ प्रतिज्ञ दिख रहे थे। हाल में तालियों की गड़गड़ाहट उनका जोश बढ़ा रही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक-एक शब्द योगी की कर्मनिष्ठता की मिशाल दे रहा था। राजनीति के जानकार कहते हैं कि यह पहली बार था, जब मोदी ने योगी की इतनी जबरदस्त तारीफ तथ्यों के साथ किसी मंच से की हो।

शुरूआत में ही मोदी बोले कि 'मैं योगी जी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दल से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए।'

मोदी ने इससे आगे देश में भाजपा शासित अपने मुख्यमंत्रियों समेत औरों को भी सलाह दे दी कि देश के अन्य राज्यों को निवेश कैसे धरातल पर उतरते हैं, इसे लेकर उत्तर प्रदेश से सीखना चाहिए। साफ है कि योगी को औद्योगिकरण का महागुरू बनने का प्रधानमंत्री की ओर से यह पहला सर्टिफिकेट यूं ही नहीं मिला है। खुद मोदी अन्य राज्यों को चैलेंज देते है कि आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा।

▸▸ योगी में महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरु बनने की क्षमता

▸▸ 14,619 परियोजनाओं का एक साथ भूमि पूजन कर यूपी ने दिखाया दम

योगी की सात साल की परीक्षा का यह भी रहा परिणाम

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सात साल की सरकार की परीक्षा का परिणाम सुनाया। इसमें पहले का दृश्य गिनाया कि कैसे चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी होती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं। बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में न केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। तब की सरकारों की सोच थी कि देश के नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ। उन्हें हर मूलभूत सुविधा के लिए तरसा के रखो।

ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है यूपी: नंदी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

लखनऊ: प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जीसीबी 4.0 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री समेत समस्त अतिथियों, आगंतुकों व निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं।

प्रदेश की यह चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का स्वर्णिम आयोजन भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुनहरा बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास की यात्रा की गाड़ी को दोगुनी रफ्तार प्रदान कर रहे हैं। एक पहिया विकास का है तो दूसरा विरासत का। अभी 22 जनवरी को पूरी दुनिया ने भारतीय संस्कृति के उत्थान का महापर्व देखा है और आज 19 फरवरी को औद्योगिक प्रगति का महाकुंभ संपन्न हो रहा है। नंदी ने कहा कि उद्योग की स्थापना व निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता होती है विश्वसनीयता। जब कथनी व करनी एक हो, तभी निवेशकों का भरोसा अर्जित किया जा सकता है।

▸▸ सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास को दे रहे दोगुनी रफ्तार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, उप कुलाधिपति डॉ. लता अग्रवाल और हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित जायसवाल। अमृत विचार

एयरपोर्ट पर रहा चार्टर्ड विमानों का जमावड़ा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए आए देश के दिग्गज उद्यमियों के चार्टर्ड विमानों का चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जमावड़ा रहा। इसके अलावा सैकड़ों उद्यमी साधारण उड़ानें से एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यहां बनाए गये वीवीआईपी लाउंज में सुबह का नाश्ता करने के बाद कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। इस दौरान उद्यमियों ने सांस्कृतिक पंडालों के पास रुककर उनका आनंद उठाया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुतबिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शामिल होने के लिए अपने चार्टर्ड विमान से यहां पहुंचने वालों में अड़ानी ग्रुप के करन अडानी, हिंदुजा समूह के प्रकाश हिंदुजा, रविकांत जयपुरिया, जीन मेहता, अनिल सिंह, माधव कृष्ण सिंघानिया, युसूफ अली शामिल है। जबकि सामान्य उड़ानां से आने वालों में हल्दीराम ग्रुप के संजय सिंघानियां, बीकानेर ग्रुप के सुरेश कुमार गोयल व भांगुर सीमेंट गुरप के एचएन भांगुर सहित सैकड़ों उद्यमी शामिल है। वहीं चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आगमन हाल के बाहर दो सांस्कृतिक पंडाल लगाए गये थे। एयरपोर्ट से निकलते ही इन उद्यमियों ने सांस्कृतिक पड़ाल के पास रूककर अपना मनोरंजन करने के साथ ही कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जबकि तीसरा एयरपोर्ट महानिदेशालय के सामने व चौथा एयरपोर्ट से शहीद पथ को जोड़ने वाले फ्लावर पर तथा पांचवां शहीदों की मूर्ति के सामने है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में ऊर्जा विभाग में आया सबसे अधिक निवेश

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में शुरू हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में ऊर्जा विभाग में सर्वाधिक निवेश आया है। ऊर्जा व नवीकरणीय ऊर्जा विभाग सर्वाधिक 22.50 प्रतिशत के निवेश के साथ प्रदेश में पहले पायदान पर है। अधिकारियों के मुताबिक, 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं में से ऊर्जा विभाग के 61,942 करोड़ रुपये की कुल नौ परियोजनाएं शामिल हैं। अक्षय ऊर्जा-नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी यूपीनेडा की 182 परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। ये परियोजनाएं 1.30 लाख करोड़ रुपये से अधिक की हैं। बुंदेलखंड में अक्षय ऊर्जा से संबंधित 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं हैं। इससे बिजली उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश न सिर्फ आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि 'पावर सरप्लस स्टेट' भी बनने की राह में आगे बढ़ेगा। प्रदेश अक्षय ऊर्जा का हब बनेगा, साथ ही, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना भी बढ़ी है।

छह बायोगैस प्लांट की होगी शुरुआत रोजाना मिलेगी 200 टन सीएनजी

जीबीसी: बुलंदशहर, मेरठ समेत आधा दर्जन जिलों में शुरू होंगे गैस प्लांट, बढ़ेगा रोजगार

पदमाकर पांडेय, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 (जीबीसी)में पहले दिन सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बुलंद बायोगैस कंपनी के छह बायोगैस प्लांट का उद्घाटन किया गया। लगभग 21 करोड़ रुपये के निवेश से विभिन्न शहरों में स्थापित होने वाले इन प्लांटों से रोजाना 200 टन सीएनसी गैस प्रदेश को मिलेगी। इंडियन ऑयल से लाइसेंस मिल चुका है, गैस का वितरण भी इंडियन ऑयल कंपनी द्वारा ही किया जायेगा। साथ ही, इसकी सहयोगी भारत जैविक कंपनी उप्र में अपने 37 प्रोजेक्ट स्थापित करने जा रही है।

बुलंदशहर की बुलंद बायो गैस के चेयरमैन अतहर महमूद ने बताया कि विभिन्न शहरों में अलग-अलग उत्पादन क्षमता के गैस प्लांट बन रहे हैं। बुलंदशहर के ग्राम लौहगला तहसील में गैस प्लांट निर्माणाधीन है, बुलंद बायो गैस प्लांट में अप्रैल माह में उत्पादन शुरू हो जाएगा। इससे रोजाना तीन टन सीएनजी का उत्पादन होगा, जिससे प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी। वहीं, 80 से 100 लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसके अलावा कुशल और अकुशल दोनों तरह के लोगों को भी रोजगार मिलेगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दौरान बुलंद बायो गैस के चेयरमैन अतहर महमूद, साथ में तीशा कटियार, अभिनव अग्रवाल व अन्य। अमृत विचार

जैविक खाद बनेगी: कंपनी के अभिनव अग्रवाल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में बड़ी मात्रा में जैविक खाद का उत्पादन होगा। कंप्रेस्ड गैस के उत्पादन में जो वेस्ट निकलेगा वो 100 फीसदी जैविक होगा। यह वेस्ट सॉलिड और लिक्विड, दोनों ही फार्म में होगा। कंपनी द्वारा लिक्विड जैविक खाद तीन साल तक किसानों को मुफ्त दी जायेगी, किसानों का चयन जिलाधिकारी या मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा। इससे किसानों को फर्टिलाइजर, डीएपी, यूरिया नहीं खरीदनी पड़ेगी।

शुरू होने वाले गैस प्लांट
- बुलंद बायो गैस (बुलंदशहर)
- सुल्तान बायो एनर्जी (रामपुर)
- एफ बी जे (अमरोहा)
- बायोग्रीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (मेरठ)
- प्रिमिटिव बायो एनर्जी एलएलपी (बुलन्दशहर)
- नगीना बायो एनर्जी (बिजनौर)

पराली ही नहीं, गन्ने की खुईया का भी होगा निस्तारण : गैस उत्पादन के लिए उपयोगी सामग्री की उपलब्धता के संबंध में भारत जैविक की तीशा कटारिया ने बताया कि प्लांट में सिर्फ पराली ही नहीं, बल्कि पुआल, गोबर, भूसा, गन्ने की मैली, म्युनिसिपल वेस्ट जैसे डिग्रेडेबल वेस्ट से कंप्रेस्ड बायोगैस या कहें कि सभी गैसों का मिश्रण बनता है। इसको अत्याधुनिक तकनीक से सीएनजी को प्यूरीफाई किया जाता है।

कलाकारों ने लोकनृत्यों से मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने आए मेहमानों के स्वागत के लिए राजधानी लखनऊ ने पलक पांवड़े बिछा दिए। एयरपोर्ट से लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक जगह-जगह लोक संस्कृति का जलवा बिखरता दिखाई दिया। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने विभिन्न क्षेत्रों के लोकनृत्यों के जरिए ऐसा माहौल बनाया कि जिसने भी देखा, वह बस देखता ही रह गया।

एयरपोर्ट के बाहर बने सांस्कृतिक मंच पर झांसी के निशांत सिंह भदौरिया का दल राई नृत्य करता नजर आया तो मथुरा के खजान सिंह के निर्देशन में कलाकार बमरसिया लोकनृत्य करते दिखाई दिए। गाजीपुर के सल्टूराम के दल ने धोबिया नृत्य प्रस्तुत किया तो मथुरा की जागृति पाल मयूर लोकनृत्य का आकर्षण बिखेरती नजर आईं। लखनऊ की मानसी बिष्ट ने उत्तराखंड के लोकनृत्यों का जादू बिखेरा।

देश के विभिन्न हिस्सों से आए उद्योगपतियों का कारवां एयरपोर्ट से रवाना हुआ तो रास्ते में जगह-जगह तरह-तरह के लोकनृत्यों का आकर्षण बिखरता नजर आया। एयरपोर्ट से शहीद पथ को जोड़ने वाले फ्लाईओवर के पास बने मंच पर आजमगढ़ के सतीश कुमार का दल कहरवा लोकनृत्य का जादू बिखेर रहा था। एक मंच पर अयोध्या के शीतला प्रसाद वर्मा का दल फरुवाही लोकनृत्य प्रस्तुत कर रहा था। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के गेट पर फरुवाही नृत्य के साथ-साथ मयूर लोकनृत्य और राई लोकनृत्य का आकर्षण देखने के लायक था। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कलाकार कहीं अवधी लोकनृत्य प्रस्तुत कर रहे थे तो कहीं थारु लोकनृत्य का आकर्षण बिखर रहा था। बमरसिया और टेढ़ीया लोकनृत्य भी लोग पसंद कर रहे थे। कलाकारों ने जनजाति लोकनृत्य, दिवारी और पाईडंडा लोकनृत्य, झूमर, सिंघा आदिवासी नृत्य और कहरवा नृत्य भी प्रस्तुत किया जा रहा था। मनभावन वेशभूषा में विभिन्न वाद्य यंत्रों की संगत में कलाकारों ने न सिर्फ मेहमानों का बल्कि लखनऊ के नागरिकों का भी दिल जीत लिया।

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग के किनारे बनाए गए मंच पर कहरवा करमा लोक नृत्य की प्रस्तुति देते अवध क्षेत्र के कलाकार। अमृत विचार

जीबीसी में आने वाले अतिथियों का स्वागत करने के लिए इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग के किनारे बनाए गए मंच पर लोक नृत्य की प्रस्तुति देते सोनभद्र के कलाकार। अमृत विचार

22,000 करोड़ से पूरी होंगी आवासीय जरूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने निवेश के मामले में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान सोमवार को एलडीए ने रियल एस्टेट सेक्टर में करीब 22,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। अकेले आवास विभाग ने कुल 65,000 करोड़ रुपये का निवेश कराया है। इसमें से एक तिहाई हिस्सा एलडीए का है। देश की नामी कंपनियों ने एलडीए की योजनाओं में रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश किया है। इनमें अधिकांश टाउनशिप और ग्रुप हाउसिंग स्कीम शामिल हैं। इसके अलावा लगभग एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

ओमैक्स लिमिटेड लगभग 1,800 करोड़ रुपये के छह प्रोजेक्ट और अंश डेवलपर प्रालि. लगभग 1,500 करोड़ रुपये के पांच बड़े आवासीय प्रोजेक्ट शुरू करेगा। गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में 495 करोड़ से टाउनशिप, 343 करोड़ से व्यावसायिक बिजनेस सेंटर और अपार्टमेंट विकसित की जाएगी। इसके अलावा 206 करोड़ से शालीमार गैलेंट, 165 करोड़ से आवासीय प्रोजेक्ट और 144 करोड़ से क्राउन के नाम से आवासीय प्रोजेक्ट शुरू होंगे। ओरो इन्फ्रा डेवलपर लगभग 550 करोड़ रुपये निवेश करेगी। 440 करोड़ रुपये से सुशांत गोल्फ सिटी सुल्तानपुर रोड पर 408 फ्लैट का अपार्टमेंट बनाएगा।

कंपनी	निवेश (करोड़ रु.)
ओमैक्स लिमिटेड	1,800
अंश डेवलपर	1,500
रिशिता डेवलपर	897
हमसफर डीलर प्रालि.	750
ओरो इन्फ्रा	550
एमआईबी होम्स	650
अमरावती होम्स	300

जीबीसी-4.0 परियोजनाओं का क्षेत्रीय वितरण



योगी के रात्रिभोज में शामिल हुए निवेशक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उद्योगपतियों को मुख्यमंत्री ने आवास पर किया आमंत्रित
- आगन्तुकों ने लिया संगीत का आनंद, मंत्री भी हुए शामिल

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर रात्रिभोज का आयोजन किया। इसमें कई नामचीन उद्योगपति, निवेशक व मंत्रीगण शामिल हुए। जीबीसी 4.0 के अवसर पर यह निवेशक प्रदेश की राजधानी लखनऊ आए हुए हैं। इस दौरान आगन्तुकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद उठाया।

रात्रिभोज में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल गुप्ता नन्दी, डॉ. संजय निषाद, एके शर्मा, स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, दयाशंकर सिंह, निवेशक नीरव अम्बानी, युसुफ अली, जलज धानी, जेबी पार्क, सुजैन एलिजाबेथ, फ़िल्म निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर, धीरज हिन्दुजा, जीनल मेहता, शराफुद्दीन सर्राफ, सतनाम संधू, डॉ. नरेश त्रेहान, निरंजन हीरानन्दानी, रवि जयपुरिया समेत लगभग 200 से अधिक आगन्तुक शामिल हुए।

सरकारी आवास पर आयोजित रात्रिभोज के दौरान निवेशकों व उद्यमियों के साथ भोजन करते मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

आसपास के मार्गों से आने-जाने वालों पर रही कड़ी नजर

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरागांधी प्रतिष्ठान के आसपास के सभी रास्तों पर जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहे। इन रास्तों से आवाजाही करने वाले सभी लोगों पर उनकी कड़ी नजर रही। इस दौरान संदिग्ध और भीड़ के रूप में आते दिखे लोगों को रोक कर पुलिसकर्मी पूछताछ करते नजर आये। वहीं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये। इनके वाहनों को खड़ा करने के लिये पुलिस महकमा ने बेहतर व्यवस्था की थी। इसके चलते पार्किंग के अलावा वाहनों की संख्या अधिक होने पर कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों के दोनों ओर किनारे खड़े कराये गये। इससे जाम की स्थिति नहीं बनी।

प्रमुख मार्गों पर लगा रहा जाम, रेंगते रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री के आगमन पर रहा रूट डायवर्जन

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। उनके आगमन को लेकर लोहिया पथ व शहीद पथ समेत कई मार्गों पर डायवर्जन लागू रहा। इससे शहर के अन्य स्थानों पर जाम ने वाहन चालकों को परेशान कर दिया। सुबह से ही पक्का पुल, खदरा, डालीगंज व अन्य जगह जाम की स्थिति दिखी।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस कर्मियों ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तरफ आने वाले रास्तों पर किसी भी वाहन चालक को रुकने नहीं दिया। प्रमुख रास्तों पर डायवर्जन के चलते कई इलाकों में जाम की स्थिति बनी रही। प्रधानमंत्री के आने से पहले ही ट्रैफिक पुलिस जाम से निपटने के लिए तैयारी कर चुकी थी। डायवर्ट मार्ग विजयीपुर, आईजीपी चौराहा, पिकअप, लोहिया पार्क चौराहा, ओवर ब्रिज, लोहिया विंग, हाईकोर्ट मोड़ समेत अन्य मार्गों पर बैरिकेडिंग लगी थी। इससे आईजीपी से विजयीपुर जाने वाली सड़क पर वाहनों का जमावड़ा रहा।

मंत्री आवास, किसान बाजार, मधुरिमा कट की तरफ वाहन रेंगते दिखे। हाईकोर्ट से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल से पॉलीटेक्निक जाने वाले मार्ग पर कई बार जाम की स्थिति बनी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पीएम के जाते ही सड़कों पर गाड़ियों का काफिला उमड़ पड़ा। इस दौरान 1090 चौराहे पर एकाएक चारों तरफ से गाड़ियों की लंबी लाइनें लग गईं। ट्रैफिक पुलिस ने मोर्चा संभाला और मशक्कत से जाम खुलवा कर वाहनों की आवाजाही शुरू करायी। इस दौरान चारबाग में भी जाम की स्थिति दिखी। इसके अलावा सपा कार्यालय से दिलकुशा, पिपराघाट पुल तक जाम की स्थिति रही। यहां राजभवन के सामने प्रदर्शनी लगी थी, इससे चालकों को थोड़ी परेशानी हुई।

रूट डायवर्जन के कारण लोहिया पथ पर लगे जाम में फंसे वाहन चालक। अमृत विचार

जाम में जूझते दिखे लोग

रविवार रात से ही कानपुर हाईवे पर निर्माण कार्य के चलते दोनों तरफ जाम में लोग जूझते नजर आए। सोमवार शाम को जब पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम समाप्त हुआ, तब तक दफ्तरों में भी छुट्टी हो चुकी थी। पीएम के जाते ही ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मी बेपरवाह दिखे। इससे अहिमामऊ से शहीद पथ को जोड़ने वाली सड़क पर जाम की स्थिति बनी दिखी। गोमतीनगर की गलियों में भी वाहन चालक फंसे दिए। निशातगंज से बालू अड्डा जाने वाले भैंसाकुंड मार्ग पर भी जाम की स्थिति रही। वहीं, सुबह घंटाघर के पास रील बनाने के दौरान भीड़ जुटने से यातायात प्रभावित रहा।



एक नजर

संघ एक पाठशाला, जहां होता है स्वयं सेवकों का जन्म

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सोमवार को पूरब भाग के दीनदयाल नगर के तिलक शाखा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रचार प्रमुख विनोद सिंह बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शाखा एक पाठशाला है जहां से राष्ट्रीय स्वयं सेवकों का जन्म होता है। शाखा में राष्ट्र के कार्य करने के लिए अच्छे कार्यकर्ता का निर्माण किया जाता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को नियमित शाखा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्वयं सेवकों के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराएं गईं।

शिवाजी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता

अमृत विचार, लखनऊ : शिवाजी महाराज के जन्मदिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सोमवार सुबह परिसर स्थित शिवाजी महाराज की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि शिवाजी के शौर्य व पराक्रम से ओतप्रोत जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके बाद खेल मैदान में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, चीफ प्रॉक्टर, डीएसडब्ल्यू, डायरेक्टर सांस्कृतिक एवं सीपीसी सहित कई लोग मौजूद थे।

राजकीय जुबिली कॉलेज में सोमवार को प्रश्नपत्रों के बंडल केन्द्रों के लिए रवाना करते जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार।

कॉलेज में स्थापित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में तैयारी परखते अधिकारी। अमृत विचार

118 केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा में भेजे गए प्रश्नपत्र

राजधानी में जेल सहित कुल 134 केन्द्रों पर 22 फरवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

- 16 केन्द्रों पर आज भेजे जायेंगे प्रश्नपत्र
- स्टैटिक मजिस्ट्रेट के हवाले डबल लॉक अलमारी में रखे प्रश्नपत्रों की सुरक्षा

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए राजधानी में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार को कड़ी सुरक्षा में केन्द्रों पर जिला विद्यालय निरीक्षक की मौजूदगी में प्रश्नपत्रों के बंडल भेजे गये। राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में देर शाम तक प्रश्नपत्रों के बंडलों का वितरण डीआईओएस राकेश कुमार की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रश्नपत्रों का वितरण सुबह 10 बजे से शुरू हो गया था जो कि देर शाम तक चला।

कुल 118 परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्र भेज दिए गये हैं। शेष 16 केन्द्रों पर मंगलवार को प्रश्नपत्र भेजे जायेंगे। डीआईओएस ने बताया कि इस बार राजधानी में जेल सहित कुल 134 परीक्षा केन्द्रो पर 22 फरवरी से 10वीं 12वीं की परीक्षा शुरू हो जायेगी। परीक्षा में 1 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनो परीक्षा के प्रश्नपत्र अलग-अलग वाहन से भेजे गये हैं। प्रत्येक वाहन में पेपर ले जाते समय एक-एक पुलिस कर्मी सहित शिक्षा विभाग का भी एक कर्मचारी मौजूद रहा।

ड्यूटी कटवाने के लिए आती रही दिनभर सिफारिश

परीक्षा केन्द्रों पर कक्षनिरीक्षक की ड्यूटी न करनी पड़े इसके लिए शिक्षक लगातार अपनी ड्यूटी कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में सोमवार को भी अधिकारियों के पास तमाम सिफारिशें आई हैं। दरअसल बोर्ड परीक्षा में कक्षनिरीक्षक की ड्यूटी के लिए माध्यमिक के साथ-साथ बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की भी ड्यूटी लगती है ऐसे में शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी करना उचित नहीं लग रहा है।

केन्द्रों पर डबल लॉक अलमारी में रखे गये प्रश्नपत्र : जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिन केन्द्रों पर प्रश्नपत्र भेज दिए गये हैं वहां स्ट्रांग रूम में रखी डबल लॉक अलमारी में प्रश्नपत्रों को रखा गया है। वहीं कमरे की चाबी अब स्टैटिक मजिस्ट्रेट के हवाले कर दी गई है। डीआईओएस ने बताया कि कमरे में सीसी टीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। किसी भी केन्द्र पर गड़बड़ी न होने पाये इसके लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक भी जिम्मेदारी तय की गई है।

परीक्षा केन्द्रों की बढ़ाई गई सुरक्षा : प्रश्नपत्र भेजे जाने के बाद परीक्षा केन्द्रों भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रत्येक केन्द्र के बाहर पुलिस गस्त जारी रहेगी वहीं दूसरी ओर केन्द्रों पर तैनात कर्मचारियों को भी अलर्ट किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रश्नपत्र के बंडलों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहीं पर भी लापरवाही सामने आई तो तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

वहीं सभी परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी के लिए जुबिली इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम पर सभी कम्प्यूटर एक्शन मोड में हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इसी कंट्रोल रूम से केन्द्रों की आनलाइन मॉनीटरिंग की जायेगी। उन्होंने बताया किस इस संबंध में सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को भी सख्त चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिए गये हैं कि केन्द्र पर सीसी टीवी कैमरा चलते रहना चाहिए।

बदलाव कर बेहतर बनाएं शैक्षणिक वातावरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंत्री ने चेक किया कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर
- छात्र-छात्राओं को 100 प्रतिशत प्लेस्टमेंट दिलवाने की कही बात

अमृत विचार : प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने राजकीय पॉलीटेक्निक का औचक निरीक्षण कर कार्य संस्कृति में बदलाव कर शैक्षिणक वातावरण बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संस्थान में 100 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट दिलवाया जाए।

सोमवार को वह अचानक राजकीय पॉलीटेक्निक पहुंचे। निरीक्षण कर कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। कर्मियों के आने जाने का समय देखा और फीड बैक लिया। प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी संस्थान में समय से आएं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। इसके बाद प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य को बेहतर सुविधाओं से लैस करने के साथ भवन की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कहा पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें और 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दिलवाएं।

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य संस्कृति में बदलाव कर शैक्षिणक वातावरण को बेहतर बनाएं। समय से शैक्षणिक कार्य एवं अन्य गतिविधियां संचालित करें।

शिक्षक अभ्यर्थियों ने निदेशालय का किया घेराव

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी विद्यालयों में हुई 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के सापेक्ष 6800 शिक्षक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने सोमवार को बेसिक शिक्षा निदेशालय का घेराव किया। निशातगंज स्थित निदेशालय पर घेराव के दौरान अभ्यर्थियों ने शिक्षा महानिदेशक को पत्र सौंपते हुए मांग की कि उनका नियुक्ति पत्र जारी किया जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने करीब 1 साल तक आंदोलन किया, जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल को अपने आवास पर मिलने बुलाया और उनकी समस्याएं सुनकर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण करते हुए उन्हें तत्काल नियुक्ति पत्र देने का आदेश दिया। जिसके अनुपालन में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा 5 जनवरी 2022 को 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण नियुक्ति नहीं हो सकी थी। कोर्ट के आदेश के अनुसार आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए लेकिन कोर्ट के आदेश के छह महीने पूरे होने के बाद भी विभाग ने कोई भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई है।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

अति–अल्पकालिक ई–निविदा संख्या 10/वि0पा0ख0–प्र0 (ल0)/2023–24, अति–अल्पकालिक ई–निविदा संख्या 10–वि0पा0 ख0 (प्र0) ल0/2023–24, के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र मार्टिनपुरवा पर स्थापित यार्ड के विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के ठेर को बराबर करना एवं उपकेन्द्र पर नये लान का निर्माण एवं उससे सम्बन्धित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र एवं धरोहर राशि 4000.00, दिनॉक 26.02.2024 को 12:00 बजे तक ई–टेन्डरिंग वेब साईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। भाग–1 खुलने की तिथि 26.02.2024, समय 13:30 बजे, भाग–2 (प्राइस पार्ट्स) खुलने की तिथि तदानुसार ई–वेबसाईट पर सूचित की जायेगी। निविदा प्रपत्र मूल्य 590.00 मात्र (500.00 + G.S.T. / 18% अतिरिक्त) कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्ते ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें। **कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, कमरा सं0 115–120, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–II, निकट मन्त्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ–226010 (उ0प्र0) 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' पत्रांकः 215/वि.पा. ख0(प्र0)ल0/ई–निविदा दिनांकः 17.02.2024**

विज्ञान चेतना हेल्पलाइन करेगी परीक्षार्थियों की मदद

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जेडी माध्यमिक लखनऊ मंडल कार्यालय में स्थापित हुई हेल्पलाइन

अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए विज्ञान चेतना हेल्पलाइन सेवा काफी मददगार साबित होगी। खासकर विज्ञान और गणित जैसे अहम विषयों के छात्रों को अपने सवालों के आसानी से जवाब मिलेंगे।

इस हेल्पलाइन की स्थापना जेडी माध्यमिक लखनऊ मंडल के कार्यालय में की गई है। हेल्पलाइन सेवा पर 10वीं व 12वीं के परीक्षार्थी सोमवार को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक बात कर सकेंगे।

विशेषज्ञों की टीम करेगी सवालों का समाधान : हेल्पलाइन सेवा पर जेडी माध्यमिक के निर्देश पर विषयवार वरिष्ठ शिक्षकों की टीम समाधान करेगी। छात्र विज्ञान चेतना हेल्पलाइन नंबर 9415664679 पर कॉल कर अपने मुख्य विषय भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान ,जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी में शंका समाधान व अच्छे अंक प्राप्त करने के सुझाव प्राप्त करने के लिए कॉल कर सकते हैं।

"चेतना हेल्पलाइन का मुख्य उद्देश्य यू पी बोर्ड के परीक्षार्थियों को भयमुक्त बनाकर अपनी की गई तैयारियों को आसानी से रिकॉल करते हुए विज्ञान वर्ग के मुख्य विषयों में अच्छे अंकित अर्जित करना है।

–डॉ. दिनेश कुमार, मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी

ये विशेषज्ञ परीक्षार्थियों की राह करेंगे आसान

- रसायन विज्ञान में डॉ. दिनेश कुमार और डॉ. श्वेता श्रीवास्तव
- भौतिक विज्ञान में डॉ.अरविन्द कुमार वर्मा
- जीव विज्ञान में दीप्ति विश्वकर्मा प्रवक्ता
- गणित में पवन कुमार तिवारी
- अंग्रेजी में वन्दना तिवारी

आसान पेपर देख छात्र छात्राओं के खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोमवार को परीक्षार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही

अमृत विचार : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं की परीक्षायें जारी हैं। इसी क्रम में सोमवार को अहम विषयों की परीक्षाएं शुरू हो गई। परीक्षा देकर निकले छात्रों ने बताया कि आज का प्रश्न पत्र आसान था, जिसकी वजह से उन्होंने सभी प्रश्नों को नियत समय से पहले ही हल कर लिया। राजधानी में 38 केन्द्रों पर 40 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। सोमवार को परीक्षार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। वहीं किसी भी केन्द्र पर सचल दलों को गड़बड़ी नही मिली।

इस बारे में जानकारी देते हुए सीबीएसई जिला कोआर्डिनेटर डॉ. जावेद आलम ने बताया कि सीबीएसई 10वीं की परीक्षा अपने निर्धारित समय सुबह 10:30 पर शुरू हुई और डेढ़ बजे समाप्त हुई। वहीं सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 10वीं की परीक्षा के तर्ज पर एक ही समय में शुरू हुई। कोआर्डिनेटर ने बताया कि सभी केन्द्रों पर ऑनलाइन मॉनीटरिंग हुई, सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी होती रही। सोमवार को 10वीं के छात्रों ने संस्कृत और 12वीं के छात्रों ने हिन्दी इलेक्टिव और हिन्दी कोर विषय की परीक्षा दी।

केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि रेगुलर पढ़ने वालों के लिए प्रश्न पत्र काफी आसान रहा। कई सवाल ऐसे थे जिन्हें हल करने में काफी आसानी हुई। परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा अपने निर्धारित समय से शुरू हो गई थी। कुछ सवाल ऐसे थे जो कठिन लगे लेकिन बाद में उनकों भी हल कर लिया गया। छात्रों ने कहा कि परीक्षा के लिए निर्धारित समय के अंत तक सभी प्रश्नों को हल कर लिया गया।

आज इन विषयों की परीक्षा

20 फरवरी को 10वीं के छात्रों की उर्दू कोर्स ए, बंगाली, तमिल, तेलगू, मराठी, गुजराती, मणिपुरी फ्रेंच और उर्दू कोर्स बी विषय की परीक्षा होगी। वहीं 12वीं के छात्र फूड प्रोडक्शन, ऑफिस प्रॉसीजर्स एण्ड प्रैक्टिस, डिजाइन एवं इलेक्ट्रानिक एण्ड हार्डवेयर विषय की परीक्षा होगी। 10वीं में 20,040 एवं 12वीं में 20,050 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

छात्रवृत्ति समस्या दूर करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ : छात्रवृत्ति समस्या को दूर करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान समस्या के निदान के लिए कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। लविवि इकाई के मंत्री जतिन शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय के तीन हजार से अधिक छात्रों की छात्रवृत्ति पंजीकरण पत्रांक इस्टीट्यूट स्तर पर लंबित है। प्रशासनिक लापरवाही के कारण छात्रों के फार्म विश्वविद्यालय स्तर से आगे बढ़ाए नहीं गए हैं। कहा कि छात्रवृत्ति समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलसचिव से छात्रवृत्ति की समस्या के निराकरण के लिए बातचीत करते एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

सीधा संवाद कर शांत की छात्राओं की जिज्ञासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नवयुग कन्या महाविद्यालय में परियोजना निर्माण व शोध प्रविधि/तकनीकी पर आयोजित हुआ व्याख्यान

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. किरण डंगवाल ने छात्राओं से सीधा संवाद किया। उनकी शोध से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने कहा कि शोध परियोजना की सफलता शोध लक्ष्यों तथा संभाव्यता विश्लेषण पर निर्भर करती है। अतः इनका चयन सावधानी पूर्वक किया जाना चाहिए।

डॉ. किरण डंगवाल नवयुग कन्या महाविद्यालय की रिसर्च एवं डेवलमेंट सेल द्वारा परियोजना निर्माण तथा शोधप्रविधि/तकनीकी विषय पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने परियोजना के कार्य में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों की छात्राओं को जानकारी दी। पर्यवेक्षक द्वारा पालन किए जाने वाले नैतिक सिद्धांतों तथा दिशा निर्देशों के बारे में भी जानकारी दी।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अनेक मौलिक तथा सार्थक परिवर्तन किए गए हैं। इसमें से एक स्नातक स्तर से छात्रों को शोध से परिचित कराना है। जिसके अध्ययन से विद्यार्थी नवाचार व रचनात्मकता के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में प्रो. अर्चना सिन्हा, प्रो. रशीदा खातून, प्रो. सुषमा त्रिवेदी, डा. श्वेता उपाध्याय, डॉ. अपर्णा राय के साथ शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद थी।

लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. किरण डंगवाल को स्मृति चिह्न प्रदान करतीं नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजूला। अमृत विचार

शेपिंग टुमॉरोज वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस 2024 का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : बीएन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने गर्व से कम्प्यूटिंग फॉर सस्टेनेबल इनोवेशन शेपिंग टुमॉरोज वर्ल्ड का आयोजन किया। इस दो दिन के कार्यक्रम में कल्पनाशील, शोधकर्ता, और उद्योग को एक साथ लाने का प्रयास किया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने मंच पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सतत कम्प्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता को साझा किया। सम्मेलन की शुरुआत अध्यक्ष महेश सिंह पटेल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। उद्घाटन भाषण महानिदेशक, प्रोफेसर डॉ. उपमा मिश्रा की ओर से दिया गया। प्रोफेसर (डॉ.) दीपक असरानी, सम्मेलन संयोजक ने सम्मेलन के अवलोकन और सम्मेलन पुस्तक कार्यवाही पर एक संक्षिप्त बात की। उनके बाद प्रोफेसर (डॉ.) वी के सिंह पूर्व कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर ने मुख्य भाषण दिया। सम्मेलन में चार प्रभावशाली तकनीकी सत्र शामिल थे।

आयोजन नाटक शरशैय्या का प्रायश्चित में भीष्म ने कहा सैनिक को सवाल का अधिकार नहीं

महाभारत पर आधारित नाटक का हुआ मंचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक संस्था अनादि द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाट्य समारोह सोमवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में शुरू हुआ। समारोह के पहले दिन निर्मला सिंह द्वारा लिखित और मुन्नी देवी द्वारा निर्देशित नाटक शरशैय्या का प्रायश्चित का मंचन किया गया। यह नाटक महाभारत पर आधारित है।

महाभारत का युद्ध समाप्त होने के बाद भीष्म पितामाह शरशैय्या पर लेटे थे। इच्छा मृत्यु के वरदान के कारण मृत्यु उनके वश में थी। सूर्य उत्तरायण में आ चुका था। अक्षय तृतीया लगते ही उन्हें अपने प्राण छोड़ देने थे। सभी के मन में सवाल थे जो उनसे पूछने थे। विदुर की सलाह पर धृतराष्ट्र, गांधारी, पांच पांडव, द्रौपदी और कृष्ण उनके अंतिम दर्शन करने और उनसे सवाल करने पहुंचे।

संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

पहला सवाल द्रौपदी पूछती है। वह कहती है कि मुझे आपकी नारी सम्मान की बात पर भ्रम है। आप काशी नरेश की राजकुमारियों को बल पूर्वक उठाकर अपने राज्य में ले आये। आपने उन राजकुमारियों की इच्छा जानने की कोशिश भी नहीं की। भरी सभा में मेरा वस्त्र हरण किया गया लेकिन आप चुप बैठे रहे। द्रौपदी के सवाल पर कुंती कहती हैं कि भीष्म ने आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन किया। उन्होंने हस्तिनापुर की गद्दी की रक्षा का वचन दिया था। नारी जाति के स्वाभिमान की रक्षा का नहीं।

द्रौपदी कृष्ण से कहती है कि यदि आप चाहते तो युद्ध रुक सकता था। कृष्ण जवाब देते हैं कि सभी अपने कर्म से बंधे हैं और कर्मों का फल भोगते हैं। नाटक में संदीप देव, मनीष पाल, विशाल श्रीवास्तव, मुकुल चौहान, ज्योति सिंह परिहार, विनीता सिंह, राजकुमार यादव, यश राज, वैभव कश्यप, आशीष सिंह और मोनिका अग्रवाल ने अपने सशक्त अभिनय से नाटक को कामयाब बनाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

पहले मेरा नाम RAMU था अब मैने बदलकर अपना नाम RAMU GAUTAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MANIK RAM R/O: NEVARI DURAJPUR JAHAGIRGANJ, AMBEDKAR NAGAR

सूचना

सूचित किया जाता है कि मै कहकशा बानो पुत्री अब्दुल हफीज सिद्दीकी, निवासी– कहला,मलिहाबाद, मेरे पासपोर्ट जिसका नंबर N2686362 पर त्रुटिवश मेरा नाम KAHKASHAM BANO दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम KAHKASHA BANO है जो कि सभी दस्तावेजों में दर्ज है आज से मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैं **श्याम बदन गिरि पुत्र रमाकान्त गिरि, निवासी– ग्राम–परसौनी बुर्जुग, थाना–तराया सुजान, जिला–कुशीनगर**, मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अंकुश गिरि है। परन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश कुनाल व जन्मतिथि– 06.10.2007 दर्ज हो गयी थी। अंकुश गिरि व कुनाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे पुत्र के है यदि भविष्य में नाम व जन्मतिथि के संबंध में कोई बात होती है तो उसके लिए मै पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका सही नाम अंकुश गिरि व सही जन्मतिथि 06.10.2008 अंकित किया जाय।

सूचना

मैं **विरेन्द्र कुमार पुत्र कपिल देव महतो, निवासी– गहरू रोड, स्कूटर इण्डिया गेट नं–2 गौरी, सरोजनी नगर लखनऊ** एतद्वारा घोषणा करता हूँ कि मैने एक प्लाट क्षे0 822.800 वर्गफीट स्थित गाटा सं0–1009अ व 1009 ब ग्राम गहरू परगना बिजनौर, तह0 सरोजरनी नगर लखनऊ को जरिये बैनामा दिनांक 21–10–2009 को सन्दीप कुमार से क्रय किया था जो कि उपनिबन्धक कार्यालय लखनऊ में दिनांक 21–10–2009 को बही सं0 1 जिल्द सं0–5235 प्रष्ठ सं0– 243–280 कमांक 9790 पर दर्ज है। उक्त सम्पत्ति का मूल विक्रय पत्र जो कि मेरे बैग में था वह दिनांक 23.02.2010 को अमौसी के पास कानपुर रोड, लखनऊ में कही बैग गिर जाने के कारण खो गया था जिसकी सूचना मैने दिनांक 28/02/2010 को थाना सरोजनी नगर लखनऊ में दर्ज करायी थी।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र कवीन्द्र मोहन तिवारी, आर्मी नं.–JC543372F रैंक नायब सूबेदार के सैन्य अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम राधा कृष्ण पुजारी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम राधा कृष्ण है। अतः मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेखों में भी राधा कृष्ण दर्ज किया जाये। **–राधा कृष्ण, ग्राम–मरसोली, पोस्ट–शिलिग, जिला–पिथौरागढ़, 262501 उत्तराखण्ड**

सूचना

सूचित हो कि मै **श्रीमती सीमा पत्नी नन्हेंलाल, निवासी– शहवाजपुर, पो0– परीदपुर कट्टर परगना व तहसील बांगरमऊ, जनपद–उन्नाव**, मेरी पालिसी संख्या– 224457686 दिनांक 28–12–2011ई में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी नन्हें लाल अंकित है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम सीमा पत्नी नन्हें लाल है। शान्ती देवी व सीमा देवी पत्नी नन्हें लाल जोकि एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी पॉलिसी में मेरा नाम संशोधित कर सही नाम सीमा अंकित किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्वर्गीय लटूरी लाल के आधार कार्ड में जन्मतिथि 01–01–1966 लिखी है जो की गलत है। मेरी वास्तविक जन्मतिथि 1 जुलाई 1953 दर्ज की जाए जो कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड के मुताबिक सही है। **– श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्व. हवलदार लटूरी लाल, नगला भदई, पोस्ट ईशम पुर, तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज**

EXECUTIVE ENGINEER, DIVISION OFFICE, UP JAL NIGAM (RURAL), JALAUN
Email: eeoraldiv@gmail.com, Mob. No. 9473942726

Letter No. 371 / M-8 / 05 Dated: 17.02.2024

ई–निविदा सूचना

Online percentage rate e-tenders in Two bid system for **"Works for Shifting of Distribution and Rising Main Pipe line Along The proposed Expanded Road From Baragaon Bypass to Iklaspura Chauraha Village (Block Dakore)"** are hereby invited on behalf of the Chairman. U.P. Jal Nigam (Rural) from the reputed contractors having requisite work experience. Technical and financial capabilities. The bidders should submit their bids only if they consider themselves eligible and are in possession of all the requisite documents.

1 Date of Sale / Submission : 19/02/2024 from 15:00 Hrs to 24.02.2024 upto 15:00 Hrs.
2 Last date of Iquiries & Clarification on Tender document : 24.02.2024 upto 15:00 Hrs.
3 Date of opening of Technical bid : 24.02.2024 upto 17:00 Hrs.

Details of eligibility for the above tender are available on e-procurement Website **(https://etender.up.nic.in)**.

(AK. Gupta)
Executive Engineer

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- स्पोर्ट्स कॉलेज (कुर्सी रोड) में उत्तर प्रदेश पुलिस एथलीट मीट - 10:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में पद्म विभूषण गिरिजा देवी की स्मृति में पुष्पांजलि के तहत पं. हरि प्रसाद चौरसिया का बांसुरी वादन और मालिनी अवस्थी का गायन - 5.00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में अनादि नाट्य उत्सव के दूसरे दिन नाटक 'उधार का पति' का मंचन - 6.30 बजे।

ऐप से देखिए अब पार्किंग का रास्ता

नगर निगम की भूमिगत पार्किंग बनेंगी स्मार्ट, पता चल जाएगा जगह है या नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाजार में खरीदारी करने आए हों या किसी अन्य काम से और गाड़ी खड़ी करनी है तो अब परेशान न हों, एक क्लिक पर अपने नजदीकी क्षेत्र में पार्किंग की जानकारी मिल जाएगी।

पार्किंग में जगह खाली है या नहीं, यह भी पता लग जाएगा। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के लिए ऑनलाइन भुगतान करके एडवांस बुकिंग भी करा सकेंगे। नगर निगम का 311 ऐप आपको पार्किंग का रास्ता बताएगा। नगर निगम अपनी सभी पार्किंग स्मार्ट बनाने जा रहा है। इसके लिए नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शुरुआत तीन भूमिगत पार्किंग से की जाएगी। नगर निगम जल्दी ही इसके लिए टेंडर निकालेगा।

▸▸ ऑनलाइन भुगतान की मिलेगी सुविधा

▸▸ नगर निगम ने शुरू की तैयारी निकालेगा टेंडर

नगर निगम की राजधानी में आठ भूमिगत पार्किंग हैं। इनमें हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग स्मार्ट है। पार्कमेट नामक कंपनी इसका संचालन कर रही है। अब नगर निगम अपनी अन्य भूमिगत पार्किंग भी विकसित करने जा रहा है। पहले तीन पार्किंग को स्मार्ट बनाया जाना है। इनमें झंडी वाला पार्क, दया निधान पार्क और सरोजनी नायडू भूमिगत पार्किंग शामिल हैं। खास बात यह है कि सभी पार्किंग को स्मार्ट बनाए जाने के साथ ही उन्हें कमांड सेंटर से इंटीग्रेटेड भी किया जाएगा। जिससे यह देख सकेंगे किस पार्किंग में कितने समय कितने वाहन पार्क हैं।

> नगर निगम की पार्किंग स्मार्ट बनाने की तैयारी चल रही है। तीन भूमिगत पार्किंग को पहले विकसित किया जाएगा। यहां सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इन्हें इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से भी जोड़ा जाएगा। जल्द ही इसके लिए टेंडर निकाला जाएगा।
>
> -पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त

ये सुविधाएं की जाएंगी विकसित : नगर निगम की पार्किंग में सुविधाओं की कमी है। कई बेकार वाहन वर्षों से खड़े हैं। पार्किंग व्यवस्था को लेकर सवाल भी उठते हैं। पार्किंग में मुख्य रूप से स्पेस लोकेटर, आकर्षक लाइटिंग, निगरानी के लिए सीसीटीवी, फास्ट टैग, सफाई, सीटिंग व्यवस्था, टॉयलेट आदि इंतजाम किए जाएंगे। सुविधाएं विकसित होने से पार्किंग में आने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

फास्ट टैग से कट जाएगा पैसा

यदि आपकी गाड़ी में फास्ट टैग लगा है और नगर निगम की पार्किंग में वाहन पार्क करते हैं तो प्रवेश के समय पैसा नहीं कटेगा। जब आप पार्किंग से गाड़ी निकालेंगे उस समय अपने आप टाइमिंग के आधार पर फास्ट टैग से पैसा कट जाएगा। इससे ठेकेदारों की मनमानी वसूली पर रोक लगेगी। ठेकेदार पार्किंग में आने वाले वाहनों की संख्या नहीं छुपा सकेंगे। इससे नगर निगम को फायदा होगा।

सर्वर ठप होने से मरीजों को झेलनी पड़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जार्च चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) सहित शहर के सभी मेडिकल संस्थानों व अस्पतालों का सोमवार की सुबह करीब 10 बजे सर्वर ठप हो गया। इससे मरीजों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी। केजीएमयू में अलग-अलग जनपदों से आये मरीजों को जांच से लेकर बिलिंग काउंटर तक धक्के खाने पड़े। यह हाल तब था जब प्रधानमंत्री के लखनऊ दौरे को लेकर केजीएमयू सहित सभी मेडिकल संस्थान और अस्पताल अलर्ट मोड पर थे। काफी दे तक सर्वर न आने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। कई मरीजों की छुट्टियां तक नहीं हो पाईं। काफी देर बाद पता चला कि यह समस्या दिल्ली स्थित एनआईसी से हैं। इसके बाद वैकल्पिक तौर पर मैन्युली प्रक्रिया अपना कर मरीजों को राहत दिलाई गई। शाम करीब पांच बजे स्थिति सामान्य हो सकी।

क्वीनमेरी में कैश काउंटर पर सर्वर आने का इंतजार करतीं महिलाएं। अमृत विचार

▸▸ अस्पतालों व संस्थानों में परेशान होते रहे मरीज, वैकल्पिक तौर पर मैन्यूली सिस्टम लागू कर दिलाई गई राहत

खड़ी रहीं महिलाएं : सरकार ठप होने से शहर के क्वीनमेरी, अवंतीबाई और झालकारीबाई अस्पतालों में भी अव्यवस्था देखने को मिली। यहां जांच के लिए आईं कई गर्भवती महिलाएं भूंखी-प्यासी लाइन में खड़ी रहीं। जिन प्रसूताओं की छुट्टी होने थी। सर्वर डाउन होने से वह घर भी नहीं जा सकीं।

सर्वर डाउन होने से शहर के प्रमुख अस्पताल सिविल, बलरामपुर और लोकबंधु अस्पताल में भी मरीज पर्चा व जांच काउंटरों पर परेशान होते रहे। हालांकि, बाद में मैन्युली सिस्टम लागू कर राहत दिलाने का काम किया गया।

> दिल्ली स्थित एनआईसी के सॉफ्टवेयर में दिक्कत हुई है जिसकी वजह से केजीएमयू समेत अन्य चिकित्सा संस्थानों की ई हॉस्पिटल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। मरीजों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।
>
> -डॉ. रिचा खन्ना, आईटी सेल इंचार्ज, केजीएमयू

एक नजर

अलीगंज में कल से दो दिन प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज में बुधवार से दो दिन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। अलीगंज जोन 3 जलकल के जलाशय के सप्लाई वाल्व में खराबी है। इसे बदलने के दौरान जोन 3 के कई इलाकों में जलापूर्ति कम दबाव के साथ की जाएगी। यह जानकारी जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता जोन 3 मनोज ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान दो दिन जोन 3 के अलीगंज सेक्टर बी, सेक्टर सी आंशिक, सेक्टर डी, एफ, चांदगंज गार्डेन, शेखूपुरा, फत्तेपुर आदि इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

दांतों को सही से साफ करने का बताया तरीका

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए मुख्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। केजीएमयू के कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एवं एंडोडोंटिक्स विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर प्रोमिला वर्मा एवं प्रोफेसर रिदम के साथ-साथ सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के दंत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विवेक कुमार बैंस ने छात्र-छात्राओं को मुंह और दांतों को सही से साफ करने का तरीका बताया।

डफरिन में कचरे के निस्तारण में हो रही लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल (डफरिन) में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही की जा रही है। अस्पताल परिसर में खुले में ही यह कचरा पड़ा रहता है। जिसे कुत्ते नोच-नोच कर पूरे परिसर में फैला रहे हैं। इससे यहां आने वाले मरीजों व तीमारदारों को संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

डफरिन अस्पताल में रोजाना करीब 300 से 400 तक की ओपीडी होती है। 10 -12 प्रसूताओं का प्रसव कराया जाता हैं। साथ ही नवजातों का इलाज व टीकाकरण भी होता है। अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण का जिम्मा निजी कंपनी सन फैसेलिटी का है। सोमवार को अस्पताल परिसर स्थित ऑक्सीजन प्लांट के पास बायो मेडकल वेस्ट खुले में पड़ा था। जिसे कुत्ते नोच-नोच कर पुरे अस्पताल परिसर में फैला रहे थे। इस मामले का एक तीमारदार ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। इस मामले में अस्पताल प्रशासन का कहना है कि संबंधित कंपनी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल के परिसर में फैला बायो मेडिकल वेस्ट। अमृत विचार

▸▸ अस्पताल में खुले में पड़ा रहता है कचरा, मरीजों व तीमारदारों में संक्रमण होने का खतरा

आउटर रिंग रोड की शुरुआत अगले माह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर के चारो तरह से निकाले गए 104 किलोमीटर के आउटर रिंग रोड की शुरुआत मार्च के पहले सप्ताह में हो जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय रक्षामंत्री व सांसद राजनाथ सिंह ने दी। वह सोमवार को सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में आयोजित हुए निशुल्क स्वास्थ्य मेले में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब मैं 2014 में प्रत्याशी के रूप में इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लड़ने का फैसला लिया। उस समय लोगों ने ट्रैफिक जाम की बड़ी समस्या बताई थी। चुनाव जीतने के बाद इस पर काम किया गया। ट्रैफिक समस्या, जिसे निजात दिलाने के लिए बहुत सी परियोजनाएं स्वीकृत हैं और आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि बहुत ही परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है और उतनी ही परियोजना का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में 23 फ्लाई ओवर स्वीकृत किए जा चुके हैं जिनमें से 13 पर काम पूरा हो चुका है। बाकी दस पर काम चल रहा है।

सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का माला पहनाकर स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

150 पार्कों में और ओपन जिम लगेंगे: रक्षामंत्री ने कहा कि कई परिवार छोटे से घर में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। इससे उन्हें एक्सर्साइज करने के लिए सुविधा नहीं हो पाती। लोगों को इस सुविधा उपलब्धि कराने के लिए मैंने विचार किया कि जिन कॉलोनियों में रिक्त स्थान है पार्क वहां पर ओपन जिम लगाया जाएगा अभी तक 100 ओपन जिम लग चुके है अभी 150 जगहों पर लगाया जा रहा है। यहां पर चार सौ सोलर लाइट की व्यवस्था की जा चुकी है।

▸▸ सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में आयोजित हुए स्वास्थ्य मेले में पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ ने दी जानकारी

ब्रह्मोस का होगा निर्माण

रक्षामंत्री ने बताया ब्रह्मोस मिसाइल आपके लखनऊ शहर में बनने जा रही है। अब जो ब्रह्मास्त्र मिसाइल बनेगी उसे भारतीय सेना उपयोग करने साथ विदेश में एक्सपोर्ट किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आप सब जानते हैं कि कितनी तेजी के साथ भारत आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, स्थानीय विधायक डॉ. नीरज बोरा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

देश के उत्थान में व्यापारियों का अहम योगदानः दया शंकर सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : देश के उत्थान में हमेशा व्यापारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। चाहे आजादी की लड़ाई हो या राम जन्म भूमि पर मंदिर के निर्माण की बात हो। दोनों ही जगह व्यापारियों का योगदान सराहनीय रहा है। ये बातें सोमवार को रविन्द्रालय में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की व्यापारी रैली में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि व्यापारियों के अप्रतिम योगदान के कारण ही मंदिर का भव्य निर्माण संभव हो पाया है। व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने व्यापारियों की मांगों से सहमति जताते हुए कहा कि आज की सरकार में व्यापारियों का हित सुरक्षित है। पहले गरीब को मिटाने की बात होती थी। आज गरीब के कल्याण की बात होती है। रैली में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि इस समय सरकारी और प्राइवेट माध्यम से क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन काफी संख्या में बांटे जा रहे हैं। इस अवसर पर महेश गोयल, ओंकारनाथ केशरी, जगत नारायण, रितेश अग्रवाल, शिवम विश्नोई, मनीष अग्रवाल, गोविंद बाबू टाटा, अश्विनी गुप्ता, अनीता अग्रवाल और कुसुम केशरवानी सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

लखनऊ से अयोध्या के लिए चलेंगी 20 नई बसें

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को सफर अब और भी शानदार होने जा रहा है। इन श्रद्धालुओं को अब लखनऊ से अयोध्या के मध्य सफर को नई बसों की सुविधा मिलेगी। ऐसे में विभिन्न राज्यों से ट्रेन और फ्लाइटों से लखनऊ आने वाले श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी। परिवहन निगम ने लखनऊ को 20 नई साधारण बसें सौंपी हैं। इन बसों का संचालन चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग बस टर्मिनल से किया जाएगा। मुख्यालय की ओर से बसों का आवंटन होने के बाद ये बसें चारबाग और कैसरबाग डिपो को भेज दी गईं। नई बसों को अयोध्या दर्शन के नाम से चलाया जाएगा। बुधवार से इन बसों के संचालन शुरू कर दिया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं को नई बसों से अयोध्या रवाना किया जाएगा। ट्रेनों के समय सारिणी के अनुसार इन बसों का समय निर्धारित किया जाएगा।

...कहीं साइबर जालसाजी में तो नहीं फंसे ग्रामीण आवास

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना भी साइबर जालसाजों के जाल में फंस गई है। इनके नेटर्वक से लाभार्थियों के खातों में आने वाली किस्त बाहरी राज्यों व जिलों में ट्रांसफर होने की आशंका है। प्रयागराज में इस तरह के मामले सामने आने पर सभी जिलों से सूचना मांगी गई है। साइबर क्राइम करने वालों ने ग्रामीण इलाकों में संचालित प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को भी नहीं छोड़ा। प्रयागराज में 2017-18 से 2022-23 तक हुए लेखा परीक्षा यानी ऑडिट में लाभार्थियों के खातों में भेजी जाने वाली राशि साइबर जालसाजों के कारण बाहरी राज्य व जिलों के व्यक्तियों के खातों में ट्रांसफर होना पाया है। इससे सभी जिलों में इस तरह की घटना होने की आशंका है। ग्राम्य विकास आयुक्त ने सभी जिलों से 2017-18 से 2022-23 तक इस तरह की हुई घटनाओं की रिपोर्ट मांगी है। इस आधार पर जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक विकास ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर ऐसे लाभार्थियों की रिपोर्ट मांगी है।

बसपा में लखनऊ के पदाधिकारी बदले

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बसपा ने संगठन को मजबूत करने के लिए सोमवार को पदाधिकारियों में बदलाव किये है। बसपा ने लखनऊ में अपना जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल शकील खान को बनाया है, वहीं कुलदीप रावत को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पश्चिम विधान सभा अध्यक्ष राम सजीवन गौतम को दी गई है। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि ये नियुक्तियां मंडल प्रभारी नौशाद अली की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सर्वसम्मित से लिया गया है। जिसमें एमएलसी भीमराव आंबेडकर, रामनाथ रावत, अखिलेश आंबेडकर, मौजी लाल गौतम, हरीश सैलानी, ब्रजेश चौधरी व जिला प्रभारी राकेश गौतम मौजूद थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज लखनऊ में, राहुल करेंगे संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 20 फरवरी को रायबरेली होते हुए राजधानी में प्रवेश करेगी। राहुल गांधी चौक में जनसभा को संबोधित करेंगे।

प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने बताया कि यात्रा रायबरेली रोड स्थित निगोहां टोल से शुरू होकर मदाखेड़ा मंदिर, मोहनलालगंज, कल्ली बाजार, कालिंदी पार्क मोड़ उतरठिया, तेलीबाग शनि मंदिर होते हुए चारबाग स्थित केकेसी कॉलेज अपरान्ह लगभग 2:30 बजे पहुंचेगी। यहां से चारबाग के नत्था होटल मोड़ होते हुए नाका चौराहा, दुगावां, रकाबगंज चौराहा, राजा बाजार, मेडिकल कॉलेज चौराहा, चरक चौराहा, चौक चौराहा होते हुए घंटाघर पर लगभग शाम 5 बजे पहुंचेगी। यहां पार्टी नेता राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद यात्रा ठाकुरगंज, बालागंज, दुबग्गा तिराहा व बुद्धेश्वर ओवरब्रिज होते हुए पारा, अवध हास्पिटल चैराहा, पिकडली होटल तिराहा, चिल्लावां, सैनिक स्कूल, दरोगा खेड़ा होते हुए बंथरा थाना के निकट रात्रि विश्राम करेगी। इसके बाद 21 फरवरी को सुबह 8:30 बजे यात्रा उन्नाव के लिए कूच करेगी। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

राहुल गांधी

▸▸ आज शहर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा करेगी प्रवेश, मुख्य इलाकों से गुजरेगी

आज घंटा घर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को राजधानी पहुंचेगी। एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार ने बताया कि यात्रा शहर के प्रमुख स्थानों से निकलेगी। इसके चलते उन इलाकों में डायवर्जन लागू किया है। यात्रा के दौरान ट्रैफिक से संबंधित समस्या होने पर कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर मदद ले सकते हैं। डायवर्जन यात्रा के समापन तक लागू रहेगा।

इन मार्गों पर जाने से बचें

- पक्कापुल चौराहा से घंटाघर की तरफ आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग रूमी गेट पुलिस चौकी चौराहे से बायें चौक चौराहा व कुडिया घाट मोड़ निर्धारित किया गया है।
- कोनेश्वर मंदिर चौराहे से घंटाघर नहीं जा सकेंगे, वैकल्पिक मार्ग चौक चौराहा होकर मिलेगा।
- कुडियाघाट से घंटाघर नहीं जा सकेंगे, वैकल्पिक मार्ग रूमी गेट, नीबू पार्क, चौक चौराहा होकर प्रयोग कर सकेंगे।
- छोटा इमामबाडा से घंटाघर की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग तहसीनगंज चौराहा, कोनेश्वर तिराहा, चौक चौराहा होकर तय किया गया है।

सरस्वती डेंटल कालेज का अकाउंट सेक्शन सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गृहकर के बड़े बकायेदारों पर नगर निगम ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नगर निगम ने सोमवार को गृहकर बकाये पर नगर निगम जोन 7 के इस्माइल गंज द्वितीय वार्ड स्थित सरस्वती डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का चतुर्थ तल स्थित अकाउंट सेक्शन सील कर दिया। इस बीच, टीम का अस्पताल प्रशासन और छात्र-छात्राओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि अस्पताल पर नगर निगम का लगभग 2,04,58,630 रुपये गृहकर बकाया था। इसके लिए नगर निगम ने अस्पताल को डिमांड नोटिस जारी की थी। तीन बार कॉलेज प्रशासन से सम्पर्क के बाद भी बकाया जमा नहीं किया गया। सोमवार को जोनल अधिकारी जोन 7 आकाश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने कॉलेज का मुख्य द्वार, शैक्षणिक हॉल और हॉस्टल को सीलिंग से मुक्त रखते हुए चौथे तल पर स्थित अकाउंट सेक्शन को सांकेतिक रूप से नगर निगम ने अपना ताला लगाकर सील कर दिया। इससे पहले अस्पताल प्रशासन ने अकाउंट सेक्शन में अपना ताला लगा दिया था। कार्रवाई के दौरान जोनल अधिकारी के साथ सहायक नगर आयुक्त शिल्पा कुमारी, तहसीलदार संजय सिंह, कर अधीक्षक राम अचल, लेखपाल राहुल यादव, राजस्व निरीक्षक उदय त्रिपाठी के साथ ईटीएफ प्रभारी राम सुमेर यादव एवं प्रवर्तन दल उपस्थित रहा।

▸▸ दो करोड़ रुपये गृहकर बकाये पर नगर निगम ने की कार्रवाई

अब गले में बिना चीरा लगाए होगा थायराइड का ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अब थायराइड का ऑपरेशन लैप्रोस्कोपी (दूरबीन) विधि से किया जायेगा। अभी तक गले में चीरा लगाकर ऑपरेशन होने से कई लोग ऑपरेशन कराने से पीछे हट जाते थे। इससे मरीजो को और भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। यह जानकारी केजीएमयू जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. कुशाग्र भटनागर ने दी।

डॉ. कुशाग्र ने बताया कि अभी तक गले में चीरा लगाकर ही थायराइड का ऑपरेशन किया जाता था। गले में चीरे का निशान पड़ने की वजह से महिलाएं ऑपरेशन करने से कतराती थी। खासतौर पर ऐसी युवतियां जिनकी शादी नहीं हुई होती है। उन्होंने बताया कि समय पर ऑपरेशन न होने से बीमारी गंभीर हो जाती है। मर्ज बढ़ने की दिशा में इलाज और भी कठिन हो जाता है।

डॉ. कुशग्रा के मुताबिक़, दूरबीन विधि से थायराइड के ऑपरेशन मुमकिन हो गए हैं। अब तक विभाग में नौ मरीजों के ऑपरेशन किए गए हैं। सभी ऑपरेशन सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि थायराइड में तीन से चार सेंटीमीटर की गांठ आदि का ऑपरेशन दूरबीन विधि से संभव है।डॉ. अवनीश कुमार ने बताया कि दूरबीन विधि से थायराइड के ऑपरेशन के कई फायदे हैं।

14 राज्य विश्वविद्यालयों को 740 करोड़ का अनुदान

अमृत विचार, लखनऊ: प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश के 14 राज्य विश्वविद्यालयों को लगभग 740 करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान की ओर से स्वीकृत धनराशि का उपयोग शोध की गुणवत्ता बढ़ाने व जर्जर हो चुके पुराने भवनों के मरम्मत कार्य में खर्च हो सकेगा। राजभवन के अधिकारियों के मुताबिक, नैक में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने वाले छह विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 100 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है, जो एक रिकॉर्ड है, जबकि चार विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 20 करोड़ रुपये, दो विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 19 करोड़ 99 लाख 99 हजार रुपये और एक-एक विश्वविद्यालय को क्रमशः 13 करोड़ 38 लाख 90 हजार व छह करोड़ 53 लाख 11 हजार 262 रुपये दिया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अनुदान से प्राप्त धनराशि का उपयोग डिजिटल शिक्षा के तरीकों के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में किया जाए, जिससे राज्य के सामाजिक रूप से वंचित समुदायों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर सुनिश्चित हो सकें।

एक नजर

वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमृत विचार, आलमबाग : कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर शिवशंकर महादेवन ने बताया कोर्ट के आदेश पर शक्तिराज उर्फ जीतू को बरहा रेलवे कॉलोनी स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना चौक से एनआईएक्ट की कार्रवाई की गई थी। कोर्ट ने एनबीडब्लू वारंट जारी किया था।

चोरों ने घर से नकदी और गहने पार किए

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा क्षेत्र में बंद घर का ताला तोड़कर चोर नकदी और जेवरात चोरी कर ले गए। इलाके के शाहपुर भमरौली निवासी पीड़ित मुमताज बेगम ने बताया 17 फरवरी की रात चोर 10 हजार रुपये व अन्य सामान चुरा ले गये। अगले दिन सुबह घटना की जानकारी हुई। दुबग्गा इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा में बिहार निवासी नकलची गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा स्थित सिटी मॉडर्न अकादमी स्कूल में शुक्रवार को पुलिस भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली में कक्ष निरीक्षक वंदना कनौजिया व विश्वनाथ सिंह की ड्यूटी थी। एक परीक्षार्थी पर संदेह होने पर तलाशी ली तो पर्ची निकली। जिसमें कुछ प्रश्नों के उत्तर लिखे थे। कक्ष निरीक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परीक्षार्थी से पूछताछ की। आरोपी की पहचान बिहार के नया टोला हराजी गांव निवासी सत्य अमन कुमार के रूप में हुई। बताया व्हाट्सएप पर दोस्त नीरज ने कुछ चिह्नित उत्तर भेजे हैं, जिसे पर्ची में लिखा था। इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने बताया आरोपी परीक्षार्थी को गिरफ्तार साथी नीरज की तलाश जारी है। आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

राजधानी में संपत्ति विवाद व अवैध संबंध में हो रहा रिश्तों का 'कत्ल'

दो माह में घटित पांच वारदातों में हुईं छह लोगों की हत्याएं

▸▸ भूमाफिया पर अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रकोष्ठ गठित

विनय शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : गुडम्बा क्षेत्र की नेहरू विहार कॉलोनी में शनिवार देर रात अवैध सम्बन्धों के चलते पत्नी ने प्रेमी के संग मिलकर सिक्योरिटी गार्ड पति गुरु प्रसाद यादव उर्फ नीरज (40) की गला दबाकर हत्या कर दी थी। संपत्ति और अवैध संबंध में राजधानी में हो रहे रिश्तों के कत्ल यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी ऐसी कई घटनाएं सामने आईं है। जिनमें संपत्ति और अवैध संबंध में पति, पत्नी और अन्य करीबी रिश्तों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया।

समय पर नहीं होता निराकरण

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में महानिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त अधिकारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि जमीन के विवाद में कई बार विभागों के कर्मचारियों की लापरवाही भी सामने आती है। मामलों के निष्पादन की गति इतनी धीमें है कि उसका फैसला आते-आते विवादित जमीन खून से रंग जाती है। हालांकि निपटारे के लिए लखनऊ पुलिस प्रकोष्ठ भी बना चुकी है। लेकिन इसके गठन के बाद भी अभी तक मामलों की जांच में तेजी नहीं आई है, समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है।

वर्ष	माह	थाना	विवाद	अपराध
2023	जून	पीजीआई	जमीन	अमित की गोली मारकर हत्या
2024	फरवरी	मलिहाबाद	जमीन	तिहरा हत्याकांड
2024	फरवरी	काकोरी	जमीन	बुजुर्ग चौकीदार की हत्या
2024	फरवरी	रहीमाबाद	जमीन	बुजुर्ग मां की बेटी ने की हत्या
2024	फरवरी	गुडम्बा	अवैध संबंध	सिक्योरिटी गार्ड पति की हत्या
2024	फरवरी	पारा	संपति विवाद	पत्नी को गोली मारी

रुपयों के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर ने पत्नी को मारी थी गोली

अमृत विचार, काकोरी : पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत नई कांशीराम कॉलोनी में रविवार रात रुपयों के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर ने पत्नी सोनी जायसवाल की हत्या करने की नियत से गोली मारी थी। घटना के वक्त पुलिस लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारने की बात कह रही थी। हालांकि, सोमवार को महिला के बेटे अभिषेक ने प्रॉपर्टी डीलर पिता के खिलाफ पारा थाने में हत्या के प्रयास की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, नई काशीराम कालोनी निवासी अभिषेक ने प्रॉपर्टी डीलर पिता विमल यादव पर एफआईआर दर्ज कराई है। बेटे ने बताया कि उसके पहले पिता राजेश मां को छोड़कर सदर में रहने लगे थे। जिसके बाद मां ने विमल से प्रेम-विवाह कर लिया है। आरोप है कि विमल ने सोनी को जमीन खरीदने का लालच देकर उसके गहने और चार लाख रुपये हड़प लिए थे। इसको देकर दंपति के अक्सर झगड़ा होता था। बेटे ने बताया कि रविवार को प्रॉपर्टी डीलर पिता ने मां को बाराबिरवा के पास मिलने के लिए बुलाया। जहां उसके साथ मारपीट की। मां के लौटने पर प्रॉपर्टी डीलर फिर से झगड़ने लगा। रुपयों के विवाद को लेकर प्रॉपर्टी डीलर ने मां सोनी को गोली मार दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर उन्नाव जनपद का रहने वाली है। उसकी तलाश में पुलिस टीम उन्नाव में दबिश रहे दी है।

इस वर्ष शुरू की गई नई व्यवस्था

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने जनवरी 2024 में अधिवक्ताओं की वेशभूषा में अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिसका कार्यालय डालीगंज स्थित संयुक्त पुलिस आयुक्त के कार्यालय में कमरा नंबर 36 है। अगर कोई वकील की वेशभूषा में किसी व्यक्ति को परेशान करता है, उसकी जमीन या मकान पर कब्जा करता है तो इसकी शिकायत थाने के अलावा प्रकोष्ठ के इस कार्यालय में कर सकता है।

फरवरी माह में हुईं छह हत्याएं

गौरतलब है कि बीती 2 फरवरी को महिलाबाद के मोहम्मदनगर गांव में जमीन विवाद में फरहीन, उनके बेटे हंजला व मुनीर ताज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसी शाम काकोरी के शिवरी कूड़ा प्लांट के पास भतीजे ने जमीन हड़पने की नियत चौकीदार ताऊ लखन की गला घोंट कर हत्या कर दी थी। 17 फरवरी को रहीमाबाद के कल्याणपुर गहदो गांव में जमीन विवाद में बेटे ने मां मुमताज की हत्या कर दी थी। 17 फरवरी को नेहरू विहार गुडम्बा में अवैध सम्बन्ध के चलते पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर सिक्योरिटी गार्ड पति गुरु प्रसाद यादव उर्फ नीरज गला दबाकर हत्या कर दी।

पुलिस कर्मी फोन पर सुनते हैं फरियाद

सूत्रों की मानें तो, भू-माफियाओं के भय से पीड़ित प्रकोष्ठ कार्यालय में आने से भी कतराते हैं। तो वह प्रकोष्ठ के 9454400154 व 9454634500 सीयूजी नंबर पर कब्जा होने की स्थिति या फिर अन्य ऐसे ही लोगों द्वारा अराजकता किए जाने पर शिकायत कर सकते हैं। इस प्रकोष्ठ में एक प्रभारी निरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

कुत्ते को खाना देने के विवाद में बुजुर्ग को मारा चाकू

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थानाक्षेत्र अंतर्गत राजाजीपुरम में कुत्तों को खाने देने को लेकर हुए विवाद में वृद्ध पर चाकू से हमला किया गया। विरोध करने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तालकटोरा के गांधी पार्क निवासी कृष्णकांत रविवार शाम आवारा कुत्तों को खाना खिला रहे थे। आरोप है कि पड़ोसी वीरेंद्र कुछ लोगों को लेकर उसके पास पहुंचा और बगैर लाइसेंस के कुत्तों को पालने का आरोप लगाने लगा। इस पीड़ित ने कुत्ता पालने की बात से इंकार कर दिया तो वह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर पड़ोसी ने कृष्णकांत पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में कृष्णकांत के बाएं हाथ की अंगुली में चाकू लगने से घाव हो गया। हंगामा बढ़ने पर पड़ोसी पीड़ित को धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

कुत्तों के झुंड ने बच्चे को नोंचा, हालत नाजुक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आईआईएम रोड स्थित सहारा सिटी होम के पास छह साल के बच्चे पर अवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे के शरीर पर कई जगह नोंच लिया। हालांकि, स्थानीय लोगों की मदद से कुत्तों को भगाकर बच्चे को बचाया गया। इसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बच्चे की मां ज्योति रस्तोगी के मुताबिक, गत 16 फरवरी की शाम वह बेटे शिवाय (6) के संग कॉलोनी में टहल रही थी। इसी बीच बेटा डिवाइडर पर चढ़ गया। तभी कुत्तों के झुंड ने बेटे को घेर लिया। गले, गर्दन, सिर, हाथ, पैर समेत अन्य स्थानों पर अलग-अलग जगह से पकड़कर नोचने लगे। यह देख चीख-पुकार मचाकर बचाने का प्रयास किया तो उनको दौड़ा लिया, जिससे वह गिरकर घायल हो गई। इस दौरान वहां से गुजर रही एक महिला ने डंडा उठाकर दिखाया तो छोड़कर भागे। किसी तरह उसको उठा कर पास के अस्पताल पहुंचाया। ज्योति ने बताया कि अगर समय रहते छुड़ाया न जाता तो सांस की नली तक कट जाती। बच्चे का इलाज फिलहाल चल रहा है। वहीं पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

दंपति ने लोहे की रॉड से आवारा कुत्ते का तोड़ा पैर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सांसद के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज

अमृत विचार : गाजीपुर थाने में एक दंपति के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक पशु प्रेमी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दंपति के खिलाफ कार्रवाई की है।

प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले पशु-प्रेमी विजय उपाध्याय ने अभय शुक्ला व उनकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पशु प्रेमी ने बताया कि गत 14 फरवरी की रात अभय शुक्ला पर एक आवारा कुत्ता भौंक रहा था। इससे नाराज होकर अभय ने पत्नी के संग मिलकर कुत्ते पर हमला कर दिया। बताया कि इस हमले से कुत्ता गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। सीसीटीवी फुटेज में दंपति की करतूत कैद हो गई थी। इसके बाद पशु प्रेमी ने संबन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पशु प्रेमी ने सांसद मोनिका गांधी से मदद मांगी। सांसद के हस्तक्षेप पुलिस ने दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

खंभे से टकरा कर 20 फीट दूर जा गिरा बाइक सवार, मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती रिवर फ्रंट के समीप सामाजिक परिवर्तन स्थल के सामने सोमवार देर रात तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। बरेली निवासी बाइक चालक उछल कर खंभे से टकराते हुये करीब 20 फीट दूर जा गिरा। सिर के बल गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। चौकी प्रभारी पवन कुमार ने बताया मूलत: बरेली के इज्जत नगर निवासी धर्म सिंह (35) होटल अवध क्लार्क में नौकरी करते थे। वह अलीगंज में किराये के कमरे में रहते थे। सोमवार को वह किसी काम से बाइक से गोमतीनगर निवासी किसी मित्र से मिलने गये थे। जहां से रात करीब 11 बजे कमरे पर जा रहे थे। रास्ते में सामाजिक परिवर्तन स्थल के सामने तेज रफ्तार बाइक धर्म सिंह से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि धर्म सिंह पोल से टकरा कर दूर जा गिरा। सिर के बल गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्च्युरी में रखवाया।

कोठरी गिरी, बच्चों को बचाने में दंपति घायल

संवाददाता, निगोहां

मजदूर की कोठरी की ढही छत, बिखरा मलबा। अमृत विचार

अमृत विचार: निगोहां क्षेत्र में मजदूर की कोठरी ढहने से दंपति बच्चों को बचाने के प्रयास में घायल हो गये। चीख पुकार सुन फंसे परिवार को पड़ोसियों ने निकाला। सूचना पर लेखपाल ने मौके पर पहुंच जांच कर मदद का आश्वासन दिया।

उतरावां के मजरा सैदापुर निवासी मजदूर कमलेश पत्नी बबली व तीन बच्चों के साथ कोठरी में रहते थे। सोमवार सुबह 8 बजे पत्नी बच्चे के संग पलंग पर लेटी थी, दो बच्चे पास में बैठे थे। कमलेश मजदूरी पर निकलने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान कोठरी ढह गई। बच्चों को बचाने के प्रयास में दंपति मलबे की चपेट में आकर घायल हो गये। इससे बच्चे बच गये। चीख सुन पहुंचे पड़ोसियों ने आनन-फानन फंसे परिवार को निकाला। ग्राम प्रधान भोलानाथ की सूचना पर लेखपाल रमेश ने मौके पर पहुंच जांच कर मदद का भरोसा दिया। कोटेदार से राशन दिलाया, प्रधान ने परिवार को एक तिरपाल उपलब्ध करा आंगनबाड़ी केंद्र में रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की।

आवास की कई बार लगा चुका गुहार-कमलेश ने बताया कि कई बार सरकारी आवास के लिए जिम्मेदारों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई। प्रधान ने बताया कि उनके समय में आवास नहीं आये हैं, साइट बंद चल रही है।

शोहदे के डर से छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत एक शोहदे के डर से छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, मूलरूप हरदोई जनपद की रहने वाली किशोरी (15) के परिजनों ने पड़ोसी आशू सिंह उर्फ अभिषेक सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में परिजनों ने बताया कि करीब एक माह से आशु उनकी बेटी का पीछा कर उसे परेशान करता है। डर से बेटी ने स्कूल जाना छोड़ दिया। आरोप है कि शनिवार शाम बेटी ई-रिक्शा पर सवार होकर कहीं जा रही थी, इसी बीच शोहदे ने उसका पीछा कर बेटी का हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर वहा अपशब्द कहकर वहां से भाग निकला। बेटी के घर पहुंचने पर शोहदा उसके मोबाइल पर धमकी भरा मैसेज भी भेजा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रविवार रात पुलिस ने शोहदे पर प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

ट्रक में फंसा मैकेनिक 200 मीटर घिसटा, दो हिस्सों में बंटा शव

संवाददाता, मोहनलालगंज

▸▸ मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी गांव का रहने वाला था मैकेनिक

अमृत विचार : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात ट्रक की चपेट में आये मैकेनिक की शरीर के दो हिस्से हो गये। ट्रक में शव फंस कर करीब 200 मीटर तक घिसटने के बाद रोड पर गिरा। आरोपी चालक ट्रक समेत भाग निकला।

सिसेंडी निवासी मुस्तकीम (21) मैकेनिक करता था। सोमवार रात करीब 11.30 बजे वह भागूखेड़ा चौराहे को पार कर नित्यक्रिया के लिये जा रहा था। इसी दौरान मौरावां की ओर से आये तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर फंस गया। करीब 200 मीटर तक घिसटने से उसकी मौत हो गयी। जबकि सिसेंडी के दूसरे तिराहे के समीप शव दो हिस्सों में बंट कर गिरा। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और परिजन पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। युवक के पिता इस्लामुद्दीन की मौत 19 दिन पहले ही हुई थी। हादसे से परिजन में कोहराम मचा है। इंस्पेक्टर ने बताया तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

सार-संक्षेप

मलिहाबाद तहसील परिसर में प्रदर्शन करते कोटेदार। अमृत विचार

वितरण में आ रहीं दिक्कतों को लेकर कोटेदारों ने सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, मलिहाबाद : खाद्यान्न वितरण में आ रहीं दिक्कतों को लेकर क्षेत्र के कोटेदारों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय ज्ञापन क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को सौंपा। तहसील अधिकारियों को कोटेदारों ने दिये गये ज्ञापन में कहा है कि वेइंग एवं ईपोस मशीन विजन टेक कंपनी द्वारा जो उपलब्ध करायी गयी है उससे दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। जो मशीन व कांटा उसमें 1-2 किलो तौल में अंतर आ रहा है। 50 कार्डों का खाद्यान्न वितरण करने में 2-3 कार्डों की पर्ची नहीं निकलती है। ईपोस मशीन से वितरण करने पर डे बाई डे का वितरण नहीं शो करता है साथ ही स्टॉक का मिलान नहीं हो पा रहा है। इस अवसर पर कोटेदार अंजली शर्मा, गंगाप्रसाद, तारिक हुसैन, लक्ष्मी, अमर बहादुर, श्यामू राम, संजय कुमार, किस्मत अली, रमेशचंद्र सहित क्षेत्र के दर्जनों कोटेदार मौजूद रहे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

नौ सूत्री मांगों को लेकर आशा बहुओं ने सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, मलिहाबाद : मुख्यमंत्री को भेजे गये 9 सूत्री मांगपत्र पर कार्रवाई न होने से आशा बहू कल्याण समिति ने आज से कलमबंद अनिश्चितकालीन धरना करने का ज्ञापन अधीक्षक को सौंपा है। आशा बहू कल्याण समिति की प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह ने 15 फरवरी को मुख्यमंत्री सम्बोधित मांगपत्र भेजकर मांग की थी कि आशा व आशा संगिनी स्थायी कर्मचारी का दर्जा दिया जाये। समिति ने 16 फरवरी को मिशन निदेशक स्वास्थ्य को पत्र देकर अनिश्चित कालीन धरने की चेतावनी दी थी। उनकी मांगों पर सुनवाई न होने से आक्रोशित आशा व आशा संगिनी ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर धरना प्रदर्शन कर मंगलवार से कलमबंद अनिश्चित कालीन धरने का ज्ञापन दिया।

उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का गठन होने के बाद सोमवार को सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हाइडिल चौराहा स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड पर आयोजित किया गया। समारोह में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि व्यापारी वर्ग देश के 70 करोड़ लोगों का पेट पाल रहा है। लेकिन सरकार 70 करोड़ लोगों को रोजी रोटी देने में असमर्थ है। बनवारी लाल कंछल ने सरोजनीनगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष शिवमोहन तिवारी, उपाध्यक्ष योगेश सिंह चौहान, दीपक जोशी, पवन पांडेय, सुनील चौहान, अश्वनी सिंह, नीतिश सिंह व रोहित राजपूत, महामंत्री मयंक सचान, कोषाध्यक्ष राम सिंह भदौरिया, मंत्री सतीश शुक्ला, वीरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संगठन मंत्री देवेंद्र मिश्रा, प्रवीण अवस्थी, राजेंद्र सिंह, राजेश सिंह व सौरभ वासुदेव, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र तिवारी व प्रचार मंत्री सूरज वर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

पति समेत तीन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : पारा इलाके के बुद्धेश्वर बजरंग विहार महिला की मौत के मामले में मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुये मामला दर्ज कराया है। बजरंग विहार निवासी मजदूर सतीश की पत्नी सीमा (23) ने 17 की सुबह फंदा लगाकर जान दे दी थी। उन्नाव के हसनगंज थाना अंतर्गत तेगवापुर निवासी भाई सचिन ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति समेत अन्य ससुरालवालों पर सीमा की हत्या कर शव फंदा से लटकाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर काकोरी ने बताया मामले में आरोपी पति सतीश व ससुर मथुरा प्रसाद व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

युवक को पीटने में चार पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : युवक की सरेराह पिटाई करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया वीरेंद्र यादव निवासी, बीबी खेड़ा अपने मित्र राहुल यादव को 50 हजार रुपये देने के लिए जा रहे थे। रास्ते में पुरानी काशीराम कॉलोनी के पास भीड़ देख वह रुक गया। इसी दौरान फैजू, अनुराग, दिनेश, शंकर, अभय शर्मा ने उसे पीट दिया। बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने नजरबंद किए जाने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जा रहे थे मिलने

अमृत विचार : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने पुलिस द्वारा आवास पर उन्हें नजर बंद किये जाने का आरोप लगाया है।

पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर सिपाही भर्ती परीक्षा के संभावित पेपर लीक मामले को लेकर सोमवार को राजधानी में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने जा रहे थे। रास्ते में पुलिस ने उन्हें कार्यक्रम परिसर में जाने से रोक दिया। जबरदस्ती जाने का प्रयास करने पर पुलिस कर्मियों ने उन्हें हिरासत में लेकर उनके आवास पर नजरबंद कर दिया है।

प्रधानमंत्री से मिलने जाने से पहले अमिताभ ठाकुर ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। जिसमें सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर प्रदेश सरकार का रवैया गैर जिम्मेदारी भरा होने का आरोप लगाया है। इससे पहले रविवार को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया था।

महिला को बेची नजूल की जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : गोमतीनगर विस्तार थाने में एक महिला ने परिचित के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि परिचित ने धोखाधड़ी कर उसे नजूल की जमीन बेच दी है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक, मूलरूप से रायबरेली के महराजगंज निवासी सुनीता सिंह की मुलाकात 11 वर्ष पूर्व गोमतीनगर के छोटा भरवारा निवासी तनु से हुई थी। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि तनु से जमीन खरीदने की बात कही थी। सुनीता ने 20 अगस्त 2012 को तनु को 1.60 लाख रुपये दिए थे और बैनामा उनके नाम हो गया। आरोप है कुछ साल बाद पीड़िता जमीन देखने पहुंची तो पता चला कि उस पर वैभव लक्ष्मी पैराडाइज मैरिज लॉन बना हुआ था।

सुनीता ने जब लेखपाल से यह बात बताई तो पता चला कि जो जमीन उन्हें बेची गई है वह तालाब की है। उन्होंने जब तनु से जब रुपये मांगे तो उसने गाली-गलौज करते हुए मना कर दिया। सुनीता लॉन के मालिक से मिलने पहुंची तो उसने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

सरकारी जमीन पर कब्जा दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण अर्जन विभाग के अमीन ने रविवार को बरावन खुर्द निवासी शान व असम के मौरी गांव निवासी अब्दुल वहाब पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमीन अजय बहादुर ने बताया प्राधिकरण ने वर्ष 1981-83 में बरावन खुर्द में भूमि अधिग्रहण वसंत कुंज योजना के लिए किया था। उक्त जमीन पर शान व अब्दुल वहाब ने भवन निर्माण कर लिया। आरोपियों ने जमीन पर अवैध रूप से बड़ी संख्या में असमियों को झोपड़ियों में बसा दिया है। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी का बेटियों पर प्रताड़ित करने का आरोप

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाले सैन्य कर्मी ने विवाहित बेटियों पर संपत्ति के लालच में प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के विशेश्वर नगर निवासी रिटायर्ड सैन्य कर्मी विजय बहादुर ने बताया वह घर में बेटे राकेश सिंह व बहू नेहा सिंह के साथ रहते हैं। आरोप है कि पुत्रियों की शादी कर दी थी। इसके बाद भी संपत्ति के लालच में मायके में रह कर उन्हें प्रताड़ित करती हैं। कहा कि दोनों पुत्रियां हत्या कराने की धमकी देती रहती हैं। उन्हें कई दिन खाना भी नहीं देती हैं। दोनों अपने पतियों पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराकर मायके में जमी हैं। दोनों ने अपनी मां के कमरे पर कब्जा कर लिया है। प्रापर्टी के कागजात और लाखों के जेवरों पर अपना अधिकार जमा रही हैं। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर विजय बहादुर ने संयुक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि से गुहार लगाई। उनके निर्देश पर कृष्णानगर कोतवाली में पुलिस ने दोनों बेटियों दुर्गेश नंदिनी और सरोज सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

मदरसा शिक्षक पर दुष्कर्म का आरोप

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ बच्ची के पिता ने पुलिस आयुक्त से लगाई मदद की गुहार

▸▸ मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का मामला

अमृत विचार : मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक आठ साल की बच्ची ने मदरसा शिक्षक पर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। बच्ची के पिता ने पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर से मदरसा शिक्षक पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर शिकायत की है।

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला मजदूर ओमान में नौकरी करता है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि ओमान जाने से पूर्व उनसे अपनी बच्ची (8) का दाखिला ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत न्यू हैदरगंज बरौरा स्थित एक मदरसे में करा दिया था। मदरसा शिक्षक उसके घर आने जाने लगा। इस बीच मदरसा शिक्षक ने पीड़ित की पत्नी को प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे अपने संग लेकर चला गया। आरोप है कि मदरसा शिक्षक ने पीड़ित की बेटी को मदरसे के छात्रावास में रखवा दिया। आरोप है कि मदरसा शिक्षक और उसके भाई ने बच्ची के संग घिनौनी हरकत की। बच्ची ने मां से मदरसा शिक्षक की शिकायत तो मां ने उसकी पिटाई कर दी। एक माह पूर्व पीड़ित ओमान से लौटा तब वह बेटी से मिलने पहुंचा तो बच्ची ने पिता को आपबीती सुनाई। बच्ची भी मदरसे में जाने से बच रही है। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर से मुलाकात कर मदद की गुहार लगाई है।

दुष्कर्म पीड़िता पर बनाया धर्मांतरण का दबाव

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाना प्रभारी निरीक्षक डीसी मिश्र के मुताबिक, राजाजीपुरम निवासी महिला की दोस्ती मोबीन अली से थी। मोबीन शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करने लगा। जब पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाया तो वह मुकर गया। इस पर पीड़िता ने उसके खिलाफ तालकटोरा थाने में दुष्कर्म की धाराओं में एफआईआर कराई थी। महिला का आरोप है कि कोर्ट से जमानत मिलने पर मोबीन जबरन धर्मांतरण का दबाव बनाने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

युवती से दुष्कर्म का आरोपी फरार

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी इलाके में नित्यक्रिया को निकली युवती से युवक ने दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने बताया रविवार शाम बेटी खेतों की तरफ नित्यक्रिया के लिये निकली थी। इसी दौरान आरोपी ने बाग में घसीट कर बेटी से दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला। जब काफी देर बेटी घर नहीं पहुंची तो खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। सोमवार सुबह बेटी ने घर पहुंच परिजन को आपबीती सुनाई। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर दी है। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

बच्ची से अश्लील हरकत का विरोध करने पर पथराव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिजन ने कैसरबाग कोतवाली में दर्ज कराई प्राथमिकी

अमृत विचार : कैसरबाग कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घर की छत खेल रही तीन बच्चियों से एक युवक ने अश्लील हरकत की। युवक की इस हरकत से बच्चियां सहम गई। एक बच्ची ने परिजन से आरोपी की करतूत बयां कर दी। बच्ची की मां ने विरोध किया तब आरोपी उनके घर पर पथराव कर वहां से भाग निकला। हालांकि, परिजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कैसरबाग प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला का पति पान-मसाले की ब्रिकी करता है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि रविवार शाम उनकी बेटियां पड़ोसी के बच्चों के संग छत पर खेल रही थी। आरोप है कि उसके घर के बगल में रहने वाला शिव प्रसाद दीवार फांदकर उनकी छत पर आ गया। इसके बाद आरोपी उनकी एक बेटी (11) से अश्लील हरकत करने लगा। जिसके बाद बच्ची सहम गई और रोते हुए घर पहुंची। मां ने बेटी से रोने का कारण पूछा तब उसने पड़ोसी की करतूत बयां की।

एक नजर

उत्तर प्रदेश की अर्किता ने जीता स्वर्ण

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की अर्किता वर्मा ने खेलो इंडिया महिला रोड साइकिलिंग लीग (ईस्ट जोन) में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। कोलकाता में 17 व 18 फरवरी को आयोजित लीग में अंकिता ने सब जूनियर ग्रुप की 10 किमी. रोड मास स्टार्ट स्पर्धा में 45 मिनट 47 .099 सेकेंड के समय के साथ यह सफलता हासिल की। अयोध्या की रहने वाली अर्किता ने इससे एक दिन पहले सब जूनियर 10 किमी. व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में 18 मिनट, 55 .288 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता था। अर्किता वर्मा की इस सफलता पर उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के चेयरमैन धीरेंद्र सिंह सचान (आईएएस, विशेष सचिव-चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार), अध्यक्ष राम सकल गुर्जर अध्यक्ष और सचिव आरके गुप्ता एवं डा .आनंद किशोर पांडेय (वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन) ने इस साइकिलिस्ट को बधाई देते हुए भविष्य में और सफलताएं हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी।

लखनऊ की बीनू को स्वर्ण, रवीन्द्र को रजत व स्वाति को मिला कांस्य

अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी उत्तर प्रदेश सुजीत पाण्डेय ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : महिला वर्ग में लखनऊ की बीनू मौर्य ने सोमवार से स्पोर्ट्स कॉलेज में शुरू हुई 71वीं उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स, खो-खो-साइकिलिंग प्रतियोगिता में पहले दिन 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। वहीं 10 किमी की दौड़ में लखनऊ की स्वाति सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आज से शुरू हुई 71वीं उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स, खो-खो, साइकिलिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी उत्तर प्रदेश सुजीत पाण्डेय ने किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

10 हजार मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में लखनऊ के रवीन्द्र वर्मा ने रजत पदक जीता। पुरुष वर्ग की 400 मीटर बाधा दौड़ में आगरा के विश्ववीर ने बाजी मारी और स्वर्ण पदक जीता। पश्चिमी के रिंकू और रोहित को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला।

उद्घाटन अवसर पर गुब्बारों को छोड़कर प्रतियोगिता की शुरुआत करते पुलिस अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

पहले दिन के परिणाम

पुरुष 20 किमी साइकिलिंग : प्रथम : सुनील कुमार साहनी (मध्य जोन), द्वितीय : अजीत कुमार व तृतीय : जीतेन्द्र सिंह (दोनों मेरठ)

पुरुष गोला फेंक : प्रथम : मोहित कुमार, द्वितीय : मनोज कुमार (दोनों मेरठ), तृतीय : विशाल पाठक (पीएसी पश्चिमी)

पुरुष 10000 मी. दौड़ : प्रथम : रवि कुमार राघव (पश्चिमी), द्वितीय : रवीन्द्र वर्मा (लखनऊ), तृतीय : शीशपाल (पश्चिमी)

पुरुष लंबी कूद : प्रथम : सुरजीत सिंह (मेरठ), द्वितीय : रविकांत (कानपुर), तृतीय : कृष्णकांत (पश्चिमी)

पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ : प्रथम : विश्ववीर (आगरा), द्वितीय : रिंकू, तृतीय : रोहित कुमार (दोनों पश्चिमी)

पुरुष 200 मीटर दौड़ : प्रथम : आलोक कुमार थारू (मध्यजोन), द्वितीय : अर्जुन सिंह (पश्चिमी), तृतीय : अरूण कुमार (पूर्वी)

पुरुष 1500 मीटर दौड़ : प्रथम : बलराम (मेरठ), द्वितीय : दिग्विजय (आगरा), तृतीय : शिवांग तोमर (बरेली)

खेलों में लड़कियां अव्वल, लड़के फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के खेल छात्रावासों का रिजल्ट जारी
- कुल 27 प्रतिशत हुए फेल इनमें 6 प्रतिशत लड़कियां

अमृत विचार : प्रदेश भर के खेल छात्रावासों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस बार छात्रावासों में तकरीबन 27 फीसदी सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। खेल छात्रावासों में पास होने वाले में लड़कियां अधिक है। फेल होने वाले लड़कों को छात्रवास से खाली करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। खास बात यह है कि फेल होने वालों में सबसे अधिक क्रिकेट छात्रावास के खिलाड़ी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 16 खेल छात्रावासों में मूल्यांकन का परिणाम पूरा कर लिया गया है। जिन छात्रों का रिजल्ट अच्छा नहीं रहा है, उनकी जगह पर अब नए खिलाड़ियों को चयन किया जाएगा।

जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो और हैंडबाल में इस बार 27 प्रतिशत खिलाड़ी फेल हुए हैं। इनमें मात्र 6 प्रतिशत ही लड़कियां बेहतर परिणाम न दे पाने के लिए छात्रावास से बाहर की गई है। सबसे अधिक लड़के लड़कियां हॉकी खेल में शानदार प्रदर्शन के चलते पास हुए हैं। इसके अलावा छात्रावासों में चार वर्ष का समय बिताने के बाद इस बार मात्र 2 प्रतिशत खिलाड़ियों ने हॉस्टल छोड़ दिया है। ये खिलाड़ी अब सीनियर वर्ग में पहुंच चुके हैं। 19 प्रतिशत लड़के प्रदेश भर के विभिन्न खेल छात्रावासों से बाहर किए गए है। राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की टीमों में जगह न बना पाने के कारण इन्हें हटा दिया गया है। इनमें क्रिकेट, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, वॉलीबाल और फुटबॉल के खिलाड़ी अधिकी है।

खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार प्रदेश भर के खेल छात्रावासों के मूल्यांकन के बाद खाली हुई सीटों पर दाखिले के निर्देश दिए गए हैं। फेल होने वालों में लड़कों की संख्या अधिक है जबकि लड़कियों की संख्या कम है। मूल्यांकन में कई खिलाड़ी एक-दो नंबरों से पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्हें एक वर्ष का मौका और दिया गया है। अगले वित्तीय वर्ष में होने वाली प्रतियोगिताओं में ये खिलाड़ी बेहतर परिणाम दे सकते हैं।

दिव्यांश की गेंदबाजी से जीता शैला क्लब

अमृत विचार, लखनऊ : शैला देवी स्पोर्ट्स क्लब ने प्रथम एमएल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में आर्यव्रत क्रिकेट अकादमी को 75 रनों से हरा दिया।

एसएआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए शैला क्लब ने 158 रन बनाए। अभिनव सिंह ने 35 और आकाश सिंह ने 32 रनों की पारी खेली। जवाब में आर्यावृत क्रिकेट अकादमी की टीम सभी विकेट खोकर 83 रन जोड़ सकी। कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक सका। शैला क्लब की ओर से दिव्यांश सिंह ने 5.4 ओवर में दो मेडन और मात्र 7 रन देखकर 4 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। जितेंद्र पटेल को 2 विकेट मिले।

द क्रिएटर्स क्लब की जीत में प्रत्यूष का पंजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच प्रत्यूष सोमवंशी (5 विकेट) की धारदार गेंदबाजी से द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गए मुकाबले में आईपीआरके क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से शिकस्त दी।

गियर क्रिकेट ग्राउंड पर आईपीआरके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और निर्धारित 40 ओवर के मैच में टीम 26.3 ओवर में 69 रन पर ढेर हो गयी। इसमें बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी लचर रहा और 32 रन के स्कोर पर आधी टीम पवैलियन लौट गयी थी। निचले क्रम पर मान सिंह यादव ने सबसे ज्यादा 17 रन बनाए। उनके अलावा अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके।

जवाब में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने 17.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। अभय सिंह ने 18 और प्रत्यूष सोमवंशी ने 19 रन बनाकर पारी की शुरुआत की। इसके बाद आलोक जायसवाल ने नाबाद 12 और अर्पित कुमार ने नाबाद 9 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

अमृत विचार, लखनऊ : शिवाजी जयंती पर युवा शक्ति खेल कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी क्रीडांगन पर अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की चार टीमों ने जय नारायण पीजी कॉलेज, विद्यांत पीजी कॉलेज, मुमताज पीजी कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, नेशनल पीजी कॉलेज, क्रिश्चियन कॉलेज, रायबरेली के अन्य कॉलेज और अन्य शेष कॉलेज के उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू और अन्य विभागों के प्रोफेसर व शिक्षक गण मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता के संचालन एवं निर्णायक के रूप में शुभम शुक्ला, विकास पांडे, आदर्श यादव, मोहम्मद आसिफ खान, राहुल गुप्ता, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, मोहम्मद जमील, पवन कुमार, अमित दीक्षित ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। प्रो. रूपेश कुमार ने इस कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।

अनुमतियों का पेंच खत्म गांवों में पहुंचेगा भारत नेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत नेट से प्रदेश के ग्रामीण इलाके जल्द इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़ेंगे। बीएसएनएल को गांवों में आप्टिकल फाइबर केबल डालने के लिए केंद्रीय स्वीकृति मिली है। इससे कार्यदायी संस्था को अब नगर विकास, लोक निर्माण विभाग, वन, आवास एवं शहरी नियोजन, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, विद्युत, राजस्व, सिंचाई आदि से अलग-अलग अनुमति नहीं लेनी पड़ेगी।

क्योंकि इन विभागों द्वारा कार्यदायी संस्था को केबल डालने और बदलने के लिए अनुमति और रखरखाव के लिए रोका जा रहा था। इस वजह से नेशनल ऑप्टिकल फाइबर परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। अब कार्यदायी संस्था केंद्रीय स्वीकृति से सीधे केबल डालकर जल्द घरों पर सस्ती दरों में फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन की सुविधा देगी। शासन ने संबंधित विभागों को पत्र जारी कर केंद्रीय स्वीकृति से अवगत कराया है।

2015 में सभी ग्राम पंचायतों में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट

भारत नेट प्रोजेक्ट वर्ष 2015 में सभी ग्राम पंचायत में शुरू हुआ था। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू कर शहर की तर्ज पर प्रत्येक घरों में फाइबर कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इसके एफटीटीएच कनेक्शन में 100 एमबीपीएस इंटरनेट स्पीड देने का दावा है। करीब 58 हजार ग्राम पंचायतों में नेशनल ऑप्टिकल फाइबर परियोजना का 80 प्रतिशत कार्य हो चुका है। जबकि वर्तमान में चल रहे तीसरे चरण में विभागों द्वारा रोकने से कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। देश की बात करें तो पहले और दूसरे चरण में 2,08,961 ग्राम पंचायत भारत नेट से जुड़ चुकी हैं।

स्वामी प्रसाद मौर्य अब बनाएंगे नई पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 22 फरवरी को दिल्ली में होगी घोषणा, पार्टी के लिए नाम व झंडा तैयार

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा से अलग होकर नई पार्टी बनाने के साफ संकेत दिये हैं। पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी होगा। नीला, लाल व हरे रंग की पट्टी वाले पार्टी के झंडे में बीच में 'आरएसएसपी' लिखा हुआ है। पार्टी की औपचारिक घोषणा 22 फरवरी को होना तय है। इस बीच, पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि 22 फरवरी को दिल्ली में बैठक के बाद नई रणनीति की घोषणा की जाएगी। उधर, नाराज चल रहे मौर्य को मनाने का प्रयास भी जारी रहा। सपा नेता पूर्व मंत्री राम गोविंद चौधरी मौर्य के आवास पर पहुंचे।

सूत्रों ने बताया कि 22 फरवरी को स्वामी प्रसाद मौर्य दिल्ली के तालकटोरा मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। इसी दौरान नई पार्टी की घोषणा होगी। मौर्य पिछले कई दिनों से सपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए थे। उन्होंने 13 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था।

सूत्रों ने बताया कि 2013 में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया गया था। अलीगढ़ के रहने वाले साहिब सिंह धनगर ने यह पार्टी बनाई थी। अब इसी पार्टी को 'रिलांच' करने की तैयारी है। धनगर 2014, 2017 व 2019 में इसी पार्टी से चुनाव लड़े थे।

दलितों-पिछड़ों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे : स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह दलितों और पिछड़ों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 85 और 15 का विरोध तभी कर दिया था जब सुल्तानपुर में परशुराम की मूर्ति लगाकर फरसा लहराया था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव 'सॉफ्ट हिंदुत्व' पैदा करना चाहते हैं। वह सॉफ्ट हिंदुत्व के रास्ते पर चल रहे हैं।

स्वामी फायदे के लिए सपा में आये थे : अखिलेश

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य फायदे के लिए सपा में आये थे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लाभ लेने के लिए हर कोई आता है, लेकिन मौके पर कौन टिकता है? किसी के मन में क्या है, यह कौन बताएगा? सपा प्रमुख ने कहा कि क्या ऐसी कोई मशीन है जिससे पता चल पाए कि किसके मन में क्या चल रहा है? लाभ लेकर तो हर कोई चला ही जाता है।

अखिलेश किस हैसियत में, जो मुझे लाभ देंगे : स्वामी प्रसाद

पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव किस हैसियत में हैं जो वह उन्हें लाभ देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सपा की केंद्र व राज्य में सरकार है और वह उन्हें लाभ दे रहे थे। उनके द्वारा ऐसी शेखचिल्ली बघारना उचित नहीं है। मौर्य ने कहा कि उन्होंने हमेशा पद छोड़ा। वैचारिकता को प्राथमिकता दी। विचार के सामने पद मायने नहीं रखता है। उन्होंने कहा कि बसपा में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए पद छोड़ दिया था, इसी तरह भाजपा में मंत्री रहते पद छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि यही बात विधान परिषद सदस्य की, तो वह इस पद को भी जल्द छोड़ देंगे। उन्होंने सपा नेता राम गोपाल यादव पर भी निशाना साधा। कहा, वह पता नहीं कैसे प्रोफेसर हैं। उनकी भाषा में सम्मान नहीं है। बातचीत का सलीका भी नहीं है। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के सवाल पर मौर्य ने कहा कि अवसर मिला, तो जरूर शामिल होंगे।

सार-संक्षेप

समारोह के दौरान प्रतिभाग करने वाले बच्चे, साथ में अन्य। अमृत विचार

धूमधाम से मना जूनियर दिल्ली स्कूल का वार्षिकोत्सव

अमृत विचार, लखनऊ : जूनियर दिल्ली स्कूल कमता ब्रांच में सोमवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन स्कूल के स्पोर्ट्स मैदान पर हुआ। मुख्य अतिथि प्रदीप यादव (डिप्टी एसपी) रहे। नन्हें मुन्नों के वेलकम सांग की जमकर वाहवाही हुई। खेलो इंडिया खेलो पर नाटक का मंचन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचाना था। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने बॉलीवुड धमाका, वन्देमातरम आदि की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या समीना वारसी आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अनीता शुक्ला (आरटीओ), विक्रम सिंह, प्रशांत, डॉ. आकाश सिंह, कविता शुक्ला, इरम किदवाई, आमिर वारसी समेत अन्य रहे।

राजभवन में फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी के विजेता पुरस्कृत

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन में आयोजित तीन दिवसीय 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी-2024 में सोमवार को विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रदर्शनी के व्यक्तिगत वर्ग के प्रथम पुरस्कार प्राप्त विजेता राजधानी के विश्व नारायण श्रीवास्तव को 121 अंक हासिल करने पर 51,000 रुपये व चल वैजयंती में ओम प्रकाश लोधी को 99 अंक प्राप्त करने पर द्वितीय पुरस्कार के तौर पर 31,000 रुपये, चल वैजयंती में लॉ मार्टिनियर कालेज लखनऊ को 92 अंक मिलने पर तृतीय पुरस्कार के तौर पर 11,000 रुपये और चल वैजयंती सर्वोत्तम प्रदर्शन विजेता लॉ मार्टिनियर कॉलेज लखनऊ को 11,000 रुपये दिये गये। सरकारी क्षेत्र में सर्वाधिक अंक विजेता 197 के साथ चल वैजयंती व 11,000 रुपये का पुरस्कार अधीक्षक राजभवन उद्यान को दिया गया। इसके साथ-साथ सभी वर्गों के सभी प्रथम विजेताओं, महिलाओं-बच्चों व शाकभाजी के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उद्यान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब आदि अधिकारी मौजूद रहे।

उज्जवल और प्रदीप ने बनाई राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्र उज्जवल और प्रदीप ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्था गुवाहाटी में शुरू की गई पहल नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप ड्राइव (एनईडी) में लखनऊ के 50 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें विश्वविद्यालय की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष दस संस्थानों में स्थान बनाया है। 21 फरवरी को आईआईटी गुवाहाटी में उद्गम समारोह में फाइनल राउंड होगा।

विद्यार्थियों को दिया गया नकद पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह के अवसर पर 12 से 18 फरवरी तक यूपी प्रोडक्टिविटी काउंसिल द्वारा विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के स्नातक, परास्नातक छात्र-छात्राओं के बीच उत्पादकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसके अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोडक्टिविटी इंजन फॉर इकोनामिक ग्रोथ विषय पर गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, नवयुग कन्या महाविद्यालय, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच व्याख्यान, पैनल डिस्कशन और गोष्ठियां हुई। इसी कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा 'डिजिटल लिटरेसी फॉर वूमेन' विषय पर विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक वीडियो बनाकर प्रस्तुत किया गया। उत्कृष्ट वीडियो बनाने वाले 10 विद्यार्थियों को सीबी गुप्ता बीएसएस महाविद्यालय में कार्यक्रम की डायरेक्टर डॉ. सुधा वाजपेयी और एंटरप्रेन्योर प्रियंका गुप्ता ने प्रमाणपत्र एवं दस हजार रुपये की नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया।

24 तक करनी होगी डिटेंड छात्रों की सूची अपलोड

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी। इसके पहले सभी संबद्ध संस्थानों में पढ़ रहे ऐसे छात्रों की सूची अपलोड करनी होगी। जिनको संस्थान ने डिटेंड कर दिया है। यह सूची ईआरपी पर 24 फरवरी तक अपलोड करने की अंतिम तारीख तय की गई। ईआरपी पोर्टल को खोल दिया गया है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है।

स्वास्थ्य शिविर में हुई जांच

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान की तरफ से चिकित्सा शिविर लगाया गया। संस्थान के चिकित्सकों ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के स्वास्थ्य की जांच के साथ दवाएं उपलब्ध कराई।

रंगकर्मियों ने साझा किए राज बिसारिया से जुड़े अनुभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 50 साल में जितना उन्हें जाना उससे बहुत ज्यादा जानना बाकी था : सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ
- वे मेरे गुरु से कब पिता बन गए, पता ही नहीं चला : अरुण त्रिवेदी

अमृत विचार : रंगमंच के शीर्ष अभिनेता और निर्देशक पद्मश्री राज बिसारिया का सोमवार को लालबाग स्थित हरिओम मंदिर में शांति हवन किया गया। इस मौके पर राज बिसारिया के परिवार के सदस्यों के अलावा राजधानी के चुनिन्दा रंगकर्मी शामिल हुए।

भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक, वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने कहा कि राज बिसारिया के साथ मेरे 50 साल के रिश्ते रहे। 50 साल में उन्हें जितना जाना अभी उससे बहुत ज्यादा जानना बाकी था। उन्होंने बताया कि 1975 में जब भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना हुई थी तब उनके साथ रिश्ते बने थे। तब से लेकर अब तक लगातार उनके बारे में जानता चला गया लेकिन अब लगता है कि अभी तो उनसे बहुत कुछ जानना बाकी था।

भारतेन्दु नाट्य अकादमी में निदेशक रहे अरुण त्रिवेदी ने कहा कि मैं तो शौकिया रंगमंच करने आया था लेकिन राज बिसारिया ने मुझे इस तरह से पढ़ाया कि मैं दूसरों को पढ़ाने के लायक बन गया। उन्होंने कहा कि हमारे पास तो संसाधन भी नहीं थे। ऐसा टीचर न मिला होता तो मैं कुछ भी नहीं कर पाता। मैं सिर्फ उनका शिष्य था लेकिन न जाने कब वह मेरे पिता बन गए और हमारे बच्चों के दादा बन गए यह पता ही नहीं चला। हमें तो जीवन में ऐसा कोई दूसरा नहीं मिला।

राज बिसारिया के शांति हवन में उनकी पत्नी किरण बिसारिया, बेटी रजीना, और नातिन के अलावा वरिष्ठ रंगकर्मी मृदुला भरद्वाज और परिवार से जुड़े बेहद करीबी लोग शामिल हुए। मंगलवार की शाम को पांच बजे भारतेन्दु नाट्य अकादमी में राज बिसारिया की शोकसभा की जायेगी।

अपैया में धन का बंदरबांट, होगी कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत शाह मोहम्मदपुर अपैया में विकास कार्यों में धांधली की जांच की गई तो प्रधान व सचिव ने अभिलेख नहीं दिए, न ही जांच में टीम का सहयोग किया। ऐसे में दोषी मानते हुए दोनों पर कार्रवाई की संस्तुति की गई है। शाह मोहम्मदपुर अपैया में 2018 से 23 तक कराए गए विकास कार्यों में धांधली की शिकायत पर डीपीआरओ हिमांशू शेखर ठाकुर ने जांच कराई थी। आरोप था कि अपात्रों को शौचालय दिए गए। पति-पत्नी को दोबार आवंटन किया गया। इस तरह के कई कार्य निजी हित में किए गए। इन आरोपों की 17 फरवरी को जांच करने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह व सहायक अभियंता लघु सिंचाई राहुल मौके पर पहुंचे। लेकिन, प्रधान व सचिव ने किसी तरह के अभिलेख नहीं दिए। न ही टीम का सहयोग किया। इससे पहले दोनों को नोटिस भी जारी किया था। ऐसे में जांच अधिकारी ने दोनों को दोषी मानते हुए जिलाधिकारी को आख्या भेजकर कार्रवाई की संस्तुति के लिए लिखा है।

...तो सांसद आदर्श ग्राम की नहीं बनी सड़क : बीकेटी ब्लॉक का दुर्जनपुर गांव सांसद आदर्श ग्राम योजना में चयनित है। यहां सांसद की तरफ से 200 मीटर सीसीरोड और नाली निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन, किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। संबंधित अधिकारियों ने अवगत भी नहीं कराया। जबकि सांसद स्तर से बराबर जानकारी की जा रही है। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक विकास ने बीडीओ से कार्य की जानकारी मांगी है।

5 मार्च से शुरू होंगे छात्रावासों में दाखिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आज से कर सकेंगे दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन

अमृत विचार : प्रदेश भर में खेल विभाग की देखरेख में संचालित विभिन्न खेलों के छात्रावास में दाखिले का एलान सोमवार को कर दिया गया। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने दाखिले के लिए ट्रायल से लेकर कैंप की तारीखें जारी की। इस बार खेल विभाग में दाखिले के लिए ऑनलाइन ही आवेदन करना होगा।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार खिलाड़ियों की भर्ती की प्रक्रिया 5 मार्च से शुरू हो जाएगी। खिलाड़ियों को खेल साथी डॉट कॉम पर लॉगइन कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी के अनुसार हॉस्टल में खिलाड़ियों की भर्ती प्रक्रिया की पूरी जानकारी जिला क्रीड़ा कार्यालयों से अभ्यर्थी ले सकते हैं। जिम्नास्टिक और तैराकी में 12 वर्ष आयु तक के खिलाड़ियों की भर्ती होगी। अन्य खेलों में 15 वर्ष आयु तक के खिलाड़ियों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंडलीय ट्रायल 10 मार्च को समाप्त होंगे। इसके बाद 13 मार्च से राज्य स्तरीय ट्रायल शुरू होंगे।

अफजाल को गाजीपुर से उतारने से तीखा होगा चुनावी संघर्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर से ही मुख्तार के कट्टर दुश्मन ब्रजेश सिंह के भी चुनावी मैदान में उतारने की संभावना

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की ओर से माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को गाजीपुर संसदीय सीट से उतारने से इस क्षेत्र की चुनावी लड़ाई तीखी होने वाली है। दरअसल, गाजीपुर से ही मुख्तार अंसारी के कट्टर दुश्मन माफिया ब्रजेश सिंह के भी चुनावी मैदान में उतारने की संभावना है। सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर इसकी घोषणा कर चुके हैं। ओपी राजभर गाजीपुर की ही जहूराबाद सीट से विधायक भी हैं।

अफजाल के मुकाबले ब्रजेश सिंह हो सकते हैं मैदान में : माना जा रहा है कि भाजपा भी ब्रजेश सिंह को मैदान में लाना तो चाहती है लेकिन अपना सिंबल नहीं देना चाहती। भाजपा राजभर की पार्टी से ब्रजेश सिंह को उतार कर एक तीर से दो निशाने लगा सकती है। सुभासपा के टिकट पर ब्रजेश सिंह को उतारने से जहां राजभर की इच्छा पूरी होगी वहीं, अफजाल को कड़ी टक्कर देने वाला उम्मीदवार भी मिल जाएगा।

हालांकि अखिलेश ने उम्मीदवारों के चयन में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूले का ध्यान रखने का प्रयास किया है। मोहनलालगंज संसदीय सीट से उम्मीदवार अनुसूचित जाति से हैं।

वहीं, मिश्रिख से पासी बिरादरी के पूर्व विधायक रामपाल राजवंशी को उम्मीदवार बनाया गया है। हरदोई से पासी बिरादरी की ही ऊषा वर्मा को टिकट दिया गया है। चंदौली से उम्मीदवार पूर्वमंत्री वीरेंद्र सिंह क्षत्रिय हैं। बहराइच से पूर्व विधायक रमेश गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है।

रालोद से अलग होकर भी सपा को समीकरण पर भरोसा

रालोद से अलग हो जाने के बाद सपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से पूर्व राज्यसभा सांसद हरेंद्र मलिक को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। रालोद के अलग हो जाने के बावजूद सपा को अपने समीकरण पर भरोसा है। जाट, मुस्लिम व अन्य मतों के गणित के सहारे ही सपा ने उन्हें मैदान में उतारा है। पश्चिम उप्र. की राजनीति में रसूख रखने वाले मलिक चार बार विधायक रहे और अब तक लोकसभा के भी चार चुनाव लड़ चुके हैं। इनेलो ने उन्हें राज्यसभा भेजा था। देखने वाली बात यह होगी कि साइकिल को वह कितनी दूर ले जाएंगे। सपा-रालोद गठबंधन में लोकसभा के टिकट के लिए उनका नाम सबसे आगे माना जा रहा था। लेकिन रालोद नेता उनके नाम पर सहमत नहीं थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

तीन जिलों में घूस लेते पकड़े गए सरकारी कर्मी

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने मेरठ, आजमगढ़ और अयोध्या में घूस लेने के मामले में तीन सरकारी कर्मचारियों को गिफ्तार किया है। नगर निगम मेरठ में संपत्ति लिपिक दीपक कुमार और संपत्ति अनुचर राहुल गौतम को गृहकर कम करने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर विद्यालय को कक्षा 6 से 8 की मान्यता देने के नाम पर एक लाख रुपये घूस लेते हुए सहायक लिपिक मनोज कुमार को रंगे हाथों पकड़े गए। भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने यह कार्रवाई आजमगढ़ मण्डल के सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) के कार्यालय में की है। अयोध्या में कृषि भूमि पैमाइश के लिए बीकापुर तहसील में तैनात लेखपाल मोतीलाल यादव को पांच हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया। एंटी करप्शन टीम के जोहन चौराहे पर घूस लेते हुए लेखपाल को गिरफ्तार किया।

फिल्म सिटी की छवि देख मोदी गदगद, योगी को सराहा

जीबीसी 4.0 में पीएम मोदी ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन, फिल्म सिटी के स्टॉल पर भी बिताया समय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक देखने के बाद प्रोजेक्ट से संतुष्ट नजर आए पीएम मोदी और सीएम योगी
- दिग्गज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने खुद स्टॉल पर मोदी और योगी को बताईं फिल्म सिटी की खूबियां

अमृत विचार : राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के शुभारंभ के अवसर पर पीएम मोदी ने यहां प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान वे योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी के काउंटर पर भी पहुंचे और पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी ली और संतुष्ट होने के बाद प्रयासों की प्रशंसा भी की।

उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) क्षेत्र में प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी बनने जा रही है। दिग्गज बॉलीवुड डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप मिलकर इसका निर्माण करने जा रहे हैं। जब पीएम फिल्म सिटी के स्टाल पर पहुंचे तो खुद बोनी कपूर ने उन्हें फिल्म सिटी की खासियत के विषय में पूरी जानकारी दी। पीएम मोदी इस स्टाल पर 3 से 4 मिनट तक रहे। उनके साथ सीएम योगी भी मौजूद थे।

फिल्ममेकर्स को मिलें वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि पीएम मोदी ने चुनिंदा स्टाल पर ही समय दिया। इस दौरान वो फिल्म सिटी के स्टाल पर भी आए, जहां उन्हें बोनी कपूर ने फिल्म सिटी के हर पहलू के विषय में जानकारी। बोनी कपूर ने बताया की उन्होंने दुनिया भर की फिल्म सिटी का अध्ययन कर यूपी में नई फिल्म सिटी के कॉन्सेप्ट को तैयार किया है। यह फिल्म सिटी ऐसी होगी जहां फिल्ममेकर्स सिर्फ अपना आइडिया लेकर आएंगे और पूरी फिल्म बनाकर यहां से जाएंगे। बाकी सभी संसाधन उन्हें फिल्म सिटी में ही मिल जाएंगे। इस फिल्म सिटी में प्रदेश और देश ही नहीं बल्कि विदेशी लोकेशंस के भी सेट लगाए जाएंगे। पीएम मोदी इन जानकारियों से प्रसन्न नजर आए। उन्होंने सीएम योगी को ऐसा प्रोजेक्ट यूपी में लाने के लिए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई की जैसा बताया जा रहा है, फिल्म सिटी बनने के बाद यह उससे भी बेहतर होगी और यहां आने वालों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान बोनी कपूर के प्रेजेंटेशन से सीएम योगी भी खुश नजर आए। उन्होंने भी पीएम मोदी को फिल्म सिटी के बारे में ब्रीफ किया।

भविष्य के प्रोजेक्ट की दिख रही झलक

राजीव अरोड़ा ने बताया कि जीबीसी के लिए बनाए गए फिल्म सिटी के स्टॉल में हमने फिल्म सिटी की खूबियों को दिखाने का प्रयास किया है। फिल्म सिटी में हम थीम पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, स्टूडियोज, गोल्फ क्लब, प्रमुख मंदिर समेत कई तरह के पर्मानेंट सेट लगाने जा रहे हैं, जिसकी प्रतिकृति इस स्टॉल पर देखने को मिलेगी। कर्व स्क्रीन के माध्यम से भविष्य में फिल्म सिटी कैसी होगी इसकी अनुभूति की जा सकती है। अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर, उत्तराखंड के चार धामों में शामिल केदारनाथ धाम समेत देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ स्टेटवाइज प्रमुख लोकेशंस के सेट भी इसका हिस्सा होंगे। फिल्म सिटी में लंदन, कनाडा, स्विट्जरलैंड जैसी प्राइम लोकेशंस के भी सेट्स होंगे, जबकि फाइव स्टार होटल, फाउंटेन और अन्य बहुत सारी चीजों का समावेश होगा। यहां एक साथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी।

बॉलीवुड गायिका मोनाली ठाकुर के गीतों पर झूमे युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 भी राममय हो उठा। बिरजू महाराज कथक संस्थान के कलाकारों ने जैसे ही राम स्तुति पर कथक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी, जय श्रीराम की गूंज से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गुंजायमान हो उठा तो मुंबई से आईं बॉलीवुड गायिका मोनाली ठाकुर के गीतों का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोला। सोमवार सुबह से ही लखनऊ की सड़कें यूपी के लोकनृत्यों की खुशबू से महक उठीं।

बिरजू महाराज कथक संस्थान की संजीवनी श्रीवास्तव, अत्रांशी सिंह, जयश्री श्रीवास्तव, जाह्नवी तिवारी, वैदेही बाथम आदि कलाकारों ने राम स्तुति पर कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर पूरे माहौल को राममय कर दिया। प्रस्तुति निर्देशन सरिता श्रीवास्तव व नृत्य निर्देशन राजेंद्र गंगानी का रहा। बॉलीवुड गायिका मोनाली ठाकुर ने जैसे ही मंच संभाला, उनके गाने का जादू युवाओं के सिर चढ़कर बोलने लगा। ये मोहे मोहे के धागे तेरी अंगुलियों से जा उलझे, छम छम छम आदि गीतों पर युवा झूम उठे।

यूपी की संस्कृति का दीदार कर अभिभूत हो उठे आगंतुक

जीबीसी 4.0 में देश के अनेक कोने से आए आगंतुकों ने एयरपोर्ट से लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक यूपी की संस्कृति का दीदार किया। यहां के लोकनृत्य देखकर हर कोई बोल उठा-अद्भुत। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के गेट नंबर-एक पर मथुरा के राजेश शर्मा व उनकी टीम के सदस्यों ने मयूर लोकनृत्य प्रस्तुत किया। 1090 चौराहे पर आजमगढ़ के उमेश कन्नौजिया व उनकी टीम का धोबिया लोकनृत्य देखने रुके राहगीरों ने करतल ध्वनि से हौसलाअफजाई की।

देश-विदेश के उद्योगपति खोल रहे उत्तर प्रदेश के लिए खजाना

मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार की साख का असर

गोलेश स्वामी
राजनीतिक विश्लेषक

जीबीसी पर विशेष

लखनऊ में सोमवार को संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जीबीसी के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोगों को यह संदेश देने में सफल रहे हैं कि उनके पारदर्शी शासन, फलदाई नीतियों व बेहतर कानून व्यवस्था का ही यह कमाल है कि देश-विदेश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश के लिए अपना खजाना खोलने से अब कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं। इस जीबीसी के जरिए यूपी में दस लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पूंजी की लागत से 14 हजार उद्योग स्थापित होंगे। इनकी स्थापना से 34 लाख से अधिक लोगों को नौकरियों के मौके मिलेंगे। यह औद्योगिक निवेश वास्तव में जमीन पर उतरने के बाद यूपी के नौजवानों के लिए भाग्य का पिटारा खोलेगा। आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भी इस समारोह का जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाना तय है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यूपी को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को आसान बनाने में आज की जीबीसी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसमें कोई शक नहीं कि यूपी की गिनती कभी पिछड़े राज्यों में होती थी। लेकिन वर्ष-2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और वर्ष-2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एनडीए की सरकारों के बनने के बाद देश के साथ-साथ यूपी में औद्योगिक विकास बढ़ने लगा। यही वजह रही कि दोनों सरकारों ने क्रमशः 2019 और 2022 में स्वयं को रिपीट किया। आज यूपी की गिनती पिछड़े राज्य की बजाए देश की सबसे बड़ी दूसरी अर्थव्यवस्था के रूप में होती है। देश की जीडीपी में भी यूपी का योगदान 9.2 फसदी का है। ईज- आफ डूईंग बिजनेस स्टेट रैंकिंग में देश में यूपी अचीवर स्टेट है। यूपी में 25 से ज्यादा निवेश फ्रेंडली नीतियां हैं। सिंगल विंडो निवेश मित्र व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री योगी की हनक के चलते अब उद्योगपतियों से रंगदारी मांगने की हिम्मत कोई नहीं कर पाता। अनेक गुंडे-माफिया पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। जबकि बाकी बचे हुए माफिया या तो यूपी छोड़ गए हैं या जेल में अपने दिन गिन रहे हैं। सरकारी तंत्र की प्रभावी पैरवी कई माफियाओं को सजा दिलवाकर जेलों की सलाखों के पीछे भेजने में सफल रही है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री मोदी की इन बातों में दम है कि बीते वर्षों में यूपी में क्राइम कम हुआ है। व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। यानी यह सेरेमनी का आकलन सिर्फ निवेश से ही नही है बल्कि इसका खास संदेश यह भी है कि भारत के लिए विश्वभर में सकारात्मकता का माहौल है। देश में मोदी की गारंटी यूं ही नहीं है बल्कि इसलिए है क्योंकि दुनियां अब भारत को बेहतर रिटर्न मानने लगी है। मोदी लोकल फार वोकल का संदेश देने से यहां भी नहीं चूके। उनका यह कहना कि लोग देश-प्रदेश में जहां भी पर्यटन या धार्मिक स्थल पर जाएं दस फीसदी लोकल सामान खरीदने पर जरूर खर्च करें, इससे स्थानीय लोगों के रोजगार यानी छोटे दुकानदारों को मजबूती मिलेगी।

आज का दिन जीबीसी के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहा। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी पहले संभल में स्थित कल्कि पीठ के धार्मिक समारोह में शामिल हुए, लेकिन यह समारोह पश्चिम यूपी खासकर मुस्लिम बाहुल्य संभल लोकसभा और आसपास के क्षेत्र की राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था। धार्मिक समारोह होते हुए भी मोदी जी और योगी जी यहां से सकारात्मक सियासी संदेश देने में सफल रहे। यह वही कल्कि पीठ है जिसके पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं जो कांग्रेस के खास प्रवक्ता रहे हैं। राजनीतिक बहसों में कांग्रेस का बचाव करते थे। लेकिन कांग्रेस द्वारा अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण ठुकराने से इतना नाराज हुए कि उन्होंने कांग्रेस के इस फैसले का खुलकर विरोध किया जिसके एवज में उन्हें कांग्रेस से निष्कासन सहना पड़ा। आचार्य का तर्क अपनी जगह सही भी था कि आप मोदी का विरोध करिए, राम और राम मंदिर का विरोध करके आपने ठीक नहीं किया।

उन्होंने तो यहां तक कह दिया था कि कांग्रेस में रहते हुए वे राहुल गांधी से एक साल में नहीं मिल सके, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी से एक दिन में मिल लिए। उनका सीधा निशाना कांग्रेस हाईकमान था, इसलिए उनका निष्कासन तय था। बहरहाल, लोकसभा चुनाव की बेला में भाजपा इस मौके को क्यों नहीं भुनाती। मोदी जी ने आचार्य प्रमोद कृष्णम के कल्कि पीठ में मंदिर शिलान्यास समारोह का पहले आमंत्रण स्वीकार करके और उसमें भाग लेकर अपनी राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया। साथ ही आचार्य के सहारे संभल और आसपास की मुस्लिम सीटों के लिए अपना सियासी संदेश देने में सफल रहे हैं। खासकर इसलिए कि मुस्लिम बाहुल्य सीट संभल से सपा के कट्टर मुस्लिम नेता शफीकुर्ररहमान बर्क सांसद हैं। रालोद पहले ही एनडीए के साथ आ चुका है। रालोद के साथ आने से एनडीए खासकर भाजपा को पश्चिमी यूपी में खासी मजबूती मिली है। आचार्य प्रमोद की कल्कि पीठ का इस क्षेत्र में खासा प्रभाव है। यह भी तय है कि अब प्रमोद भाजपा का ही दामन थामेंगे। जिसका लाभ फायदा को ही मिलेगा। मोदी यहां आचार्य प्रमोद के कल्कि मंदिर समारोह में जहां पांच सदियों बाद बने अयोध्या के भगवान राम के मंदिर का जिक्र करना नहीं भूले, वहीं विपक्ष को वंशवाद की राजनीति पर नसीहत भी दी। कहने का तात्पर्य यह है कि आज के दोनों समारोह यूपी के विकास से ही संबंधित थे यानी पहले का संबंध जहां धार्मिक विकास से है, वहीं दूसरा समारोह औद्योगिक विकास और युवाओं को नौकरियों के लिए द्वार खोलने की दृष्टि से खास संबंध रखता है। निष्कर्ष साफ है कि इन दोनों ही कार्यक्रमों और मोदी-योगी की डबल इंजन की सरकार की साख और रसूख का फायदा निश्चित रूप से आगामी लोकसभा चुनाव में मिलेगा और एनडीए की यूपी में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने की रणनीति आसान होगी।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी काष्ठ उद्योगों के लिए संजीवनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार को दिया धन्यवाद

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी काष्ठ उद्योगों के लिए संजीवनी की तरह रही। राजधानी में कई जिलों से जुटे टिम्बर कारोबारियों ने एमओयू साइन किए। सेरेमनी में आए छोटे निवेशकों ने भी विकास में अपनी भागीदारी कर रफ्तार दी। इनमें प्लाईवुड कारोबारियों ने 30 करोड़, विनियर उद्योग से 20 करोड़, पीलिंग व्यापारियों ने 10 करोड़ और बड़ी संख्या में प्रदेश के जिलों से आए टिम्बर व्यापारियों ने कई करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह दावा उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने किया।

उन्होंने बताया कि टिम्बर व्यवसाइयों को इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से संजीवनी मिली है। बीते दिनों व्यवसाइयों ने वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के समक्ष अपनी समस्याएं रखी थीं। इस पर वन मंत्री ने सभी पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को एमओयू साइन करवाने के लिए कहा था, जिसके बाद एसोसिएशन ने प्रदेश के पदाधिकारियों का काष्ठ आधारित उद्योगों के अंतर्गत एमओयू साइन करवाया। वन विभाग द्वारा पहले ही निवेशकों के लिए पोर्टल खोल दिया गया था। सभी निवेशकों ने अपनी रजिस्ट्रेशन फीस ऑनलाइन जमा कर दी और वन विभाग ने काष्ठ आधारित उद्योगों के अंतर्गत लाइसेंस दिए जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी। उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से एक बड़ी धनराशि के निवेश को लेकर हस्ताक्षर किए हैं।

कार्यालय- मार्ग प्रकाश विभाग
नगर निगम कानपुर

अति अल्पकालीन सा0 निविदा सूचना

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत विद्युत सामग्री क्रय एवं टैम्प्रेरी कार्य हेतु जनरल सप्लायरों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुसार 03 कार्य हेतु अति अल्पकालीन सामान्य निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की बेवसाइट www://kmc.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय	20.02.2024 दोपहर 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि व समय	20.02.2024 सायं 4: 00 बजे
कार्य की संख्या	03

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्तें उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

Ro no 383
प्रभारी अभियन्ता (विद्युत)
नगर निगम कानपुर
नगर आयुक्त
नगर निगम कानपुर

सार-संक्षेप

चलती कार बनी आग का गोला

अमृत विचार, काकोरी : पारा इलाके में शार्ट सर्किट से चलती कार आग का गोला बन गयी। समय रहते चालक समेत अन्य सवार बाहर निकल गये। इससे जान बच गई। पुलिस चौकी मोहान रोड प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया सोमवार रात 9 बजे चालक मुकेश कुमार निवासी छपरा बिहार कार में चार अन्य लोगों को बिठाकर बुद्धेश्वर जा रहे थे। पारा के दृष्टि बाधित स्कूल के पास मोहान रोड पर तेज रफ्तार कार में शार्ट सर्किट के आग लग गई। इससे कार आग का गोला बन गई। चालक मुकेश ने सूझ बूझ दिखाते हुये आनन-फानन कार रोकी। इसके साथ ही मुकेश समेत चारों सवार समय रहते कार से उतर गये। उनके उतरते ही आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह की सूचना पर जब तक दमकल कर्मी पहुंचे कार पूरी तरह से जल चुकी थी। चौकी प्रभारी ने बताया कोई जनहानि नहीं हुई है।

प्रेस हीट होने से कमरे में लगी आग, सामान खाक

अमृत विचार, आलमबाग : प्रेस हीट होने से सोफे में लगी आग ने कमरे में रखा लाखों का सामान स्वाहा कर दिया। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एल निवासी सुमन सिंह ने बताया सोमवार दोपहर घर के पीछे के कमरे में प्रेस कर रहीं थी।उन्होंने बटन दबाया, लेकिन प्रेस बंद नहीं हुआ। कुछ देर बाद कमरे से धुआं उठता देख चीख पुकार कर मोहल्ले वालों को मदद के लिए बुलाया। तब तक सूचना पर बंगला बाजार चौकी इंचार्ज पहुंचे। उन्होंने आनन-फानन लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। जब तक आग पर काबू पाया गया कमरे में रखा सोफा, कालीन समेत लाखों का सामान जल कर खाक हो चुका था। समय रहते आग पर काबू पाने से जनहानि नहीं हुई। सुमन ने बताया उनकी तीन बेटियां नीलम, शिल्पी, पिंकी और एक बेटा शुभम सिंह है। शुभम व शिल्पी प्राइवेट नौकरी करते हैं। पति सेना में थे, उनका निधन हो चुका है।

ट्रेन के इंजन में फंसा युवक पांच किमी घिसटा, मौत

अमृत विचार, लखनऊ : रहीमाबाद थाना क्षेत्र में क्रासिंग पार कर रहा युवक ट्रेन की चपेट में आकर इंजन में फंस कर करीब पांच किमी तक घिसटते चला गया। इससे उसकी मौत हो गयी। कैथुलिया निवासी किसान दिनेश पाल (35) रविवार रात 9 बजे किसी काम से घर से निकले थे। रास्ते में क्रॉसिंग पार करते समय वह संडीला की ओर से आई गरीबरथ एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। दिनेश ट्रेन के इंजन में फंस कर करीब पांच किमी तक घिसटते चले गए। दिलावर नगर रेलवे स्टेशन पर चालक ने ट्रेन के इंजन में दिनेश को फंसा देख रेलवे कर्मचारियों को सूचना दी। कर्मचारियों ने शव इंजन से निकाला। जब तक मौके पर पहुंचे जीआरपी कर्मियों ने दिनेश के परिजनों को घटना की सूचना दी। जीआरपी ने पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

रेल कर्मी का स्कूल के समीप मिला शव

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी इलाके में ड्यूटी से घर लौट रहे रेलवे कर्मी का शव दूसरे गांव के प्राथमिक स्कूल के समीप पड़ा मिला। थर गांव निवासी राज किशोर (55) रेलवे विभाग में हमाल थे। रविवार दोपहर राजकिशोर साइकिल से ड्यूटी पर गये थे। जहां से रात करीब 11 बजे उन्होंने बेटे इंद्रजीत को फोन पर पेट दर्द की जानकारी दी। बेटे ने दवा लेकर पिता से आलमबाग निवासी बेटी के घर जाने की सलाह दी। राजकिशोर ने अपने घर आने की बात कही, लेकिन पूरी रात वह नहीं पहुंचे। सोमवार सुबह कलिया खेड़ा के ग्रामीणों ने उनका शव प्राथमिक विद्यालय के समीप पड़ा देख परिजन व पुलिस को सूचना दी। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण पता चलेगा।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार दरोगा घायल

सरोजनीनगर, लखनऊ : बंथरा थाने में तैनात उप निरीक्षक गोविंद सिंह चंदेल सोमवार को कस्बे में बाइक पर जा रहे थे। कानपुर रोड पर पीछे से आये तेज रफ्तार वाहन ने दरोगा की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गोविंद घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरोगा को जुनाबगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बंथरा पुलिस आरोपी वाहन चालक की पहचान का प्रयास कर रही है।

कुलपति कार्यालय का एनएसयूआई ने किया घेराव

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने स्कॉलरशिप फॉर्म समय से जमा कर दिया था। इसके बावजूद अभी तक विवि प्रशासन की ओर से फॉर्म समाज कल्याण विभाग को नहीं भेजा। नाराज एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने सोमवार को कुलपति के कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। आश्वासन के बाद छात्र शांत हुए। संगठन के इकाई अध्यक्ष शुभम खरवार ने बताया कि स्कॉलरशिप फॉर्म समाज कल्याण विभाग को फॉरवर्ड न होने के मामले में सोमवार को करीब 50 छात्रों के साथ कुलपति कार्यालय का घेराव कर विरोध जताया गया। इस मौके पर अहमद राजा खान, प्रिंस प्रकाश, राणा सुधांशु, अंकुश चौहान, शशांक पांडेय, सोहिब अली, कार्तिकेय मिश्रा, सुधीर कुमार मौजूद रहे।

पशु पालन को मिली उड़ान, लगेंगी 229.90 करोड़ की इकाइयां

अमृत विचार, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में पशु पालन इकाइयों के लिए किए गए निवेश प्रस्ताव को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हरी झंडी मिल गई। इससे राजधानी में 10 उद्यमी पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ उत्पादों को बढ़ाएंगे और हजारों लोगों को रोजगार के अवसर देंगे। जिले में ऐसी 229.90 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है और सभी निवेशकों ने बड़ी-छोटी इकाई लगाने के लिए निर्माण समेत सभी प्रक्रिया पूरी कर ली है। उप निदेशक डॉ. एके मिश्रा (पोल्ट्री) ने बताय कि इस तरह से प्रदेश में पशुधन के क्षेत्र में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत 532 निवेशकों की परियोजनाओं के साथ 2131.65 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। जल्द पशु पालन विभाग के सहयोग से इकाइयां धरातल पर उतरेंगी। राजधानी में बनेगी 111 करोड़ से स्मार्ट गोशाला : राजधानी में यूं तो पशु पालन की इकाइयों में पोल्ट्री फार्म, बकरी फार्म, सूकर फार्म, ब्रीड मल्टीप्लीकेशन फार्म आदि शामिल हैं। जहां 100 से 30 हजार पशुओं की क्षमता निर्धारित की गई है। लेकिन, इसमें सबसे खास प्रोजेक्ट स्मार्ट गोशाला का है। जो निवेशक ब्रिजेंद्र कुमार दुबे 111 करोड़ रुपये से स्थापित करेंगे। यहां 1500 गाय पालकर डेयरी लगाई जाएगी। दूध बिक्री के साथ उससे बने उत्पाद बेचे जाएंगे। यहां 5550 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह निवेशक निशांत कुमार सक्सेना 100 करोड़ रुपये से प्रीमियम चिक फीड्स यानी मुर्गियों का आहार की यूनिट लगाएंगे। यहां 150 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इमराना और जावेद को रिमांड पर लेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों को आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ
- टाइमर बम बनाने की असल मंशा तक पहुंचने की होगी कोशिश

अमृत विचार : मुजफ्फरनगर पुलिस टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना और उसे बनाने वाले जावेद को एक साथ रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। पुलिस यह पता करेगी कि कितने टाइमर बम बनवाए गए और उसके पीछे क्या योजना थी।

दरअसल, शनिवार और रविवार को पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने इमराना से लगातार कई घंटे तक पूछताछ की, लेकिन बम बनवाने के पीछे के असल 'राज' से परदा नहीं उठ सका है। इमराना ने सिर्फ इतना बताया है कि झगड़ा व दंगा में काम आने के लिए टाइमर बम बनवाया गया। हालांकि खुफिया एजेंसियों पर उसकी कहानी पर भरोसा नहीं हो रहा है। एसटीएफ और खुफिया एजेसियां अब इमराना और जावेद से जुड़े लोगों की भी तलाश कर रही है। एजेसियां अब मुजफ्फनगर के मीरापुर के उस व्यक्ति की तलाश में जुटी है, जिससे बारूद लाकर जावेद बम बनाता रहा है। उससे यह पता किया जाएगा कि बारूद बेचने का उसके पास लाइसेंस है या नहीं। उधर, एक टीम इमराना के बैंक खाते भी खंगाल रही है। ताकि यह पता चल सके है कि उसे कहीं से फंडिंग तो नहीं हो रही थी।

शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई)
सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड–228172
(डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

आवश्यकता है

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है– प्रवक्ता (बी0एड0)– 02 पद, शा0 शिक्षा (बी0एड0)– 01 पद, संगीत (बी0एड0)– 01 पद, **स्नातक विज्ञान संकाय–** वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व गणित प्रत्येक में एक–एक पद, **स्नातक कला संकाय–** अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, हिन्दी, संस्कृत प्रत्येक में दो–दो पद, **परास्नातक कला संकाय–** हिन्दी, गृहविज्ञान व समाजशास्त्र प्रत्येक में दो–दो पद। योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्ते यू0जी0सी0/ एन0सी0टी0ई0 राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं अनुभव के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें।

प्रबन्धक – सीताराम वर्मा, मो0–9415137463, 9415393096

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 1562 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 27/02/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती रामश्री पत्नी रामकिशोर गुप्ता	श्री पंकज कुमार पुत्र रामगोपाल सोनी	बुधौलियाना –1	16	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

कार्यालय प्रबन्धक सन्जू देवी तेजनारायण उ0मा0 विद्यालय, बेनीगंज- वि0ख0 कोथावां, जनपद हरदोई

पत्रांक– / tender notice/2023–24 दिनांक –19/02/24

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

विकास खण्ड कोथावां अन्तर्गत सन्जू देवी तेजनारायण उ0मा0 विद्यालय बेनीगंज जनपद हरदोई में मा0 विधायक श्री रामपाल वर्मा जी की विधायक निधि द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म/सप्लायरों से मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 27.02.2024 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जाएगी। जो उसी दिन अपरान्ह – 04.00 बजे प्रबन्धक कार्यालय में गठित निविदा समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी। कार्यवार निविदा प्रपत्र दिनांक 20.02.2024 से 27–02.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किए जा सकते हैं। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	प्राक्कलन की स्वीकृत लागत जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की लागत जी0एस0टी0 सहित (रू0 में0	जमानत धनराशि (रू0 में)	निविदा मूल्य (रू0 में0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	सन्जू देवी तेजनारायण उ0मा0 विद्यालय बेनीगंज वि0ख0 कोथावां, जनपद हरदोई में शिक्षण कक्ष निर्माण हेतु सामग्री की आपूर्ति	9.73 लाख रू0	7,41,091 रू0	15000 रू0	500 रू	3 माह

निविदा की शर्तें निम्नवत् हैं–
1. निविदा में निर्माण कार्य की दरें प्रतिशत में उल्लेख करना अनिवार्य है एवं पैसे में प्रस्तुत निविदा मान्य न होगी। 2. निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र के साथ 100 रु0 का स्टांप एवं रुपए एक का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा । 3. निविदादाता आयकर देने वाला हो तथा वाणिज्यकर कार्यालय में पंजीकृत हो, जिस पर जीएसटी नंबर अंकित हो कि प्रमाणित पैन नंबर एवं जीएसटी नंबर की छाया प्रति संलग्न की जाए। 4. निविदादाता की निविदा स्वीकृत होने पर नियमानुसार टैक्स की अनुमन्य कटौती की जाएगी। 5. निविदा के साथ कालम 5 में अंकित जमानत धनराशि संबंधित कार्यो के अनुसार अवश्य संलग्न होनी चाहिए। धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक में से निर्गत फिक्स डिपॉजिट रसीद एन0एस0सी0 पोस्ट ऑफिस पासबुक जोकि संबंधित प्रबंधक के पदनाम से एक वर्ष की अवधि तक बंधक हो निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्त की जाएगी। जिसके संबंध में आपका कोई भी दावा मान्य ना होगा। 6. फर्म/सप्लायर कार्यस्थल का भली भांति परीक्षण कर लें। निविदा स्वीकृत के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण / आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। जिसके संबंध में कोई भी दावा मान्य न होगा। कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में विवाद निपटारा होने तक निर्माण कार्य का कोई भी भुगतान नहीं किया जाएगा और न ही भुगतान संबंधी कोई दावा आपत्ति मान्य होगा। 8. ऐसे निविदादाता जो कि राज्यबार काउंसिल में पंजीकृत हैं उनको टेंडर प्रक्रिया में भागीदारी की अनुमति नहीं है। 9. एक अथवा समस्त निविदादाताओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रबन्धक
सन्जू देवी तेजनारायण उ0मा0 विद्यालय
बेनीगंज वि0ख0 कोथावां, जनपद हरदोई

राजर्षि दशरथ स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या

आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सभी स्तरों पर रेड ट्राइएज रोगियों (समय संवेदनशील और अन्य आपातकालीन) के बीच गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए सुविधा–आधारित आपातकालीन देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुकूली मॉडल नामक परियोजना में रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विवरण नीचे उल्लिखित हैं।

पद	पदों की संख्या	योग्यता	आयु सीमा	वेतन
प्रोजेक्ट नर्स II	7	आवश्यकः न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए तीन वर्षीय जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफ (जीएनएम) पाठ्यक्रम वांछनीयः आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी।	30 साल	ICMR के अनुसार जूनियर नर्स रु. 20,000/+ 1800 (9% HRA) मासिक
प्रोजेक्ट नर्स III	7	आवश्यकः न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए चार वर्षीय नर्सिंग पाठ्यक्रम वांछनीयः आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी।	35 साल	ICMR के अनुसार स्टाफ नर्स रु. 28,000/+ 2520(9%HRA) मासिक

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2024 शाम 5:00 बजे तक है। केवल लघु–सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
चयनित उम्मीदवार से तत्काल ज्वाइनिंग का अनुरोध किया जाता है।
आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं: https://docs-google-com/forms/d@e/1FAIpQLSeRntbhj50aUtgkKZCIesNneYLajqKIOp09dmv oXt oYIgeDA/viewformusp=sf link

डॉ सत्यजीत वर्मा,
साइट प्रमुख अन्वेषक, प्रोफेसर एवं एचओडी
सर्जरी विभाग, आर.डी.ए.एस.एम.सी,
अयोध्या उत्तर प्रदेश

राजर्षि दशरथ स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या

आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित समय स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सभी स्तरों पर रेड ट्राइएज रोगियों संवेदनशील और अन्य आपातस्थितियोंके बीच गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए शीर्षक वाली आधारित आपातकालीन देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुकूली मॉडल–सुविधा परियोजना में रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विवरण नीचे उल्लिखित हैं।

पद	योग्यता	आयु सीमा	वेतन
परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक। (चिकित्सा)	**आवश्यक:** एमबीबीएस/एमवीएससी/बीडीएस **वांछनीय:** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में नैदानिक/अनुसंधान अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी	35 साल	ICMR के अनुसार वैज्ञानिक रु. 67,000/+ 6,030 (9% HRA) मासिक
परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक । (गैर– चिकित्सा)	**आवश्यक:** एकीकृत पीजी डिग्री सहित प्रथम श्रेणी स्नातकोत्तर डिग्री या द्वितीय श्रेणी स्नातकोत्तर डिग्री, जिसमें पीएचडी के साथ एकीक्रत पीजी डिग्री शामिल है **वांछनीय:** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुसंधान अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी	35 साल	ICMR के अनुसार वैज्ञानिक रु. 56,000/+ 5,040(9%HRA) मासिक

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 5 मार्च 2024 शाम 5:00 बजे तक है। केवल लघु–सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट (नॉन–मेडिकल) के लिए साक्षात्कार की तारीख 7 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे से और प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट (मेडिकल) के लिए साक्षात्कार की तारीख 8 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे से है। आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSe60Opej041-TrfHt4ec5AFPR35IelbYfim7JgD93BCXNW2D4w/viewform\usp=sf link साइट पीआई नाम, पता और हस्ताक्षर

डॉ सत्यजीत वर्मा,
साइट प्रमुख अन्वेषक, प्रोफेसर एवं एचओडी
सर्जरी विभाग, आर.डी.ए.एस.एम.सी,
अयोध्या उत्तर प्रदेश

एक नजर

जालसाजी के आरोप में लखनऊ का युवक बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में फरार चल रहे लखनऊ के गुड़ंबा थाना क्षेत्र के पल्का मजरे बेहटा निवासी सैय्यद अतहर हुसैन को सतरिख पुलिस की टीम ने सोमवार को किसान पथ अंडर पास के पास से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि पकड़े गए जालसाज के पास से 14 एटीएम, आधार कार्ड, विजटिंग कार्ड व पैनकार्ड आदि बरामद किये गये।

जेल भेजे गए चार वारंटी और 26 वांछित

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने चार वारंटी और 23 वांछित आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। वहीं अलग-अलग मामलों में 16 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया।

छह बोटा आम की लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली पुलिस की टीम ने सोमवार को छह बोटा आम की लकड़ी के साथ उजरवारा पुरवा निवासी नवी अहमद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकके खिलाफ वन सरंक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

विभिन्न स्थानों से चाकू के साथ दो आरोपी पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : जैदपुर और कोठी पुलिस टीम ने चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जैदपुर पुलिस की टीम ने सोमवार को जैदपुर कस्बे के बुनकर कॉलोनी निवासी सलमान और कोठी पुलिस ने धौरहरा निवासी अवधेश को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

एक करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रामनगर पुलिस ने बरियारपुर गांव के पास से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : रामनगर थाने की पुलिस टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की। यह जानकारी सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) डा. अखिलेश नारायण सिंह ने पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एएसपी ने बताया कि रामनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पाण्डेय की टीम ने थाना क्षेत्र के बरियारपुर के पास रविवार को एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। उसके पास से एक करोड़ रुपये से अधिक की कीमत की एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। तस्कर कोठी के महरूपुर मजरे अकनपुर निवासी रंजीत ने बताया कि वह एक व्यक्ति से स्मैक लेकर ग्राहक को देने जा रहा था। इसके बदले उसे रुपये देने की बात कही गयी थी। वह मकबूलपुर से उसके साथ बाइक से यहां तक आया था। उसके बाद वह व्यक्ति उसे छोड़कर ग्राहक को लाने की बात कहकर वहां से चला गया था।

पत्रकारों से वार्ता करते अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह।

बाराबंकी में लगी पहली मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री

सुविधा

- बनाये जा रहे बायोप्सी निडिल व कोरोनरी स्टंट
- अभी तक आयात पर निर्भर था भारत, 20% रह जाएगी कीमत

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : बाराबंकी में एक ऐसी मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री की शुरुआत हुई है जो देश में कहीं नहीं है। यह उद्योग बायोप्सी निडिल व कोरोनरी स्टंट का निर्माण करेगी। बायोप्सी निडिल कैंसर और ट्यूमर के डिटेक्शन में काम आती है जबकि कोरोनरी स्टंट (छल्ला) हृदय रोग के ऑपरेशन में प्रयुक्त किया जाता है। अभी तक यह मेडिकल डिवाइस अमेरिका व अन्य देशों से आयात की जाती रही है।

डॉ. प्रताप।

कुर्सी रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में डिवाइस का ट्रायल 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही इसके कामर्शियल उत्पादन की अनुमति मिल जाएगी। इस डिवाइस इंडस्ट्री के लिए डीआइजीसी ने 15 नवंबर को ही ट्रायल लाइसेंस दे दिया था। कामर्शियल लाइसेंस जल्द ही जारी हो जाने की संभावना है। इसके बाद भारत उस डिवाइस के निर्माण में आत्मनिर्भर बन जाएगा। जिस पर अभी तक आयात में करोड़ों रुपए खर्च किए जाते रहे हैं।

अमृत विचार से खास बातचीत में उद्योग के संस्थापक चिकित्सक डॉ. प्रताप ने बताया कि वह एक मल्टी स्पेशियलिटी सरकारी अस्पताल में काम कर रहे थे। वहीं से उन्हें इसके उत्पादन की प्रेरणा मिली।

उन्होंने इसके लिए एक रिसर्च टीम गठित की। स्वयं के प्रयास से मॉडल तैयार किया। अभी तक का ट्रायल्स सफल रहा है। ट्रायल के लिए उन्होंने अपोलो बायोसेंस सेंटर से करार किया है।

डॉ. प्रताप का दावा है कि जिस दर पर हम विदेशों से यह डिवाइस आयात कर रहे हैं, उसकी 20 फीसदी लागत पर ही हम इसे तैयार कर लेंगे। बाजार में भी यह 60 फीसदी कम कीमत पर उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री के लिए 10 हजार वर्ग फुट जगह की जरूरत होती है। हमें 3200 वर्ग फुट की जगह मिल पाई। जिससे हमने तीन मंजिला इमारत में इसका प्रोडक्शन ट्रायल शुरू किया। शुरुआत 6 करोड़ से की थी। अब तक इसमें 9 करोड रुपए इन्वेस्ट किए जा चुके हैं। इंडस्ट्री की शुरुआत करने में उन्हें प्रशासन के साथ-साथ अपने साथियों का भी सहयोग मिला। अब कामर्शियल उत्पादन शुरू होने के साथ ही देश को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो भी युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं, उन्हें अपनी ऊर्जा उद्योग की स्थापना में लगानी चाहिए। जिससे न केवल वे दूसरों को रोजगार देने में सक्षम होंगे बल्कि देश को भी इसका लाभ मिलेगा।

561 छात्रों ने छोड़ी मदरसा बोर्ड की परीक्षा

बाराबंकी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा में सोमवार को दोनों पालियों से 561 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सुबह की पाली में सेकेंड्री अरबी और फारसी की परीक्षा में पंजीकृत 1639 में से 1243 तो दूसरी पाली में 1432 में से 1267 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

इस बार की मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 11 केंद्रों पर कराई जा रही हैं। सुबह की पाली में सेकेंड्री अरबी और फारसी की परीक्षा कराई गई। पहली पाली में पंजीकृत 1639 में से 1243 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें सेकेंड्री अरबी के 622 तो सेकेंडरी फारसी के 621 परीक्षार्थी शामिल रहे जबकि सेकेंडरी अरबी के 204 तो सेकेंड्री फारसी के 192 विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी।

बैलगाड़ी से दिल्ली जा रहे किसानों को रोका

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : विभिन्न मांगों को लेकर अन्नदाता भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने बैलगाड़ी पर सवार होकर दिल्ली कूच का एलान कर दिया। प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने उन्हें दिल्ली जाने से रोका। यूनियन के जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को संबोधित 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा नायब तहसीलदार को सौंपा।

तहसील रामनगर के दुर्गापुर गांव में अन्नदाता किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि चुनाव में बैलट पेपर की व्यवस्था लागू की जाये। किसानों के विकास के लिए पेंशन के साथ-साथ कृषि की अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाये। बैठक के बाद किसानों ने पांच बैलगाड़ियों के साथ दिल्ली कूच का एलान कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार रामजीत यादव मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाकर दिल्ली जाने से रोका। इस मौके पर भारतीय लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष केके गुड्डू यादव, लवकुश यादव, अमित आदि थे।

छात्रों को नियमित रूप से भेजें स्कूल

बाराबंकी, अमृत विचार : विकासखंड सिरौली गौसपुर के प्राथमिक विद्यालय किशुनदासपुर में सोमवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक व वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से निर्धारित समय पर विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया। बीईओ ने शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

फिर से करायी जाए पुलिस भर्ती परीक्षा

मांग

- प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तनुज पुनिया ने आरोप लगाया है कि पुलिस भर्ती (सिपाही) लिखित परीक्षा 2024 का पेपर लीक हो गया है। परीक्षार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा निरस्त कर पुनः करायी जाए।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पुनिया ने लिखा है कि पुलिस भर्ती की परीक्षा 17 व 18 फरवरी को हुई थी। उसका पेपर लीक हो गया है। उन्हें सबूतों के साथ इस बारे में परीक्षार्थियों द्वारा अवगत कराया गया है। पेपर लीक होने से अभयर्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। इसलिये अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर पुनः करायी जाए।


पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के साथ प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता तनुज पुनिया।

हादसे में दादी व पौत्री की मौत, पौत्र घायल

रफ्तार की मार

- तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर
- बदोसराय क्षेत्र के मलामतशाह तकिया गेट के पास हुआ हादसा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर सड़क पर गिरी दादी व पौत्री की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उछलकर दूर गिरा पौत्र मामूली रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने डंपर को चालक समेत पकड़ लिया।

हादसा सोमवार की सुबह बदोसराय थाना क्षेत्र में मलामतशाह तकिया गेट के पास हुआ। थाना क्षेत्र के रसूलपुर कनौजिया निवासी गीता देवी अपनी बीमार तीन वर्षीया पोत्री पीहू को लेकर पौत्र विकास के साथ बाइक से डॉक्टर के यहां दवा लेने जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार गिट्टी लदे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसें में दादी गीता और पौत्री पीहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उछलकर दूर गिरा पोत्र विकास मामूली रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने हादसा होता देख मरकामऊ के पास डंपर को चालक समेत पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पौत्र संदीप की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया। हादसे में भाजपा के जिलामंत्री रामसागर कनौजिया के परिजनों की मौत की सूचना पर पूर्व सांसद बैजनाथ रावत के पुत्र भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश रावत, मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तुषार निगम, अमित पान्डेय व प्रह्लाद कनौजिया कोतवाली पहुंचे। थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि डंपर और चालक को पकड़ लिया गया है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है ।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

चोरी के ऑटो के साथ सीतापुर का शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस ने सोमवार को सनाकापुर मोड कोटवासड़क के पास से चोरी के आटो के साथ सीतापुर के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। उसने अपने गिरोह के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर कोतवाली क्षेत्र से एक माह पहले बाइक चोरी की थी। जिसे पुलिस ने एक जंगल से बरामद किया था। पकड़े गए शातिर को जेल भेजने के बाद पुलिस उसके दूसरे साथी की तलाश कर रही है।

रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हाईवे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने आटो से जा रहे एक संदिग्ध को पकड़ा। आटो के नंबर का डिटेल निकाल अंबेडकर नगर निवासी मालिक से पता किया तो उसने बताया कि यह नंबर उसके आटो का है। इस पर पुलिस उसे थाने लायी। पूछताछ में उसने अपना नाम सीतापुर के तंबौर के ड्योढी डीह निवासी गोविंद रैदास बताया। उसके बताया कि उसने ही अपने गांव के निवासी शकील के साथ मिलकर 11 जनवरी को कोटवासडक के पंचायत घर से बाइक चोरी कर जंगल में छिपाया था। वह बाद में उसे लेने पहुंचा तो पता चला कि बाइक पुलिस ने बरामद कर ली।

सार-संक्षेप

शिवसैनिकों ने मनाई शिवाजी की जयंती

जयंती पर छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिव सैनिक।

बाराबंकी, अमृत विचार : छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती के मौके पर शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) के शिवसैनिकों ने सोमैया नगर स्थित जिला मुख्यालय पर पार्टी के जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही के नेतृत्व में शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया और उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्रोही ने कहा कि शिवाजी के पिता का नाम शाहजी था। वह अक्सर युद्ध लड़ने के लिए घर से दूर रहते थे। इसलिए उन्हें शिवाजी के निडर और पराक्रमी होने का अधिक ज्ञान नहीं था। किसी अवसर पर वह शिवाजी को बीजापुर के सुलतान के दरबार में ले गए, शाहजी ने तीन बार झुककर सुलतान को सलाम किया और शिवाजी से भी ऐसा ही करने को कहा लेकिन शिवाजी अपना सिर ऊपर उठाये सीधे खड़े रहे। विदेशी शासक के सामने वह किसी भी कीमत पर सिर झुकाने को तैयार नहीं हुए और शेर की तरह शान से चलते हुए दरबार से वापस चले गए। इस प्रकार की निर्भीकता हमारे शिवाजी महाराज में थी, ऐसे महान व्यक्तित्व को हम सब नमन करते हैं। इस अवसर पर दीपू, पवन, कौशल शुक्ला, कमलेश, बीर सिंह, राम प्रताप, सरवन, रोजन, हेमेंद्र, राम तेज आदि उपस्थित थे।

129 छात्र-छात्राओं को मिली स्मार्टफोन की सौगात

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किये गये। हरख ब्लॉक के हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर स्थित संत कवि बाबा बैजनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत नोडल अधिकारी डीजी शक्ति असिस्टेंट प्रोफेसर रामलाल ने परास्नातक द्वितीय वर्ष के 129 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितिरत किये। स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राएं खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मंजरी नौटियाल ने कहा है कि स्मार्टफोन पढ़ाई का साधन बनेगा। छात्र इससे नित नई जानकारियां हासिल करेंगे। इस मौके पर प्रो. डॉ अजीत सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमित पांडेय, डॉ. अशोक कुमार के साथ ही अन्य कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

फोन का नंबर न देने पर मां-बेटी को पीटा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : मोबाइल फोन का नंबर देने से मना किया तो दबंग भाइयों ने मां-बेटी की पिटाई कर दी। पुलिस महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली के अमरगंज गांव का है। यहां की निवासी शकुंतला ने बताया कि रविवार को परिवार के ही संजू और संतोष दोनों भाई उसके घर आए। उसके बाद मोबाइल नंबर मांगने लगे। मोबाइल नंबर देने से मना किया तो दोनों भाइयों ने मिलकर उसे और उसकी बेटी की पिटाई कर दी। वहीं जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

लाभार्थी संपर्क अभियान में जुटें भाजपा कार्यकर्ता

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खण्ड देवा के सभागार में सोमवार को भाजपा के देवा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाएं और लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दें। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख देवा धर्मेंद्र यादव, देवा नगर पंचायत चेयरमैन हारून वारसी, मंडल प्रभारी देवा राजेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवा पुनीत मिश्रा, मंडल महामंत्री राम लखन मिश्रा, आनंद उपाधाय, बब्लू यादव, रंजीत रावत, जमील अहमद, श्रीपाल लोधी, आदि उपस्थित रहे।

जुआ खेल रहे 17 आरोपी बंदी, 7690 रुपये बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 17 आरोपियों को अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने सोमवार को दबोचा। उनके कब्जे से 7690 रुपये बरामद किये गए। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जैदपुर पुलिस ने कस्बे के निवासी सुफियान, दानिश, शबीब, शरीफ, लुकमान, जावेद, अता, अनीस व कलामुद्दीन को गिरफ्तार कर 5,070 रुपये बरामद किये। देवा पुलिस ने विशुनपुर निवासी सकील अहमद, शमी उल्ला, नुरूद्दीन, जहीर अहमद व उस्मान गनी तथा मोहम्मदपुर निवासी नान को गिरफ्तार कर 2100 रुपये बरामद किये। उधर, सुबेहा थाने की पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे नन्हू और अमरजीत को गिरफ्तार कर 520 रुपये बरामद किये।

रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : पूर्व रोटेरियन समाजसेवी नूर उर रहमान किदवाई एवं महनाज किदवाई की याद में रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित कोठी में एक दिवदीय स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार वर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य है कि जरूरतमंदों की सेवा की जाए। मेडिकल कैम्प चेयरमैन डॉ.रवि आहूजा, केके श्रीवास्तव, मंडलाध्यक्ष सुनील बंसल, मनीष बंसल, प्रभास जायसवाल की मौजूदगी में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार व विकास टंडन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.आभा वर्मा, डॉ. सुधा वर्मा, हड्डी रोग विषयज्ञ डॉ. रोहित अग्रवाल, डा. एनके गुप्ता आदि थे।

बाबा की विरासत संभालेगी पौत्री, गोंडा से बनी प्रत्याशी

सियासत

- गोंडा से सांसद रह चुके हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा
- सपा ने बनाया श्रेया वर्मा को अपना उम्मीदवार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को गोंडा से अपना उम्मीदवार बनाया है। बेनी प्रसाद वर्मा बहराइच के कैसरगंज के अलावा गोंडा से भी कांग्रेस पार्टी से सांसद रह चुके थे। श्रेया वर्मा उनके बेटे पूर्व मंत्री राकेश वर्मा की पुत्री हैं।

समाजवादी पार्टी द्वारा श्रेया वर्मा को सोमवार को अपना उम्मीदवार घोषित किया गया। इसके साथ ही राकेश वर्मा के आवास पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। राजनीतिक रूप से परिपक्व श्रेया वर्मा का व्यक्तित्व विधानसभा चुनाव के समय सामने आया था। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने अपने पिता राकेश वर्मा की चुनाव कमान संभाली थी। इसके साथ ही वह चर्चा में आईं और उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने की मांग उठने लगी थी।

सोमवार को जारी दूसरी सूची में बाराबंकी के पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा को गोंडा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा, अपना दल सहित सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियां अपनी चुनावी बिसात बिछाने में लगी हैं। इन सबके बीच सपा ने अपनी दूसरी लिस्ट पीडीए के अनुरूप ही जारी की है । समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। श्रेया ने दो दिन पूर्व ही अपने गोंडा दौरे से ही लोकसभा चुनाव का आगाज कर दिया । किला मजदूर यूनियन के संयुक्त मंत्री समीर वाजपेयी ने श्रेया वर्मा को बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संयुक्त मंत्री समीर वाजपेयी के साथ अनुराग अग्निहोत्री, जयप्रकाश शर्मा, हरिश्चंद्र, नितिन पाण्डेय, मोहित वर्मा, शिवेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

श्रेया वर्मा को बधाई देते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

जंगली जानवर के हमले से महिला घायल

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : एक बार फिर तेंदुए के खौफ ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। जंगली जानवर ने 60 वर्षीया महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया। शनिवार की रात्रि लगभग 11 बजे अज्ञात जानवर के हमले में थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम नयापुरवा मजरे भीतरी निवासी माधुरी गंभीर रूप से जख्मी हो गई।उसका शोर सुनकर जब तक मौके पर ग्रामवासी एकत्रित होते जानवर मौके से भाग निकला। ग्राम वासियों का कहना है हमलावर जानवर तेंदुआ था। खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम अथवा कोई जिम्मेदार अधिकारी घटनास्थल तक नहीं पहुंचा था। रात्रि में ही ग्रामवासियों ने महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया।

मनरेगा | तालाब खोदाई कार्यस्थल पर लगा चकमार्ग पटाई का बोर्ड

20 श्रमिकों की ऑनलाइन हाजिरी, मौके पर 8 मिले

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : मनरेगा योजना के तहत भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि तालाब की खोदाई के कार्य स्थल पर चक मार्ग पटाई का बोर्ड लगा दिया गया है। तालाब खोदाई में कार्य कर रहे मजदूरों से तीन गुना अधिक उपस्थित ऑनलाइन दर्ज कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

मामला विकास खण्ड देवा के ग्राम पंचायत मामापुर का है। यहां पर ढिढोरा तालाब की खोदाई मनरेगा योजना के तहत कराई जा रही है। सचिव और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से सोमवार को इस कार्य में मस्टररोल पर सात महिला मजदूरों सहित कुल 20 मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की गई लेकिन कार्यस्थल पर केवल आठ मजदूर ही काम कर रहे थे।

इसमें से एक दर्जन मजदूरों की हाजिरी फर्जी तरीके से लगाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। इस कार्य में अनुपात के आधार पर महिला श्रमिकों की उपस्थिति तो दर्ज की गई लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि कार्यस्थल पर एक भी महिला मजदूर मौजूद नहीं थी।

ग्राम पंचायत मामापुर के ढिढोरा तालाब की खोदाई का कार्य कर रहे आठ मजदूरों में से किसी के पास भी जॉब कार्ड तक नहीं था। कार्य स्थल पर विवरण की जानकारी के लिए लगाये गए बोर्ड पर भी गलत जानकारी अंकित की गई थी।

बोर्ड पर कार्य का नाम तालाब खोदाई की जगह चक मार्ग पटाई कार्य लिखा गया है। क्षेत्र में यह कोई नया मामला नहीं है बल्कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर मनमानी की जा रही है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी देवा नेहा शर्मा से बात की गई तो उन्होंने मीटिंग में होने की बात कहकर फोन काट दिया।

तालाब खोदाई स्थल पर लगा बोर्ड।

अर्थदंड के साथ छह मामले निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : विभिन्न अदालतों ने अर्थदंड की सजा के साथ छह मामले निस्तारित किए। घुंघटेर क्षेत्र में अश्लील टिप्पणी करने वाले अभियुक्त अमित और जहांगीराबाद में ऐसे ही मामले में देवा के मिथलेश कुमार को न्यायालय उठने तक की सजा और पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं महिला थाने में दर्ज मारपीट के मामले के दोषी जैदपुर थाने के फतुल्ला मजरे चौधी निवासी खुशीराम को चार सौ रुपये अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा तथा मोहम्मदपुर खाला थाने में मारपीट के मामले में टांडा निवासी शहीद और जाबिर को 800-800 रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया। रामसनेहीघाट में मारपीट के मामले में शाहपुर निवासी शंकर व प्रवेश को सात-सात सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। मोहम्मदपुर खाला थाने के मारपीट के मामले में रालभारी निवासी सुशील कुमार, अनिल कुमार और रामसेवक को आठ-आठ सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।

ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा (उंघना), डर, क्रोध,आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत)- इन छः दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

संपादकीय

सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी,स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर,पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी,लस्सी,दूध,बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युरायिज्ड मिल्क की मांग बड़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी,चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल,होम इकोनॉमिक्स, किनशिप,एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर,खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं,जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए,लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घेर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते,भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्व्यापी है,लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइज़र से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं,लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य,पशु-पक्षी,जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है,लेकिन जब तक आती है,तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रसंगवश

भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।

डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक,राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी,नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं,लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं,क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में माधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते,कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ,आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता,भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासकाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है,क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया,जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया,जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है,लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

सोशल फोरम

जिंदगी का हेल्थ कार्ड

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी,वहां अवार्ड ऐसे कपड़े,वैसी कार...! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा,धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है,उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है।

संजय वर्मा
इंदौर

अजीब बात है न! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई,पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते,क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।

-फेसबुक वॉल से

देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं,तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं,लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है,किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा हैं।

डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है,लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते,बिछुड़ते है,लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए,इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए,लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश मात्र आठ सीट पाए जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें मे लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया,राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए ,उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं,तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर,मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए,तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे,न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्र में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे,जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया,पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहें हैं ,लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों के खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है,मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें,जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव , नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी,जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के साथ अडानी-अंबानी को राहुल गांधी ने घेरा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले- किसानों को नहीं दे रहे एमएसपी, अरबपतियों का ऋण माफ

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

▸▸ जितना टैक्स अडानी-अंबानी देते हैं उतना किसान भी, उन्हें लाखों करोड़ों मिलते हैं पर किसानों को एक रुपया भी नहीं

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार: भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि जय श्रीराम, जय श्रीराम। न्याय यात्रा के दौरान सोमवार दोपहर को गौरीगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज निकट टोल प्लाजा के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने एयरपोर्ट छीन लिया, पब्लिक सेंटर सब छीन लिया, इंफ्रास्ट्रक्चर छीन लिया, आपके स्कूल कॉलेज सब उठाकर लेकर चले गए। आपने राम मंदिर समारोह देखा, देखा न, धूमधाम से हुआ, देखा न, उसमें आपने किसी गरीब को देखा, आपकी राष्ट्रपति हमारी राष्ट्रपति आदिवासी है, उनको अंदर नहीं आने दिया गया, उनका चेहरा देखा आपने, मजदूर को देखा, पिछड़े वर्ग को आपने देखा, नहीं। अडानी देखा, उनके बच्चे देखे, अम्बानी देखा, उनके बच्चे देखे, सारे बिजनेसमैन वाले देखे, नरेंद्र मोदी देखे पर नहीं देखे गए तो गरीब।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि किसान दिल्ली जा रहे हैं। आज मैंने फोटो देखी कि किसान पुलिसवालों को खाना खिला रहे हैं और पुलिसवाले किसानों को रोक रहे हैं। किसान क्या मांग रहा है? किसान कह रहा है कि हमें एमएसपी दो। इसमें क्या बड़ी बात है? राहुल गांधी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से लगातार किसानों के साथ गलत हो रहा है। देश जानता है कि इस देश में किसानों का क्या महत्व है और खेती कितनी महत्वपूर्ण है। भाजपा वो पार्टी है कि 14 लाख करोड़ रुपये 15-20 अरबपतियों में बांट करके और किसानों को आप एमएसपी नहीं दे सकते। कांग्रेस पार्टी एमएसपी के लिए लिखकर गारंटी दे रही है, जातीय जनगणना भी होगी, सब पता चल जाएगा, कितने पिछड़े, कितने आदिवासी, कितने दलित व कितने गरीब। राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन 73 फीसदी लोग ये सवाल पूछना शुरू कर दिया कि भाई मेरे जेब से हर रोज पैसा निकाल लेते है, पेट्रोल का पैसा जा रहा है, जीएसटी जा रहा है, जितना पैसा मैं देता हूं, उतना ही अडानी दे रहा है तो मुझको लाभ क्यों नहीं मिलता। इस यात्रा में राहुल महंगाई, युवाओं को रोजगार और किसानों के मुद्दे के जरिए अपना मत मजबूत करने में जुटे हुए थे। यात्रा में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा व नेता जयराम नरेश भी शामिल रहे।

गौरीगंज में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी अभिवादन करते।

आदिवासी व पिछड़ी जाति का हक मार रही सरकार

प्रतापगढ़, अमृत विचार : प्रयागराज से होते हुए सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देल्हूपुर से प्रतापगढ़ सीमा में पहुंची। शहर से होते हुए जिले के रामपुरखास विधानसभा के लालगंज पहुंची। लालगंज में उन्होंने लोगों को सम्बोधित किया। राहुल गांधी ने मोदी सरकार की राष्ट्रीय नीतियों की कमियों को गिनाते हुए हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में 50 फीसदी पिछड़ी जाति और 15 फीसदी दलित लोग रहते हैं। भारत में आदिवासियों की संख्या आठ प्रतिशत है। 73 प्रतिशत आबादी के हक के साथ नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि श्रीरामोत्सव में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की भागीदारी में उपेक्षा की गई। कहा कि वहां एक भी किसान, गरीब नहीं दिखा। यह भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री धर्म, जाति के नाम पर देश को तोड़ रहे हैं जो पूरी तरह से सरासर गलत है। इसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ हर जगह पुरजोर आवाज भी उठाई जाएगी। जनता से सीधा संवाद करते हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष जारी रखूंगा। ईडी व अन्य एजेंसियों को सरकार की कठपुतली बताते हुए कहा कि हक और अधिकार की आवाज उठाने पर सरकार ईडी, सीबीआई, प्रवर्तन दल के द्वारा देश मे भय का माहौल बनाये हुए है। चंद पूंजीपतियों ने मीडिया सेक्टर के साथ अस्पताल, विश्वविद्यालय, स्कूल -कालेज में भी आर्थिक आय पर कब्जा कर लिया है। पीएम मोदी खुद को पिछड़ी जाति से जोड़ रहे हैं जबकि उनका जन्म सामान्य वर्ग में हुआ है। राहुल गांधी लालगंज में 40 मिनट रहे और खुली जीप में सवार होकर 32 मिनट सम्बोधित किया। उनके साथ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, रामपुरखास विधायक आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत भी मौजूद रहे।

बीजेपी व आरएसएस देश में नफरत फैला रही

राहुल ने यात्रा के दौरान के अनुभवों को साझा करते हुए कहा मैं वाराणसी में काशी मंदिर गया, मैं शिव को मानता हूं लेकिन पुलिसवालों ने मोबाइल रखवा लिए। वो नहीं चाहते कि राहुल की एक भी फोटो शिव मंदिर की दिखे। नेटवर्क डाउन कर दिया, ताकि कोई वीडियो वायरल न हो सके। राहुल ने कहा ये मेरा भाषण मीडिया में नहीं दिखेगा। बीजेपी व आरएसएस देश में नफरत फैला रही है।

कोर्ट में पेशी पर जा सकते हैं राहुल गांधी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि राहुल गांधी को 20 फरवरी की सुबह सुल्तानपुर में उत्तर प्रदेश जिला न्यायालय में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। मानहानि मुकदमे से जुड़ा यह मामला 4 अगस्त, 2018 को एक भाजपा नेता ने दायर किया था। राहुल की कोर्ट में पेशी के चलते उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज सुबह रुक जाएगी और दोपहर 2 बजे अमेठी के फुरसतगंज से फिर अपने प्रोग्राम को शुरू करेगी। राहुल गांधी कोर्ट में पेशी पर जा सकते हैं।

रायबरेली व अमेठी की उपेक्षा कर रही सरकार: खड़गे

बाबूगंज निकट टोल प्लाजा के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते मल्लिकार्जुन खड़गे। अमृत विचार

अमेठी, अमृत विचार : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभा में कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें रायबरेली और अमेठी की उपेक्षा कर रही है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हजारों करोड़ों की योजनाएं यहां पर आईं, लेकिन ज्यादातर योजनाएं अटकी रहीं। मैं पूछता हूं कि जो योजनाएं यूपीए की सरकार में लाई गई थीं वो आज क्यों बंद हैं ? क्योंकि वे (भाजपा) रायबरेली और अमेठी में काम नहीं करना चाहते हैं। खड़गे ने इसके बाद कहा कि अमेठी की जनता सब देख रही है और मुझे विश्वास है कि आने वाले 2024 में जनता इन्हें जवाब देगी। कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि वो 400 से ज्यादा सीटों के सपने देख रहे हैं, लेकिन जहां तक मुझे समझ आ रहा है उनकी सीटें 100 पार भी चली जाएं तो उन्हें खुश होना चाहिए।

आप लेखपाल हैं, अमेठी के मालिक नहीं

अमेठी में जन संवाद विकास यात्रा के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनती केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

▸▸ सांसद स्मृति ईरानी ने गरीब को ऑन द स्पॉट दिलाया न्याय, लोगों की सुनीं समस्याएं

अमृत विचार: राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा लेकर अमेठी पहुंचे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी भी अपने संसदीय क्षेत्र में जनसंवाद यात्रा कर रही हैं। सोमवार को टीकरमाफी में लोगों की समस्याओं को सांसद ने सुना। इस दौरान एक शख्स अपनी जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर उनके पास पहुंचा। उसने सांसद को बताया कि लेखपाल मेरी जमीन पर किसी और को कब्जा दिलवा रहे हैं और मेरे विरोध दर्ज कराने पर कहते हैं, जाओ जहां मन करे शिकायत कर आओ। इस पर सांसद ने लेखपाल को फटकार लगाई, कहा कि आप लेखपाल है, अमेठी के मालिक नहीं।

अपने चार दिवसीय भ्रमण पर सोमवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बाजार में बनाए गए चौपाल स्थल पर 12 बजे पहुंची। सबसे पहले आवास, उसके बाद चिकित्सा फिर राजस्व विभाग और उसके बाद पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें सुनी। यहां अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतें खूब हुई। बाजार में चौपाल के दौरान अवैध कब्जे की शिकायत पर स्मृति ने खासी सख्ती दिखाई और लेखपाल सुधांशू शुक्ला को कहा कि पुलिस से मिलकर आधे घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटवाएं, वरना मैं उसी जमीन के सामने आकर धरने पर बैठ जाऊंगी। स्मृति ने कहा कि नौकरी आज है कल नहीं रहेगी। हम जनता के नौकर है, मालिक नहीं बन सकते। शेर बहादुर सिंह की शिकायत पर स्मृति ने आधे घंटे के भीतर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए।

ग्रामीण संपर्क निर्माण की शिकायत पर उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को सड़क बनवाने की जिम्मेदारी दी। सांसद के पहुंचने पर सीडीओ सूरज पटेल, सीएमओ डॉ.अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, डीएसओ नीलेश उत्पल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण शैलेन्द्र कुमार, एसडीएम प्रीति तिवारी, खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार, सीडीपीओ संजय सिंह, एसएचओ श्रीराम आदि अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, वंशीलाल सेठ , श्याम लाल मौर्य, लालशंकर सिंह, बेंचू सिंह, प्रभाकर सिंह ने भी सहयोग किया।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर स्मृति ने कसा तंज

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अमेठी के गांधी चौक पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया एवं राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जय सियाराम का नारा लगाया। केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने एक जगह जन संकल्प विकास यात्रा के दौरान भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग अमेठी को सत्ता का केंद्र मानते थे, जब वे गाजे-बाजे के साथ आए तो अमेठी के लोग उनके स्वागत के लिए नहीं पहुंचे और उन्हें प्रतापगढ़, सुल्तानपुर से लोग लाने पड़े...? लोग यह नहीं भूले है कि इसी व्यक्ति ने वायनाड़ में उत्तर भारत और विशेषकर अमेठी के बारे में कहा था कि यहां के लोगों की समझ ठीक नहीं है, तब से लेकर अब तक लोग आक्रोशित हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि अब माहौल ऐसा है कि रायबरेली की सीट भी परिवार ने छोड़ दी।

एक नजर

राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

अयोध्या, अमृत विचार : राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक मंगलवार से शुरू होगी। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र सोमवार शाम अयोध्या पहुंचे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते 15 जनवरी से बंद चल रहा राममंदिर निर्माण का काम प्रारंभ हो चुका है। प्रथम तल का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद राममंदिर के दूसरे तल का काम शुरू होगा। नृपेंद्र मिश्र मंगलवार की सुबह रामजन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद बैठक का सिलसिला शुरू होगा।

आरपीएफ ने स्टेशनों से पकड़े चोर, सामान बरामद

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पूर्वोत्तर रेलवे ने छपरा स्टेशन से दो चोरों को चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। 17 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल व राजकीय रेलवे पुलिस गोरखपुर द्वारा गोरखपुर रेलवे स्टेशन से छह शातिर चोरों को यात्रियों से चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया। उसी दिन रेलवे सुरक्षा बल थावे को रेलवे आरक्षण केन्द्र थावे पर आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

घूस लेते लेखपाल गिरफ्तार

बीकापुर (अयोध्या), अमृत विचार : अयोध्या मंडल की एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को बीकापुर तहसील में तैनात एक लेखपाल मोतीलाल यादव को घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। उसने पैमाइश के एवज में पांच हजार रुपये मांगे थे।

टीम के प्रभारी निरीक्षक राय साहब द्विवेदी ने बताया कि लक्ष्मणपुर ग्रांट के रामपुर जोहन निवासी मनोज कुमार ने शिायत की थी कि लक्ष्मणपुर में स्थित गाटा संख्या 447, 448 की पैमाइश के लिए आरोपी लेखपाल मोतीलाल यादव द्वारा लगातार उसका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। अब फिर लेखपाल ने रिश्वत की मांग की है। इस पर एक टीम गठित की गई। योजना के अनुसार एंटी करप्शन टीम ने उप निरीक्षक दिनेश कुमार, विश्वनाथ सिंह के एन शुक्ला, शैलेंद्र सिंह की टीम ने आज सोमवार को घूसखोर लेखपाल मोतीलाल यादव को जोहन तिराहे पर उस समय रंगे हाथ दबोच लिया जब उसने शिकायतकर्ता से घूस की पांच हजार रुपये की रकम ली। आरोपी को कस्टडी में लेकर कोतवाली बीकापुर में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एंटी करप्शन टीम के साथ गिरफ्तार लेखपाल।

बार एसोसिएशन ने दायर की उच्च न्यायालय में याचिका

अयोध्या, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के मंत्री की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की गई है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ , सह अध्यक्ष अनुराग पांडे तथा सदस्य और पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी को विपक्षी बनाया गया है। बार एसोसिएशन का चुनाव इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर हुआ था। दो माह बाद बाद फिर चुनाव कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इस पर कई बार बैठक हुई जिसमें कुछ अधिवक्ताओं को बार की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। पुरानी एल्डर्स कमेटी को भंग कर नई एल्डर्स कमेटी का गठन किया गया था। जांच कमेटी पर बार काउंसिल ने रोक लगा दी थी। इन्हीं सब बातों को लेकर बार एसोसिएशन के मंत्री ने याचिका दाखिल की है।

प्राण-प्रतिष्ठा के साथ रामराज्य की स्थापना : साक्षी महाराज

अयोध्या, अमृत विचार : देश 1947 में जरूर आजाद हुआ लेकिन आत्मा का संचार रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद हुआ। 22 जनवरी को रामराज्य की स्थापना हो गई। यह बातें सोमवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कहीं। वे यहां रामलला का दर्शन-पूजन करने आए थे।

दर्शन-पूजन से भावुक हुए साक्षी महाराज ने कहा कि वह राम मंदिर आंदोलन से होकर आज राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मुक्ति आंदोलन को लेकर वे संघर्ष में शामिल हुए। उन्होंने कोठारी बंधु को गोली लगने के बाद अपने हाथों से उठाया था। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष बाद प्रभु राम का भव्य मंदिर बन ठीक उसी तरह मथुरा और काशी में भी मंदिर बनेगा। इसके लिए आंदोलन करने की जरूरत नहीं होगी। स्वामी प्रसाद मौर्य के नई पार्टी बनाने को लेकर साक्षी महाराज ने कहा कि मोदी के आगे सब शून्य हैं । मोदी जी ने कहा है अबकी बार 400 पार। अब लोग अपनी जमीन तलाश रहे हैं अब देश में जो प्रभु राम चाहेंगे वही होगा।

बहराइच में छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार : मटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी प्राथमिक विद्यालय की छात्रा को नाबालिग ने घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने नाबालिग के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार को मटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 8 वर्षीय बालिका को गांव का ही 14 वर्षीय नाबालिग अपने घर बुला कर ले गया। नाबालिग ने बालिका से दुष्कर्म किया और फिर धमकी देते हुए फरार हो गया। बालिका ने घर पहुंच कर आपबीती बताई जिस पर परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि नाबालिग के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। बालिका को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पिता के मुताबिक बालिका गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो की छात्रा है।

हत्या में तीन दोषियों को आजीवन कारावास

उन्नाव, अमृत विचार: गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत युवक की हत्या के बाद शव को गांव में एक सेफ्टी टैंक में फेंकने के मामले की सुनवाई सोमवार को कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सभी पर 26-26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मंशाखेड़ा गांव निवासी दिनेश ने 8 नवंबर 2002 को छोटे भाई मुकेश के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 12 नवंबर को गांव के छुन्नू पंडित के घर के पीछे बने सेफ्टी टैंक में एक शव मिला था। दिनेश ने चंद्रभान, मनोज निवासी मंशाखेड़ा गंगाघाट व रामनगर निवासी शिवकुमार पर भाई की हत्या करने का आरोप लगाया था। सोमवार को न्यायाधीश मो. असलम सिद्दीकी ने चंद्रभान, मनोज व शिवकुमार को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

सरसौल में मिडडे मील खाने के बाद 15 बच्चे बीमार

फूड प्वाइजनिंग

▸▸ बच्चों को पेट दर्द, उल्टी व जी मिचलाने की शिकायत, घटना पर पर्दा डालने की कोशिश करते रहे बीईओ

संवाददाता, सरसौल, कानपुर

अमृत विचार: सरसौल विकास खण्ड के शंकरानंद जूनियर विद्यालय में सोमवार को मिडडे मील खाने के बाद लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों की तबीयत अचानक खराब हो गई। बच्चों को पेट में दर्द, उल्टी और चक्कर आने लगे, जिसके बाद हड़कंप मच गया। जिन बच्चों की तबियत बिगड़ी, उनमें से कुछ छुट्टी के बाद घर चले गए, जबकि कुछ विद्यालय में ही थे। एंबुलेंस बुलाकर सभी बीमार बच्चों को सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कांशीराम ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान बच्चों के परिजन और पुलिस अस्पताल पहुंच गई।

सरसौल स्टेशन के पास फुफुआर सुई थोक स्थित शंकरानन्द एडेड जूनियर स्कूल में सोमवार को मिड डे मील में रोटी, सब्जी और चावल खाने के बाद 15 बच्चों की तबियत खराब होने लगी। इन बच्चों के पेट में दर्द, उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत हुई तो स्कूल प्रबंधन ने एंबुलेंस के जरिए उन्हें सरसौल सीएचसी भिजवाया, जहां बच्चो को प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन कुछ देर बाद सभी को रामादेवी स्थित कांशीराम ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इस मामले में विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसर गुमराह करने में जुटे रहे। जहां विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि एक ही भोजन सभी बच्चों को दिया गया था, जिनमें सिर्फ 15 बच्चों को दिक्कत हुई है। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार पहले तो मामले पर लीपापोती करते नजर आए, लेकिन आउट आफ कंट्रोल देखने के बाद स्वास्थ्य विभाग से बात कर जानकारी देने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

सरसौल सीएचसी भेजे गए बीमार बच्चे। अमृत विचार

धर्म व जाति के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही भाजपा: टंडन

उन्नाव, अमृत विचार: पूर्व सांसद व सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने सोमवार को पुरवा विधानसभा क्षेत्र के हिलौली ब्लाक के गावों में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल लिया। इस दौरान उन्होंने नुक्कड़ सभाओं में भाजपा की सरकार पर करारे प्रहार किए।

पूर्व सांसद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारें अपनी विफलताएं छिपाने और देश में व्याप्त कुशासन से ध्यान भटकाने को धर्म और जाति का राजनीतिकरण कर भोली भाली जनता को गुमराह कर रही हैं। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश की युवा पीढ़ी का भविष्य तय करेगा। क्योंकि केंद्र सरकार आधे सरकारी उपक्रम पूंजीपतियों को बेच चुकी है। अब स्वास्थ्य और शिक्षा के निजीकरण की तैयारी है। सरकारी नौकरियों पर रोक लगी है। यदि हालातों में बदलाव नहीं हुआ तो युवा पीढ़ी को पूंजीपतियों की चाकरी करनी होगी। भाजपा सरकारें देश को जिस ओर ले जा रही हैं वहां से युवा पीढ़ी के लिए सिर्फ अंधेरा है। उन्होंने बरौला, जेरा, पंचम खेड़ा, अकोहरी, लोटना, गुलरिहा आदि गावों में लोगों से मुलाकात की और पूर्व की तरह लोगों की मदद करते रहने का वादा किया। सभाओं को पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व एमएलसी सुनील साजन, पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत व बीतेंद्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।

सार-संक्षेप

बहराइच में रील बनाते समय घायल हुए किशोर की मौत

बहराइच, अमृत विचार : नानपारा बाईपास मार्ग पर रविवार को रील बनाते समय कार पलट गई थी। इसमें चार किशोर घायल हुए थे। लखनऊ में इलाज के दौरान एक किशोर की मौत हो गई। कोतवाली नगर के काजीपुरा मोहल्ले के किशोर फहाद पुत्र आफताब अहमद, अयान पुत्र सईद, कासिफ पुत्र रशीद अहमद, रूसाद पुत्र आफताब रविवार को दोपहर 3 बजे सैर सपाटे को कार से निकले थे। सभी नानपारा बाईपास मार्ग पर सभी रील बनाने लगे। रील बनाते समय कार की रफ्तार इतनी बेलगाम हो गई कि कार नगर कोतवाली व रामगांव थाने के सरहद-तमाचपुर बाईपास के पास अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। हादसे में चारों किशोर घायल हुए थे जिनमें से फहाद की इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई।

इरफान ने राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की मांगी अनुमति

कानपुर, अमृत विचार : महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी ने 27 फरवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव में मतदान की अनुमति मांगी है। सपा विधायक के अधिवक्ता ने सोमवार को एमपीएमएलए कोर्ट में याचिका दाखिल की। मामले में मंगलवार को सुनवाई की जाएगी। जाजमऊ थानाक्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के आरोप में वर्ष 2022 से महाराजपुर जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी ने आगामी 27 फरवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की याचिका दाखिल की है। इरफान ने याचिका में लिखा है कि विधानसभा सदस्य जनता के प्रतिनिधि के तौर पर राज्यसभा के चुनाव में मतदान करता है। उनके अधिवक्ता मो . आसिफ खान ने बताया कि सपा विधायक की ओर से एमपीएमलए कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। तर्क दिया कि जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी कोर्ट ने चुनाव में वोट डालने की अनुमति दी थी। इसलिए, इरफान को भी अनुमति मिलनी चाहिए। सुनवाई मंगलवार को होगी।

देहात का नाम ग्रेटर कानपुर करने की फाइल शासन को

कानपुर देहात, अमृत विचार : जिले का नाम ग्रेटर कानपुर करने संबन्धी फाइल शासन को संदर्भित कर दी गयी है। पीआईए अध्यक्ष मनोज बंका को सोमवार को मंडलायुक्त ने यह जानकारी दी। अमृत विचार नाम बदलने की मुहिम को चला रहा है। उद्यमियों ने बीते साल यह मांग उठाई थी। मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अभिषेक सिंघानिया और पीआईए अध्यक्ष बंका ने सीएम योगी को पत्र लिखकर कानपुर देहात जिले का नाम ग्रेटर कानपुर रखने की मांग की थी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर कानपुर देहात को ग्रेटर कानपुर बनाए जाने की कवायद तेज हो गई है। जानकारी के मुताबिक सन 1981 में कानपुर को दो जिलों में विभाजित किया गया था। इन्हें कानपुर नगर और कानपुर देहात के नाम से जाना जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बसपा शासन में एक जुलाई 2010 को कानपुर जिले का नाम बदलकर रमाबाई नगर जिला करने का निर्णय लिया था। जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद जुलाई 2012 में इसे वापस कानपुर देहात कर दिया गया। अब इसका नाम ग्रेटर कानपुर रखा जाने की मांग उठी है। इससे प्रतिष्ठा और पहचान को बढ़ावा मिल सकता है। प्रोविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष बंका का कहना है कि कानपुर देहात के आगे ग्रेटर लगने से बाहर के निवेशकों का रुझान बढ़ जाएगा जिससे औद्योगिक विकास को अधिक बढ़ाव मिलेगा। इस बाबत पदाधिकारी का एक समूह प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान से भी मिला था। वर्तमान समय में यहां दो हजार से ज्यादा छोटे-बड़े उद्योग हैं। यहां नेशनल हाईवे झांसी, हावड़ा, दिल्ली रूट और हाल में ही शुरू हुआ है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस भी ग्रेटर कानपुर के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। रोजगार के नए अवसर भी युवाओं को मिलेंगे।

श्रीनगर में आज कई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

लखनऊ, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किलोमीटर) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185 .66 किलोमीटर) के बीच नई रेल लाइन सहित विभिन्न रेल परियोजनाओं का लाकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान स्टेशन तथा बारामूला स्टेशन के बीच रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान खंड का चालू होना महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें पूरे मार्ग पर बैलास्ट लेस ट्रैक (बीएलटी) का उपयोग किया गया है जो यात्रियों को बेहतर सवारी का अनुभव प्रदान करेगा। इसके अलावा, भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग टी-50 (12 .77 किमी) खारी-सुम्बर के बीच इसी हिस्से में स्थित है। रेल परियोजनाएं कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी।

एक नजर

बनभूलपुरा दंगाइयों पर कार्रवाई काबिले तारीफ

नैनीताल। सोशल मीडिया में जिलाधिकारी वंदना सिंह के विरुद्ध बनभूलपुरा की घटना को लेकर चलाए जा रहे अभियान की भाजपाइयों ने कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे दंगाइयों के समर्थकों की करतूत बताया। साथ ही वामपंथी विचारधारा पोषित तथाकथित वामपंथी लोगों की जिलाधिकारी के विरुद्ध जारी फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट को मनगढ़ंत और तथ्यों से परे होने के साथ ही समाज में विलुप्त होने कीखीज बताया है। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अरविंद पडियार व उमेश भट्ट ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया में "#अरेस्ट वंदना सिंह" कैंपेन चलाया गया, इसके विरोध में आई सपोर्ट वंदना सिंह अभियान ट्रेड करने लगा तो कट्टरपंथी भाग खड़े हुए। कहा कि जिलाधिकारी ने पूरे घटनाक्रम को जिस तरह से नियंत्रित किया गया, वह अत्यंत जरूरी था।

महिला के सिर पर वार करने वाले को गिरफ्तार किया

भीमताल : खनस्यू पुलिस ने रंजिशन एक महिला के सिर पर वार करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। 16 फरवरी को किशन राम निवासी ग्राम भुमका पो. नाई थाना खनस्यू नैनीताल ने थाने में शिकायत की थी कि ललित मोहन निवासी भूमका ने पानी के पाइप लगाने व तोड़ने को लेकर रंजिश से उनकी मां के सिर पर लकड़ी की फंटी से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच करने के बाद ललित मोहन को ग्राम नाई भूमका खनस्यू से गिरफ्तार कर वार करने में प्रयुक्त की गई लकड़ी की फंटी के दो टुकड़े भी बरामद कर लिए। इस दौरान पुलिस टीम में उनि देवेन्द्र सिंह राणा, हेड कांस्टेबल दीप चन्द, महिपाल राणा, जयकिशन राणा मौजूद थे।

बेटी और उसके प्रेमी देवर ने की थी मुतवल्ली की हत्या

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव परचई में चार दिन पहले इमामबाड़े में मुतवल्ली की हत्या उनकी सगी बेटी हमशीरन और उसके प्रेमी देवर गुड्डू ने ही की थी। दोनों ने अवैध संबंधों का राज खुलने के डर से घटना को अंजाम दिया था। सोमवार को पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े में रहकर झाड़ फूंक का काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे इमामबाड़े में धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

21 को होगा विशाल धरना प्रदर्शन

लालकुआं, अमृत विचार : बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने व आवारा पशुओं से निजात दिलाने के अलावा गौला नदी में तटबंध निर्माण की मांग सहित 10 सूत्री मांग को लेकर बिंदुखत्ता संघर्ष समिति द्वारा 21 फरवरी को लालकुआं में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मैदान में 20 तो पहाड़ में 30 मिमी तक बारिश का अनुमान, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, फरवरी में दूसरी बार बिगड़ा मौसम

बदला मौसम, हल्द्वानी में शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुका है। सोमवार की रात से ही भारी बारिश होने का भी अनुमान है। अगले दो से तीन दिनों तक मौसम इसी तरह रहेगा। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है।

हल्द्वानी में सुबह के समय धूप निकली लेकिन अपरान्ह से ही बादल छा गए। साथ ही हवाएं भी चलने लगीं। पहाड़ों में भी इसी तरह का मौसम बना हुआ है। बादल छा रहे हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मौसम में बदलाव हो चुका है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। अगले तीन से चार दिनों तक मौसम इसी तरह से बदला रहेगा। मैदानी इलाकों में मंगलवार और बुधवार तक 15 से 20 मिमी तक बारिश होने का अनुमान है। पहाड़ों में गुरुवार तक 30 मिमी तक बारिश हो सकती है। ठंड के मौसम में इतनी बारिश को भारी बारिश माना जाता है। साथ ही 2800 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के भी आसार जताए गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं भारी बर्फबारी होने का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।। साथ ही बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में अगले तीन दिनों तक कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इधर हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री दर्ज किया गया है। शहर में शाम के समय हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

नैनीताल में बादलों के बाद ठंडा हुआ मौसम। ● अमृत विचार

फिर ठंड बढ़ने का अनुमान

हल्द्वानी। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन से चार दिनों तक एक बार फिर से ठंड बढ़ने के आसार हैं। पहाड़ों में बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों में भी ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट आएगी। 22 फरवरी से एक बार फिर से तापमान में बढ़ोत्तरी शुरू हो जाएगी। मौसम साफ होने के साथ ही धूप में तपिश भी बढ़ेगी।

> पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। फरवरी में एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। अगले तीन दिनों तक मौसम बदला रहेगा।
>
> **-डॉ. आरके सिंह, मौसम विज्ञानी, पंतनगर विश्वविद्यालय**

विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रही भाजपा

एजेंसी, रायपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के विधायकों को मंत्री पद और लोकसभा चुनाव में टिकट देने का लालच देकर अपने पाले में करने की कोशिश कर रही है।



रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान बेघल ने यह भी दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में हार की आशंका से भाजपा डरी हुई है। भाजपा द्वारा कांग्रेस नेताओं से संपर्क करने और उन्हें प्रलोभन देने की अफवाहों के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए बघेल ने कहाद कि मुझे विधानसभा में एक विधायक ने बताया कि उन्होंने (भाजपा ने) उनसे लोकसभा चुनाव में टिकट देने और केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का वादा करते हुए संपर्क किया था। बघेल ने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर डरी हुई है।

समुद्री डकैती की कोशिश की तो कड़ा सबक सिखाएंगे : एडमिरल आर हरि

एजेंसी, पुणे

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सुरक्षा को नुकसान नहीं पहुंचने देगी और अगर समुद्री डकैती का प्रयास किया गया तो वह बहुत कड़ा सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में बड़ी संख्या में पोत तैनात हैं और तीन से चार पोत सोमालिया के पास हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना संकट में फंसे भारतीयों और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए उत्तरी अरब सागर और लाल सागर में भी ड्रोन विरोधी अभियान चला रही है। उन्होंने पुणे जिले के चाकन में निबे डिफेंस और एयरोस्पेस के एक विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि भारतीय नौसेना समुद्री डकैती की कोई भी जानकारी मिलने पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। शीर्ष नौसेना कमांडर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती से निपटने के लिए मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ मिलकर काम करती है। उन्होंने कहा कि अभी, हम बड़े पैमाने पर सूचना एक-दूसरे को आदान-प्रदान करने के माध्यम से प्राप्त करते हैं। हम हिंद महासागर क्षेत्र में सबसे बड़ी रेजीडेंट नौसेना शक्ति हैं और हम किसी को भी इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता को बाधित नहीं करने देंगे। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हम कह चुके हैं कि समुद्री डकैती नहीं होगी और हम समुद्री डकैती करने की कोशिश करने वाले हर व्यक्ति को बहुत कड़ा सबक सिखाएंगे। भारतीय नौसेना द्वारा कुछ पाकिस्तानियों को समुद्री डकैती के प्रयास से बचाए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि समुद्र में, जो भी संकट में है, हमें उसकी मदद करनी होती है, इसलिए हम संकोच नहीं करते और हमने उन्हें समुद्री लुटेरों से बचाया है।

▸▸ समुद्र में, जो भी संकट में है, हमें उसकी मदद करनी होती है

शहर के लिए बनेगा ड्रेनेज प्लान

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रामनगर में बरसात का पानी नहरों और नालों में नहीं गिरेगा। बरसात के पानी की निकासी के लिए जल्द ही सिंचाई विभाग ड्रेनेज प्लान बनाने जा रहा है। सिंचाई विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। साथ ही विभागीय अधिकारियों ने ड्रेनेज प्लान के सर्वे के लिए उच्चाधिकारियों को सात लाख 93 हजार रुपये का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव पास होते ही शहर में पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज प्लान बनाया जाएगा।

बता दें कि शहर में बरसाती पानी नहीं रुकने के लिए सिंचाई विभाग रूपरेखा तैयार करने जा रहा है। इससे लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। क्योंकि हर बारिश में शहर के कई क्षेत्र तालाब का रूप ले लेते हैं। बताया जा रहा है कि इसमें पूरे रामनगर का जिन-जिन क्षेत्रों में बरसात के पानी से जलभराव होता है, उन क्षेत्रों का सर्वे का कार्य अनुमति मिलने के बाद शुरू किया जाएगा। क्योंकि बहुत बार बरसात का पानी इकट्ठा होने से भी कई प्रकार की बीमारियां जन्म लेती हैं। ऐसे में अगर ड्रेनेज प्लान का रोडमैप कारगर साबित हुआ तो शहर को बरसात के पानी के इकट्ठा होने से निजात मिलेगी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि रामनगर शहर में बरसात के पानी की निकासी सिंचाई नहरों के माध्यम से होती है। उन्होंने बताया कि विभाग शहर की नहरों के कवरिंग का कार्य करने जा रहा है। नहरों के कवर होने के बाद बरसात के पानी की निकासी एक बड़ी समस्या बन सकती है। इसके लिए रामनगर का ड्रेनेज प्लान बनाने की तैयारी की है। शासन से बजट मिलते ही ड्रेनेज प्लान बनाया जाएगा।

ममता ने प्रधानमंत्री से मांगा स्पष्टीकरण

एजेंसी, कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आधार कार्ड को निष्क्रिय करने के केंद्र सरकार के कदम को स्पष्ट करने को कहा।

बनर्जी ने प्रधानमंत्री से पूछा कि मैं आपसे बिना कारण बताए आधार कार्ड को निष्क्रिय करने की अचानक की गई कार्रवाई के कारणों के बारे में जानना चाहती हूं। बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मैं आधार कार्डों को लापरवाही से निष्क्रिय करने की कड़ी निंदा करती हूं, खासकर पश्चिम बंगाल में एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों को निशाना बनाकर। बिना किसी पूर्व जांच या राज्य सरकार से परामर्श के आधार कार्डों को निष्क्रिय करने का केंद्र का एकतरफा फैसला एक भयावह साजिश है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि क्या यह सिर्फ पात्र लाभार्थियों को लाभ से वंचित करने के लिए है या आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बड़े पैमाने पर लोगों के बीच घबराहट की स्थिति पैदा करने के लिए है? इससे पहले बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें राज्य के विभिन्न जिलों से कई लोगों के आधार कार्ड रद करने की खबरें मिल रही हैं और उन्होंने प्रभावित लोगों से ऐसी शिकायतें प्राप्त करने के लिए मंगलवार को एक सरकारी पोर्टल शुरू करने की घोषणा की। केंद्र की ओर से ऐसे किसी भी कदम से इनकार करते हुए विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पर अनावश्यक रूप से दहशत पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

▸▸ आधार कार्ड को निष्क्रिय किए जाने का मामला

▸▸ सुवेंदु अधिकारी ने आरोपों को निराधार बताया

वन आरक्षी-सहायक लेखाकारों को दिए नियुक्ति पत्र

▸▸ लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित हुए अभ्यर्थी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जन सेवाओं को आसान बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र गढ़ी कैंट में वन विभाग की ओर से आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने चयनित 892 वन आरक्षी और 104 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र दिए। नियुक्ति पाने वाले 104 सहायक लेखाकारों में 59 वन तथा 45 तकनीकी शिक्षा विभाग में शामिल हैं। वन विभाग के अधीन अप्रैल 2017 से अब तक समूह ग के विभिन्न 4406 पदों पर नियुक्ति की गई है, जिसमें जुलाई 2021 से अब तक 2,528 नियुक्तियां शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब वे उत्तराखंड शासन, प्रशासन का हिस्सा बनने जा रहे हैं, अपेक्षा है कि सभी सच्ची लगन और मेहनत से कार्य करेंगे। वन व तकनीकि शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि युवाओं की तकनीकि दक्षता के लिए पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई कॉलेजों को अवस्थापना सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। इनके माध्यम से गत वर्ष 65 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। यहां प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, वन प्रमुख (हॉफ) अनूप मलिक और सचिव तकनीकि शिक्षा रविनाथ रमन मौजूद थे।

चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वनमंत्री सुबोध उनियाल।

आदर्श चंपावत बनाना स्वप्न और संकल्प : धामी

मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में हिमालयन बास्केट का शुभारंभ किया। उन्होंने चंपावत से वर्चुअल जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा स्वप्न और संकल्प है कि एक आदर्श चंपावत बनाएं। इसके लिए चंपावत के जो भी उत्पाद हैं, वो सभी आदर्श होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरुआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। दोनों ने डेयरी, खेती और उनके पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया। वे दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग-अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में भेजते हैं।

अंडमान के स्वच्छ पर्यावरण को संरक्षित करें : राष्ट्रपति

एजेंसी, पोर्ट ब्लेयर

▸▸ सेलुलर जेल पहुंच कर मुर्म ने वीर सावरकर को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के स्वच्छ पर्यावरण और पारिस्थितिकी को संरक्षित करने की आवश्यकता पर सोमवार को जोर दिया। मुर्मू ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने का भी आह्वान किया।

उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस द्वीप की पारिस्थितिकी और पर्यावरण को संरक्षित करना बहुत महत्वपूर्ण है। हमें प्रगति करते हुए विकासात्मक कार्यों और पर्यावरण के संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। राष्ट्रपति ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में बेहतर संपर्क सुविधा के कारण 2014 से 2022 तक पर्यटकों के आगमन में वृद्धि को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल राजस्व जुटाने में मदद मिली, बल्कि इस द्वीप में रोजगार भी पैदा हुआ। यह देश के 200-समुद्री मील विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) का 30 प्रतिशत हिस्सा है और यह कहने की जरूरत नहीं है कि समुद्री अर्थव्यवस्था में यह स्थान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुर्मू ने पर्यटन, मत्स्य पालन और कृषि संबंधी विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं और समुद्री उत्पादों के निर्यात से संबंधित अन्य पहल पर काम करने के लिए स्थानीय प्रशासन की सराहना की। उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में त्रि-सेवा कमान के महत्व को भी रेखांकित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में इसकी भू-रणनीतिक उपस्थिति भारत को दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया तक करीबी पहुंच प्रदान करती है। यह स्थान भारत को इन स्थानों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुर्मू ने आदिवासी कल्याण के मुद्दों के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) शुरू करने के लिए केंद्र की सराहना की। सरकार की इस योजना का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि मैं 21 फरवरी को पीवीटीजी के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।

इससे पहले, राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में ऐतिहासिक सेलुलर जेल का दौरा किया और वहां शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुर्मू अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचीं। राष्ट्रपति ने वीर सावरकर को उस कोठरी में जाकर श्रद्धांजलि दी जहां उन्हें कैद रखा गया था।



चमोली जिले में ताजा बर्फबारी के बाद सोमवार को बर्फ से ढका औली क्षेत्र।

बांध परियोजना में देरी होने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, देहरादून

▸▸ 127 हेक्टेयर वन भूमि प्रत्यावर्तित की सैद्धान्तिक स्वीकृति मिली

अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सौंग बांध परियोजना की प्रोसिजर क्लीयरेन्स कार्यों में देरी पर नाराजगी व्यक्त की व सम्बन्धित कार्यवाही को जल्द पूरा करने के निर्देश सिंचाई विभाग व कार्यदायी संस्था यूपीडीसीसी लि. को दिए। मुख्य सचिव ने सोमवार को सचिवालय में आयोजित सौंग बांध की ईएफसी की बैठक (व्यय वित्त समिति) के दौरान दिए।

मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग को परियोजना से सम्बन्धित पर्यावरणीय, वित्तीय सहित सभी क्लियरेन्स जल्द प्राप्त करते हुए इसका अन्तिम अनुमोदन प्राप्त करने निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून में जलापूर्ति की कमी के कारण भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पेयजल के उद्देश्य से सौंग बांध अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जिससे शहर को पेयजल आपूर्ति के लिए 150 एमएलडी रॉ वाटर, नलकूपों के रख रखाव के व्यय की बचत, भूमिगत जल रिचार्ज, बाढ़ नियंत्रण एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

चिड़ियाघर व सफारी की शुरुआत के लिए मंजूरी जरूरी

उच्चतम न्यायालय ने देश भर में वन संरक्षण के लिए जारी के अहम निर्देश

एजेंसी, नयी दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने देश भर में वन संरक्षण के लिए सोमवार को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि वन भूमि पर चिड़ियाघर खोलने या सफारी शुरू करने के किसी भी नए प्रस्ताव के लिए अब न्यायालय की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

शीर्ष अदालत ने इस अभ्यावेदन पर गौर किया कि संरक्षण संबंधी 2023 के संशोधित कानून के तहत वन की परिभाषा में लगभग 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर वन भूमि को जंगल के दायरे से बाहर रखा गया है और इसका उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके अधिकार क्षेत्र के भीतर आने वाली वन भूमि का विवरण केंद्र को इस वर्ष 31 मार्च तक मुहैया कराने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा प्रदान किए जाने वाले वन जैसे क्षेत्र, अवर्गीकृत वन भूमि और सामुदायिक वन भूमि संबंधी विवरण को 15 अप्रैल तक अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराएगा। अदालत ने कहा कि पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि के तहत किसी चिड़ियाघर/सफारी को अधिसूचित नहीं किया जाएगा... संरक्षित क्षेत्रों के अलावा अन्य वन क्षेत्रों में सरकार या किसी प्राधिकरण के स्वामित्व वाले वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 में संदर्भित चिड़ियाघर/सफारी की शुरुआत के किसी भी प्रस्ताव को न्यायालय की पूर्व मंजूरी के बिना अंतिम रूप नहीं दिया जाएगा।

पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से टी एन गोदावर्मन तिरुमुलपाद बनाम भारत संघ मामले में 1996 के फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित वन की परिभाषा के अनुसार कार्य करने को कहा। उसने इस बात का उल्लेख किया कि सरकारी रिकॉर्ड में वन के रूप में दर्ज भूमि की पहचान करने की प्रक्रिया संशोधित कानून के अनुसार जारी है। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि शीर्ष अदालत के फैसले में वन की व्यापक परिभाषा को संशोधित कानून में शामिल धारा-1 ए के तहत संकुचित कर दिया गया है। संशोधित कानून के अनुसार, 'वन' के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए भूमि को या तो जंगल के रूप में अधिसूचित किया जाना चाहिए या सरकारी रिकॉर्ड में विशेष रूप से जंगल के रूप में दर्ज किया जाना चाहिए। केंद्र ने 27 मार्च, 2023 को वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक पेश किया था। याचिकाओं में संशोधित कानून की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है और इसे अमान्य करार दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

▸▸ 31 मार्च तक वन भूमि का विवरण उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

हल्दूचौड़ महोत्सव में उत्तराखंड संस्कृति की बिखरी छटा

हल्दूचौड़, अमृत विचार : हल्दूचौड़ ऑनलाइन संस्था के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय हल्दूचौड़ महोत्सव में सुप्रसिद्ध लोक गायक जीतेन्द्र तोमग्याल और प्रहलाद मेहरा के गीतों पर लोग झूमते नजर आए। वीर महाराणा प्रताप थारू सांस्कृतिक समिति खटीमा के बंटी राणा ग्रुप व बिन्दुखत्ता के सांस्कृतिक दलों ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक छटा बिखेरी। प्रतियोगिता के निर्णायक- राकेश कुमार व रिया बिष्ट थे।डांस प्रतियोगिता में प्रथम- अवनी बिष्ट, दूसरा-श्रेया कबड़वाल, तीसरा- नमन एंड विराट थे, जबकि मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम-प्रिया तौलिया, दूसरा-प्रिया गुप्ता, तीसरा-रिया उप्रेती थे।

कई ऐसे अच्छे काम हैं जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर गए हैं : मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

संभल जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे भरोसा है कि यह मंदिर इस बात का प्रमाण होगा कि हम हम बेहतर भविष्य को लेकर कितने सकारात्मक रहने वाले लोग हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पराभव से भी विजय को खींच करके लाने वाला राष्ट्र है। हम पर सैकड़ों वर्षों तक इतने आक्रमण हुए। कोई और देश होता, कोई और समाज होता तो लगातार इतने आक्रमणों की चोट से पूरी तरह नष्ट हो गया होता। फिर भी हम न केवल डटे रहे बल्कि और भी ज्यादा मजबूत होकर सामने आए। आज सदियों के वह बलिदान फलीभूत हो रहे हैं।

संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास के अवसर पर पेड़ों पर चढ़कर प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने को आतुर लोग।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया कि कल्कि धाम निर्माण के लिए पिछली सरकारों से लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी, कहा जा रहा था कि मंदिर बनने से शांति व्यवस्था बिगड़ जाएगी। आज हमारी सरकार में निश्चिंत होकर यह काम को शुरू पाया है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मैंने एक और बात कही थी कि 22 जनवरी से अब नए कालचक्र की शुरुआत हो चुकी है। प्रभु श्रीराम ने जब शासन किया उसका प्रभाव हजारों वर्ष तक रहा। इस प्रकार रामलला के विराजमान होने से अगले हजार वर्षों तक भारत के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत हो रही है। भगवान राम की तरह ही कल्कि का अवतार भी हजारों वर्षों की रूपरेखा तय करेगा। हम यह कह सकते हैं कि कल्कि कालचक्र के परिवर्तन के प्रणेता भी हैं और प्रेरणा स्रोत भी हैं।

▸▸ संभल में प्रधानमंत्री मोदी ने देश का इतिहास बता बढ़ाया आम जनता का हौसला

आज सुदामा श्रीकृष्ण को देते पोटली तो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता

कल्कि धाम शिलान्यास के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में जो कहा उसे सुनकर लोग घंटों तक बात का मतलब समझने में लगे रहे। दरअसल आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री के स्वागत भाषण के दौरान कहा था हर किसी के पास कुछ न कुछ देने को होता है, मेरे पास कुछ नहीं है मैं सिर्फ भावना व्यक्त कर सकता हूं। इसके बाद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन शुरु किया तो आचार्य प्रमोद कृष्णम से मुखातिब होकर बोले-प्रमोद जी अच्छा हुआ कि कुछ दिया नहीं, वरना जमाना ऐसा बदल गया है कि अगर आज के युग में सुदामा श्री कृष्ण को एक पोटली में चावल देते, वीडियो निकल आती, सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल हो जाती और जजमेंट आता कि भगवान कृष्ण को भ्रष्टाचार में कुछ दिया गया और भगवान कृष्ण भ्रष्टाचार कर रहे थे। इस वक्त में जो हम कह रहे हैं कि अच्छा है आपने भावना व्यक्त की और कुछ दिया नहीं।

प्रधानमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी पहचान इनोवेशन हब के तौर पर हो रही है। हम पहली बार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जैसे बड़े मुकाम पर पहुंचे हैं। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। पहली बार भारत में वंदे भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन चल रही हैं। पहली बार भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी हो रही है। पहली बार हाईटेक हाईवेज, एक्सप्रेसवेज का इतना बड़ा नेटवर्क और उसकी ताकत देश के पास है। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, बिजली व हर घर जल जैसी उपलब्धियां भी गिनाईं।

आगरा-मथुरा के स्टेशनों को मेजर सर्जरी की जरूरत

आगरा : उत्तर प्रदेश के आगरा पहुंचे रेल राज्यमंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने सोमवार की शाम आगरा कैंट स्टेशन का निरीक्षण किया। मीडिया से मुखातिब होने पर उन्होंने कहा कि आगरा-मथुरा पर्यटन नगरी है। इनके स्टेशनों को मेजर सर्जरी की जरूरत है। यहां स्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। करीब 20 मिनट निरीक्षण के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। मीडिया से बातचीत में रेल राज्यमंत्री ने कहा कि आगरा-मथुरा स्टेशनों पर रोजाना आने वाले यात्रियों का डाटा जुटाया जा रहा है। वेटिंग एरिया, बढ़ेगा, प्लेटफार्म चौड़े होंगे। नई ट्रेनों को चलाने की भी तैयारी है।

महिला मित्र की हत्या कर युवक ने की आत्महत्या

बिजनौर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में मनमुटाव के चलते युवक ने महिला दोस्त की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

गांव शेखपुरा लाला में सोमवार की सुबह करीब नौ बजे 43 वर्षीय लक्ष्मण सिंह पुत्र बाबूराम ने गांव की ही 45 वर्षीया धर्मवती पत्नी स्वर्गीय राकेश की उसके घर में गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद लक्ष्मण ने अपने घर आकर फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। दोनों के घर आमने-सामने हैं। महिला विधवा थी। जबकि लक्ष्मण की पत्नी की भी मौत हो चुकी है। दोनों के बीच कुछ दिनों से मनमुटाव चल रहा था।

पेपर लीक की खबरों की जांच को बनी आंतरिक जांच कमेटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सख्ती

▸▸ पेपर छपाई में गड़बड़ी, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले की भी होगी जांच

अमृत विचार : उप्र में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया पर पेपर लीक की खबरों को लेकर बवाल मचा हुआ है। सपा मुखिया अखिलेश यादव, पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और कांग्रेस नेता राहुल गांधी तक ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया है। हालांकि उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड इसे लगातार खारिज करता रहा है, लेकिन इन बीच सोमवार को इस मामले की जांच के लिए भर्ती बोर्ड ने आंतरिक जांच कमेटी गठित करने का फैसला किया है। एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति बनाई गई है। भर्ती बोर्ड का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जाएगी। 48 लाख बच्चों के भविष्य का सवाल है।

भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा ने बताया कि अभ्यर्थियों के द्वारा सोशल मीडिया पर जो समस्याएं बताई जा रही हैं उन समस्याओं को देखते हुए बोर्ड ने आंतरिक कमेटी गठित की है। वायरल प्रश्न-पत्र और उत्तर पुस्तिका को लेकर जांच की जाएगी। उनका कहना है कि उनके पास भी सभी वायरल चीज़ें हैं। जो सवाल वायरल हुए हैं वह प्रश्न-पत्र में कितने आए हैं? और वह परीक्षा से पहले, बाद में या उसके दौरान वायरल हुए हैं? इनकी भी जांच की जाएगी।

पुलिस भर्ती बोर्ड के सूत्रों के मुताबकि एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी आंतरिक जांच समिति पेपर लीक की शिकायत, पेपर छपाई में गड़बड़ी, पेपर देर से पहुंचने, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले की भी जांच करेगी। जांच रिपोर्ट में मिली जानकारियों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

सिर्फ पंजाब से चल रहा किसान आंदोलन : सिंह

बागपत : एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे किसानों के आंदोलन पर केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह ने कहा है कि किसान आंदोलन सिर्फ पंजाब से चल रहा है।

यहां पुरा महादेव मंदिर पर सोमवार सुबह भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के बाद मीडिया से बातचीत में सिंह ने कहा कि किसान आंदोलन पंजाब से चल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से ही 22 फसलों पर एमएसपी लागू है और किसानों की मांग के अनुसार एकदम से एमएसपी लागू करना संभव भी नहीं है। इसके लिए समय चाहिए। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के साथ है और किसानों की खुशहाली के लिए काम कर रही है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सरकार विकास के लिए जो कुछ कहती है, वह पूरा करती है।

रोजाना तैयार होंगी सीमेंट की 1.60 लाख बोरियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : एटा में सीमेंट फैक्ट्री लगेगी, 700 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले श्रीसीमेंट प्लांट में आठ हजार टन प्रतिदिन उत्पादन होगा। इससे एक लाख 60 हजार सीमेंट की बोरियां तैयार होंगी। इसके अलावा एक हजार लोगों को नौकरी मिलेगी और अप्रत्यक्ष रूप से 5-6 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

बंगाल के सीमेंट उद्यमी हरि मोहन बांगुर ने बताया कि एटा में प्रदेश की दूसरी फैक्ट्री होगी। पहली नोएडा में चल रही हैं, जिसमें रोजाना 9000 टन सीमेंट तैयार होती है। प्रदेश में सीमेंट उद्योग के भविष्य और एटा में प्लांट स्थापित करने के संबन्ध में उन्होंने बताया कि एटा में जवाहर तापीय परियोजना निर्माणाधीन है, जिससे सीमेंट फैक्ट्री को राख समीप में उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा वर्तमान में गरीब हो या अमीर, सभी पक्का मकान बनवा रहें हैं, परिवार बढ़ रहें हैं, लोगों को बड़ा मकान चाहिये, इसलिए सीमेंट उद्योग का भविष्य उज्जवल है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि प्रदेश में चूना पत्थर (कच्चा माल) नहीं है, मध्य प्रदेश व राजस्थान में प्रोडक्ट बनता है, सेमी फिनिश्ड प्रोडक्ट लेकर उप्र आयेंगे, सीमेंट तैयार की जायेगी।

यूपी में है सुरक्षा का महौल

प्रदेश में तीन साल बाद ही दूसरी फैक्ट्री लगाने के संबन्ध में चेयरमैन एचएम बांगुर ने बताया कि हर उद्यमी हर क्षेत्र में सुरक्षा चाहता है। पहले सरकारों के साथ एंटी इंकंबेंसी होती थी, पहली बार प्रो इंकंबेंसी हो रही है। बीते सालों में उन्होंने देख लिया है, सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उप्र में बिजली का मुद्दा नहीं बचा, भरपूर बिजली मिल रही है। अब सुरक्षा का माहौल है।

▸▸ प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा हजारों लोगों को रोजगार

एमएसपी की गारंटी के लिए करना होगा बड़ा संघर्ष

एजेंसी, गाजियाबाद

शंभू बॉर्डर पर जारी किसान आंदोलन के बीच सोमवार को किसान नेता राकेश टिकैत ट्रैक्टर से गाजियाबाद पहुंचे। यहां वे दुहाई के भीखनपुर गांव में आयोजित महिला किसान महापंचायत में शामिल हुए। पंचायत में एमएसपी समेत किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला किसान भी मौजूद रहीं।

इस अवसर पर राकेश टिकैत ने कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन लगातार चलता रहेगा। अगर हम किसी को नजर नहीं आ रहे हैं तो यह उनकी समस्या है। यह व्यापारियों की सरकार है। एमएसपी पर बड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। हमें नहीं लगता कि सरकार कुछ करेगी। उन्होंने कहा कि हर जिला मुख्यालय में ट्रैक्टर के साथ प्रदर्शन करने की योजना है। इसके लिए डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा।

सोमवार को गाजियाबाद में आयोजित महिला किसान पंचायत में शामिल होने के लिए पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत।

गौरतलब है कि किसानों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखी हैं। मांगों में सबसे ज्यादा चर्चा न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी और ऋण माफी की है। किसान संगठनों का दावा है कि सरकार ने उनसे एमएसपी की गारंटी पर कानून लाने को लेकर वादा किया था, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका। पूर्व में 13 महीने तक किसान आंदोलन चला था। जिसमें राकेश टिकैत की निगरानी में गाजीपुर बॉर्डर पर किसान बैठे थे। सरकार ने कई मांगें मानने पर अपनी सहमति जताई थी। इसके बाद किसानों ने आंदोलन को वापस ले लिया था। फिलहाल गाजीपुर बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था काफी ज्यादा है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान गाजीपुर बॉर्डर पर नहीं पहुंचे हैं।

महिला किसान पंचायत

▸▸ जिला मुख्यालयों में ट्रैक्टर के साथ प्रदर्शन की योजना

महिला ने दो बेटियों को गला घोंटकर मार डाला

रामपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मझरा खेमवाला में रविवार देर रात छह माह की गर्भवती मां ने अपनी दो बेटियों रोशनी (9) और महक (5) की गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने पेट में हंसिया घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव लच्छीवाला निवासी अमर सिंह का बेटा अरविंद उत्तराखंड के पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडिको खेतान कंपनी में सुरक्षा गार्ड है। रविवार रात वह ड्यूटी पर था। इस दौरान उसकी पत्नी संतोष ने बेटी रोशनी व महक की हत्या कर दी। इसके बाद मानसिक रूप से परेशान महिला ने खुद भी आत्महत्या का प्रयास किया।

डंपर की टक्कर लगने से टेंपो सवार महिला की मौत

सहारनपुर : जिले के नागल क्षेत्र में सोमवार को एक डंपर से टक्कर लगने से टेंपो पर सवार एक महिला की मौत हो गई तथा छह अन्य लोग घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने बताया कि नागल कस्बा निवासी सोनू अपने टेंपो में यात्रियों को बैठाकर सहारनपुर से नागल आ रहा था तभी भाटखेड़ी गांव के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उसके टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह पलट गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में टेंपो सवार मंजू देवी (35) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके पति समेत छह अन्य लोग जख्मी हो गए। जैन के मुताबिक घायलों को पास के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

सपा ने कांग्रेस को दिया 17 सीटों का ऑफर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस को प्रदेश में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का 'ऑफर' दिया है। फिलहाल सपा ने सीटों की जानकारी नहीं दी है। इससे पहले सपा ने 11 सीटों का ऑफर दिया था।

सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि सपा की ओर से कांग्रेस को 17 लोकसभा सीट की अंतिम पेशकश की गई है। उन्होंने कहा कि इस पेशकश पर कांग्रेस की स्वीकृति के आधार पर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होना निर्भर करेगा।

▸▸ सपा ने कांग्रेस को उप्र में पहले 11 सीटें देने की पेशकश की थी

मालूम हो कि इससे पूर्व सपा ने कांग्रेस को प्रदेश में 11 सीटों की पेशकश की थी, जबकि कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने अधिक सीट की मांग की थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कहना था कि उनकी पार्टी को करीब दो दर्जन सीट दी जानी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस की ओर से वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में जीती हुई सीट का उल्लेख किया था।

बसपा अकेले ही लड़ेगी चुनाव : मायावती

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने एक बार फिर से स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी आने वाले लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि लोकसभा चुनाव में बसपा के किसी भी दल से गठबंधन नहीं करने की बार-बार स्पष्ट घोषणा के बावजूद आए दिन गठबंधन संबंधी अफवाह फैलाई जा रही है। इससे साबित होता है कि बसपा के बिना कुछ पार्टियों की सही से दाल गलने वाली नहीं है। बसपा के लिए अपने लोगों का हित ही सर्वोपरि है। लिहाजा सर्वसमाज के खासकर गरीबों, शोषितों व उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनजर बसपा का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। उन्होंने लोगों से ऐसी अफवाहों से सावधान रहने के लिए आगाह किया।

वर्ग पहेली-348

बाएं से दाएं

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

ऊपर से नीचे

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।



वर्ग पहेली - 347 का हल

1 कँ	ग	ला		2 अ	
टि				व	
या		3 की		स	
	4 फ	ट	का	र	ना
		ना		वा	
5 सु	दे	श		दि	
थि		6 क	र	ता	ल

सुडोकू-65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1	5					8		2
		6			4			
	8					7	6	
	4		1		5			8
		3				9		
8			6		2		4	
	6	8					9	3
			7			2		
2		9					7	5

सुडोकू - 64 का हल

1	6	3	2	8	5	7	9	4
4	8	2	6	7	9	3	5	1
5	7	9	1	4	3	6	2	8
2	1	5	4	3	6	9	8	7
9	4	7	8	5	1	2	6	3
8	3	6	7	9	2	1	4	5
3	5	1	9	2	4	8	7	6
7	2	4	3	6	8	5	1	9
6	9	8	5	1	7	4	3	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09.55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 12.13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

वृष — आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मिथुन — आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

कर्क — आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

सिंह — आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

कन्या — आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

तुला — आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

धनु — आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

मकर — आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

कुंभ — आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

मीन — आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10.00
- कर्तव्य — रात : 07.00

SONY MAX
- कोई जाने ना — सुबह : 09.00
- नहले पे दहला — रात : 09.00

SONY PIX
- एनाकोंडा — सुबह : 10.17
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बादल — सुबह : 10.30
- लव शुदा — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- तो बात पक्की — सुबह : 11.04
- हीरोज — रात : 09.48

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा तय

सरकार के अंतरिम बजट में की गई घोषणा के तहत आयकर विभाग ने किया निर्धारित

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने छोटी कर मांगों को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा के तहत प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में आकलन वर्ष 2010-11 तक 25,000 रुपये और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की। इसमें शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश में कहा है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को माफ करने को लेकर प्रति करदाता के लिए एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय की गयी है। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानों के तहत कर कटौती करने वालों कर संग्राहकों के खिलाफ की गयी मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के भागीदार मनीष बावा ने कहा कि निर्देश यह स्पष्ट करता है कि यह छूट करदाताओं को 'क्रेडिट' या 'रिफंड' के किसी भी दावे का अधिकार नहीं देता है।

नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद: पीयूष गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6 .5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5 .5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा-बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2 .50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी।

राजाध्यक्ष ने 16वें वित्त आयोग की सदस्यता पर असमर्थता जताई

नई दिल्ली। 16वें वित्त आयोग का सदस्य बनाए गए 'अर्थ ग्लोबल' के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष ने निजी कारणों से इसके लिए असमर्थता जताई है। मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 31 जनवरी को 16वें वित्त आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति की थी। इसमें राजाध्यक्ष के अलावा पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। वहीं एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को अंशकालिक सदस्य नामित किया गया। मंत्रालय ने कहा-राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों की वजह से यह जिम्मेदारी संभालने में असमर्थता जताई है।

अब एआई-जनित गलत सूचना से निपटना हो जाएगा आसान

- मार्च तक जनता के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन
- डीपफेक से बचाने के लिए एमसीए, मेटा ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी। डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं।

एक बयान के अनुसार, ''एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है।'' बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी। एमसीए व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाले सभी 'इनबाउंड' संदेशों को प्रबंधित करने के लिए एक 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' स्थापित करेगा।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति नग)	47,500-47,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,300
चांदी तैयार	73,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	724 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,100।

बुजुर्गों के लिए अनिवार्य बचत आवास योजनाओं की जरूरत

- नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग ने बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर सुधारों, अनिवार्य बचत और आवास योजनाओं की वकालत की है। आयोग के मुताबिक, 2050 तक देश की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 19.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया-चूंकि भारत में सामाजिक सुरक्षा ढांचा सीमित है, इसलिए अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपनी बचत से मिलने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। ब्याज दरों में कमी होने की स्थिति में उनकी आय में कमी आती है। कभी-कभी यह आजीविका से भी कम हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए वरिष्ठ नागरिक जमा पर मिलने वाले ब्याज के लिए एक न्यूनतम दर तय करने को नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है। नीति आयोगी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इस समय बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में 2.48 प्रतिशत घट गया

नई दिल्ली। देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 2.48 प्रतिशत घटकर 2.236 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 2.293 करोड़ टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 3.305 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 3.662 करोड़ टन था। इस्मा के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु में चीनी उत्पादन कम रहा।

हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब साफ नहीं

- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर बोले-कंपनी से पूछे गए थे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है। एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा, "मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा-हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई। अलर्ट पाने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय

आवाज दबा रही सरकार, राष्ट्रपति शासन लागू हो

संदेशखालि में महिलाओं की आपबीती सुनकर एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की मांग

कोलकाता, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग ''भाजपा के प्रभाव'' में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

शर्मा ने फोन पर बताया-इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा-उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा-दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है।

कोटा में अवसाद में चल रहे बीटेक छात्र ने की आत्महत्या

कोटा (राजस्थान)। पिछले तीन साल से अवसाद का इलाज करा रहे एक बीटेक छात्र ने यहां आंबेडकर नगर में अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगा ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, युवक ने अलवर में तैनात अपने इंजीनियर पिता को रविवार को फोन करके आत्महत्या करने के अपने इरादे के बारे बताया, जिसके बाद उन्होंने पड़ोसियों से अपने बेटे को जाकर देखने के लिए कहा। पुलिस ने बताया कि मामला शाम को तब सामने आया, जब छात्र के पिता घर पहुंचे। कुन्हारी पुलिस थाने के उप निरीक्षक राजाराम ने कहा कि 23 वर्षीय युवक पिछले तीन साल से अवसाद का इलाज करा रहा था और उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने पर चर्चा के लिए सहमत

- एचपीसी की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने और काफी ऊंचाई पर स्थित इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशेष लोक सेवा आयोग गठित करने की मांगों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

लद्दाख के विभिन्न संगठनों का प्रतिननिधित्व कर रहे शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यह सहमति बनी। एबीएल और केडीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, बैठक में हमारी मुख्य मांगों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया जिनमें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करना और 24 फरवरी को लद्दाख के लिए विशेष लोक सेवा आयोग के गठन की मांग शामिल है। लद्दाख के दोनों संगठनों ने इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर मंगलवार से भूख हड़ताल करने की अपनी योजना को फिलहाल रद करने का फैसला किया। बैठक में मांगों पर विचार करने की कवायद को आगे बढ़ाने के लिए एक संयुक्त उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। बयान में कहा गया कि तदनुसार हमने कुछ सदस्यों के साथ उप-समिति का भी गठन किया है जिनमें कई लोग शामिल हैं।

राजस्थान में कांग्रेस विधायक मालवीया भाजपा में शामिल

जयपुर। राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं।

एक नजर

पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल घायल

पणजी। दक्षिण गोवा के एक गांव में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए। कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे।

लद्दाख के करगिल में 5.2 तीव्रता का भूकंप

कारगिल (लद्दाख)। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के करगिल जिले में सोमवार रात 5 .2 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप रात नौ बजकर 21 मिनट पर आया और इसका केंद्र करगिल से 148 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था।

कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे, नकुल कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

- पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सज्जन वर्मा ने अटकलों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने यह टिप्पणी की।

वर्मा के मुताबिक, उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। यह यात्रा मार्च महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक कमलनाथ ने उनसे कहा-मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा कि यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं ?

दिल्ली विस से निलंबित 7 भाजपा विधायक पहुंचे हाईकोर्ट

- उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवधान डालने के आरोप में किया गया था निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा के सात विधायकों ने उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवधान डालने के आरोप में दिल्ली विधानसभा से अपने अनिश्चितकालीन निलंबन को सोमवार को उच्च न्यायालय में चुनौती दी।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निलंबित विधायक मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता को अंतरिम राहत दी जाए या नहीं, इसपर सुनवाई करने के लिए मामले को 20 फरवरी को सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील जयंत मेहता ने कहा कि विशेषाधिकार समिति के समक्ष कार्यवाही समाप्त होने तक उनका अनिश्चितकालीन निलंबन नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने अदालत से गुजारिश की कि इन विधायकों सत्र की कार्यवाही में हिस्सा की अनुमति दी जाए।

पवार गुट अगले आदेश तक राकांपा शरदचंद्र पवार नाम का इस्तेमाल कर सकता : न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के गुट को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा है।

सिद्धारमैया, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धारमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

मतपत्र, मतगणना की वीडियो आज पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा। न्यायालय ने कहा कि नए सिरे से मतदान का आदेश देने के बजाय, वह पहले ही डाले गए वोटों के आधार पर नतीजे घोषित करने पर विचार कर सकता है। अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया।

भाजपा ने 30 जनवरी को अधिकारी अनिल मसीह पर आठ मतों को विरूपित करने का आरोप लगा है। पांच फरवरी को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विरूपित किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

चंडीगढ़ महापौर चुनाव

- उच्चतम न्यायालय ने रिकॉर्ड लाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का दिया आदेश

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठबंधन के खिलाफ जीत हासिल की। महापौर पद के लिए भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया, उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी के 12 के मुकाबले 16 वोट मिले। आठ वोट अवैध घोषित किए गए। निर्वाचन

चुनाव अधिकारी ने मतपत्रों पर लगाए निशान मुकदमा चलाया जाना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चंडीगढ़ के महापौर के 30 जनवरी को हुए चुनाव में मतपत्रों पर अवैध रूप से निशान लगाना एक बेहद गंभीर मामला है और इसके लिए पीठासीन चुनाव अधिकारी अनिल मसीह पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले में पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर नए सिरे से मतदान के बजाय वोटों की दुबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने पिछले माह 30 जनवरी को हुई वोटों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम
- मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे

सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।

पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी

- नासिर और माइकल ने कहा- मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

खेल डायरी

घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमश: राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

बर्लिन, एजेंसी। बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड, एजेंसी। रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

पांच मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी

भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।

हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेंगे : बेन स्टोक्स

राजकोट। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस श्रृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।

नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- श्रृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप

भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत की।

छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का रणजी मुकाबला ड्रा

- कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया रणजी मुकाबला सोमवार को ड्रा हो गया। मैच के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के प्रियम गर्ग ने नाबाद शतकीय पारी खेली। आखिरी दिन यूपी को जीत के लिए 376 रन का लक्ष्य मिला। चाय के समय तक टीम ने तीन विकेट खोकर 201 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। बाद में दोनों टीमों के कप्तानों की सहमति से मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया गया। मुकाबले में पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर छत्तीसगढ़ ने तीन अंक अर्जित किए, जबकि उत्तर प्रदेश को महज एक अंक से संतोष करना पड़ा। अंकों से अब दोनों टीमों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। दोनों ही टीमें पहले ही नॉकआउट राउंड से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने आज पांच विकेट खोकर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने करीब 45 मिनट बल्लेबाजी की और आठ विकेट पर 199 रन पर पारी घोषित कर दी। अजय ने 51 रनों की नाबाद पारी खेली। उत्तर प्रदेश से शिवम शर्मा ने 34 पर तीन और सौरभ कुमार ने 72 पर दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश को 72 ओवर में 376 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश टीम को पहला झटका 44 रन पर लगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी 14 रन पर आउट हो गए। उन्होंने जीवेश की गेंद पर अनुज तिवारी को आसान कैच थमा दिया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे शिवम ने प्रियम गर्ग के साथ पारी को संभला। लेकिन शिवम शर्मा ज्यादा देर नहीं टिक सके। उन्हें रिटायर हर्ट करार दिया गया। कप्तान नितीश राणा 20 और करन शर्मा 10 रन बनाकर आउट हो गए।

शतकीय पारी खेलने वाले प्रियम।



बॉलीवुड हलचल

बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है।बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज

मुंबई, एजेंसी। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं, जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है.. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई .एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती. जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया...और इसलिए सभी के मुखी का नाम... 'राजा शिवाजी।

निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

मनमोहक

गुवाहाटी में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

ब्रिटेन के स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंधित

लंदन, एजेंसी: ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए हर स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी हुआ है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश हैं। स्कूल को मोबाइल फोन के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी।

कटरा से बारामूला तक विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

श्रीनगर, एजेंसी

- परियोजना पूरा होने से जम्मू से श्रीनगर साढ़े 4 घंटे में जा सकेंगे
- संगलदान से बनिहाल तक 16 पुल, जिनमें 11 प्रमुख

जम्मू-कश्मीर में पहली विद्युत चालित ट्रेन मंगलवार से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू में एक जनसभा में कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बनिहाल के बीच के 111 किलोमीटर के निर्माणाधीन खंड में बनिहाल से खड़ी, सुंबड़ के रास्ते संगलदान तक 48 किलोमीटर के खंड के साथ ही संगलदान से बारामूला तक करीब 185 किलोमीटर की लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे और घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। नई लाइन के चालू होने और विद्युतीकृत ट्रैक के उद्घाटन के साथ ही अब कश्मीर घाटी में बारामूला से संगलदान तक 20 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में स्वच्छ ईंधन से रेल परिवहन का नया इतिहास लिखा जाएगा। श्रीनगर होते हुए बारामूला तक लगभग 138 किलोमीटर का खंड तथा ऊधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक 23 किमी का खंड पहले ही बन चुका है।

रामबन जिला मुख्यालय के पास स्थित शहर संगलदान से बनिहाल के खंड में कुल 16 पुल हैं, जिनमें 11 प्रमुख पुल, 4 छोटे पुल और 1 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों में है, जिसमें कुल 11 सुरंगें हैं जो 43.37 किलोमीटर की लंबाई में हैं, जिसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी -50 भी शामिल है, जो खड़ी-सुम्बर खंड में 12.77 किलोमीटर लंबी है।

सुरक्षा और बचाव के लिए, 3 एस्केप सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई 30.1 किमी है। इस खंड में 23.72 किमी तक फैले 30 मोड़ शामिल हैं। यात्री सुरक्षा और आराम को और बढ़ाने के लिए, कई उन्नत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

एक नजर

पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से 5 की मौत

इस्लामाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।

आतंकियों से फिलिपीनी सैनिकों की झड़प में 8 मरे

फिलीपीन। सैनिकों की दक्षिणी क्षेत्र के कोहरे से ढके अंदरूनी इलाकों में उग्रवादियों से झड़प हो गई जिसमें कम से कम सात सैनिक और दो विद्रोही मारे गए। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के पास इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित एक छोटे समूह दौला इस्लामिया के लड़ाकों के खिलाफ रविवार को सेना के हमले में चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सैनिक अभी भी उग्रवादियों की तलाश कर रहे हैं जो घटना स्थल से भाग गए।

धार्मिक टिप्पणी की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन

मंगलुरु। विहिप और बजरंग दल ने सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन करने के लिए भाजपा विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'कार्य ही पूजा है' पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था।

लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र बने थल सेना उप प्रमुख

नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को थल सेना के उपप्रमुख का पदभार संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार से यह जिम्मेदारी ली है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें सैनिक सलामी दी गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार द्विवेदी 2022 से उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) से शिक्षित-प्रशिक्षित जनरल द्विवेदी को 1984 में 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में नियुक्त किया गया था और तरक्की करते करते एक दिन उन्होंने इस इकाई की कमान संभाली।

पीटीआई ने कहा- सुन्नी इत्तेहाद में निर्दलीय होंगे शामिल

चुनावी परिणाम से पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति, निर्दलियों को अधिसूचना के 3 दिन में पार्टी में शामिल होना था

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पीटीआई द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने संसद में अधिकतम सीटें जीती हैं लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे 8 फरवरी के चुनावों के परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम के बाद देश में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन गई। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के तीन दिनों के भीतर एक पार्टी में शामिल होना था। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी।

खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है। पीटीआई ने मतदान में धांधली के आरोप लगने पर रविवार को चुनाव परिणामों में हेरफेर की न्यायिक जांच की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 93 सीटें जीती। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी अपनी 17 सीटों के साथ उनका समर्थन करने पर सहमत है। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव रद करने की याचिका लगाने वाले को फटकारा

इस्लामाबाद। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित धांधली के कारण चुनावों को अमान्य घोषित करने की अपील करने वाले याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तलब किया। डान अखबार की खबर के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।" पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी।

सेना में महिलाओं को उच्च पद देने से जुड़ी नीति 31 मार्च तक

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने केंद्र से अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को सोमवार को बताया कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों को उच्चतर पद दिये जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन की दलील पर गौर किया और निर्देश दिया कि एक अप्रैल तक एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए।

पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बालासुब्रमण्यन ने पीठ से कहा, ''महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति और नियमित बड़ी इकाई में कमान सौंपे जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी।'' कुछ महिला अधिकारियों का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहन ने कहा कि पदोन्नत किये गए सभी 225 पुरुष अधिकारियों को नियमित बड़ी इकाइयों में कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि 108 महिला अधिकारियों में से केवल 32 को नियमित इकाइयों में कमान सौंपी गई है। पिछले साल चार दिसंबर को शीर्ष अदालत को बताया गया था कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति के मुद्दे का हल करने के लिए एक नीति तैयार करने और कर्नल से ब्रिगेडियर रैंक पर उनकी पदोन्नति पर विचार करने का कार्य जारी है। उस वक्त शीर्ष अदालत ने सेना को एक नीति तैयार करने के लिए 31 मार्च 2024 तक का समय दिया था।

हूती विद्रोहियों के हमले में बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया

लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया है। हालांकि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों ने तत्काल इस दावे की पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही इससे पहले अमेरिकी ड्रोन को मार गिरा चुके हैं। सारी ने दावा किया कि एक अन्य हमले में हूती बलों ने लाल सागर से लगे यमन के हुदैदा बंदरगाह के निकट एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि हूती "वायु रक्षा बलों ने यहूदियों के इशारे पर हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण मिशन को अंजाम देने जा रहे अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मिसाइल के जरिए मार गिराया।

पकिस्तान में संगीत कार्यक्रम में पथराव

लाहौर। पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार एक छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था, तभी कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत तुलेबा (आईजेटी) के करीब 10 सदस्यों का समूह वहां पहुंचा और प्रतिभागियों पर पथराव कर दिया उन्होंने कहा कि हमलावरों ने इस्लामी नारे लगाए।

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में तलब

इस्लामाबाद, एजेंसी

- लापता बलोच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देश
- दूसरी बार पेश नहीं होने पर न्यायाधीश ने जताई नाराजगी

पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था।

दिल्ली दंगे: हत्या के 4 आरोपी कोर्ट से बरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों में हुई दो की हत्या के 4 आरोपियों को बरी करते हुए कहा है कि कोई सबूत नहीं पेश किया गया कि आरोपी दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रामचला यहां अशोक, अजय, शुभम और जितेंद्र कुमार नाम के व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज दो मामलों की सुनवाई कर रहे थे। इन पर, संप्रदायिक हिंसा के दौरान 25 फरवरी 2020 को बृजपुरी में अशफाक हुसैन और जाकिर की हत्या का आरोप है। अदालत ने पिछले हफ्ते जारी किये दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि कोई भी आरोपी व्यक्ति हुसैन और जाकिर की हत्या में संलिप्त था।

महिलाओं से निष्पक्ष बर्ताव की नीति हो : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को ऐसे मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिक इतिहास हो। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि इतनी भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतों को आरोपी को नियमित जमानत देने में धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो।

अदालत उच्च न्यायालय के जनवरी 2022 के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

- गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खुलासा, मरने वालों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे, जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था।

अट्टुकल पोंगाला उत्सव

तिरुवनंतपुरम में सोमवार को अट्टुकल पोंगाला उत्सव से पहले बच्चे अट्टुकल भगवती मंदिर में कुथियोट्टम अनुष्ठान करते हुए। ● एजेंसी

नई खोज एक अदृश्य चंद्रमा क्षुद्रग्रह के छल्लों की रचना करता है, शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने

किसी क्षुद्रग्रह के भी होते है शनिग्रह के समान छल्ले

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : किसी क्षुद्रग्रह के शनिग्रह के समान छल्ले (वलय) भी हो सकते हैं। यह हैरान करने वाली खबर है। वैज्ञानिकों को इस क्षुद्रग्रह पता 2013 में चल गया था। मगर इसके छल्लों का रहस्य अब उजागर हो पाया है। नई खोज के अनुसार एक अदृश्य चंद्रमा इस क्षुद्रग्रह के छल्ले बनाने में मदद कर रहा है।

चारिक्लो एक छोटी सी दुनिया है, जो मात्र 320 किमी से भी कम चौड़ी है। यह अन्य क्षुद्रग्रह की तरह ही है और शनि व यूरेनस के बीच परिक्रमा करता है। चारिक्लो के दो पतले छल्ले हैं, जिनकी चौड़ाई केवल कुछ मील की है। वर्ष 2013 में इसे खोजा गया था। तब से वैज्ञानिक इस बात पर हैरान थे कि इस

क्षुद्रग्रह के छल्ले कैसे बने होंगे और वह किस तरह का व्यवहार करते हैं। इसका पता लगाने के लिए टक्सन, एरिज़ोना में प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट और सैन एंटोनियो, टेक्सास ट्रिनिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दाफाश किया है। उनका कहना है कि इसका एक छोटे से आकर का अदृश्य चंद्रमा है। शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे संभवतः पानी की बर्फ से बने हैं। लाखों वलय कणों का मॉडलिंग करके निर्धारित किया कि एक छोटा सा चंद्रमा उन्हें बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शनि ग्रह की पतली एफ रिंग भी इसी तरह की है। चारिक्लो के चारों ओर दो पतले छल्लों की खोज अपनी तरह की पहली आश्चर्यजनक खोज है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह रहस्य उजागर हो सका। पिछले साल वेब को इसकी जांच को लगाया गया था और जो डेटा हासिल प्राप्त हुआ, उसीसे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष तक पहुच पाए।

1600 के दशक में पहली बार दूरबीन से देखे गए थे शनिग्रह के छल्ले

नैनीताल : हमारे सौर मंडल में गैस के विशाल ग्रहों में रिंग सिस्टम हैं। जिनमें शनि की वलय प्रणाली को 1600 के दशक में दूरबीन से पहली बार देखा गया था। 1970 और 80 के दशक में नासा के वोयाजर अंतरिक्ष यान ने बृहस्पति और नेपच्यून के छल्ले देखे। 1977 में यूरेनस के छल्ले देखे गए थे। हमारे सौर मंडल में सभी चार गैस विशाल ग्रह को वलय के रूप में जाना जाता है।

अनुच्छेद 370 से संबंधित दावे के लिए नेशनल कांफ्रेंस आजाद पर भड़की

श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद पर यह दावा करने के लिए सोमवार को निशाना साधा कि अनुच्छेद 370 हटाने से पहले पार्टी के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला से विचार-विमर्श हुआ था। आजाद ने आरोप लगाया कि ऐसी अफवाह थी कि फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में पहले से पता था और सार्वजनिक रूप से उन्होंने सरकार से उन्हें जेल में रखने के लिए कहा था। श्री आजाद ने यह भी कहा कि एनसी नेता अक्सर केंद्रीय नेताओं के साथ देर रात का समय मांग रहे थे। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि "राजनीतिक हल्के में बने रहने के लिए आजाद ने इतने निचले स्तर का बयान दिया है। उनके जैसे नेता को ये बातें नहीं करनी चाहिए, जिन्हें वह खुद गपशप कहते हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस हमेशा धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी रही है, खड़ी रहेगी और अब समय आ गया है कि आजाद कांग्रेस से अलग होने व जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी बनाने का असली कारण बताएं।

आजाद 2015 में राज्यसभा सीट के लिए मांग रहे थे भीख

श्रीनगर। एनसी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुलाम नबी आजाद पर निशाना साधा और कहा कि पूर्व कांग्रेस नेता 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए उनसे भीख मांग रहे थे। एनसी उपाध्यक्ष ने आजाद के दावों का मजाक उड़ाते हुये कहा, "वाह भाई वाह गुलाम नबी आज़ाद, आज इतना गुस्सा। वह गुलाम कहां है जो हाल ही में 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए हमसे भीख मांग रहा था? अब्दुल्ला को 370 के बारे में पता था। फिर भी हमें पीएसए सहित आठ महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया और आप आज़ाद थे, पांच अगस्त के बाद जम्मू-कश्मीर में एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री आज़ाद थे।